सूर्योदय 6:34 सूर्यास्त 6:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.6 न्यू | 21.3 अधि |
| धर्मशाला | 5.3 न्यू | 19.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74102.32 |
| निफ्टी | 22497.90 |
| सोना | 87,490 |
| चांदी | 1,00,439 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में पांचवें स्थान पर

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 12 मार्च 2025 | 29 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 73, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


# राजस्व अनुदान घाटे पर सदन में हंगामा

## भवानी पठानिया के आरोपों पर नेता प्रतिपक्ष जयराम हुए तल्ख, बोले- यह सरकार की नालायकी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**


**हिमाचल** विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो गई है। इस दौरान सत्तापक्ष व विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सत्तापक्ष की ओर से सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने मोर्चा संभाला, जबकि विपक्ष की तरफ से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार ने पलटवार किया।

सदन में शोकोद्गार के बाद राज्यपाल के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए सरकार की तरफ से राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने राजस्व घाटा अनुदान पर बात रखी, जिस पर सदन का माहौल गरमा गया। भवानी सिंह पठानिया ने सदन में जानकारी दी कि राजस्व घाटा अनुदान की राशि घटाई गई है। इसके लिए पूर्व जयराम सरकार की दोषपूर्ण नीतियां शामिल रही हैं।

**पठानिया ने कहा- राजस्व अदालतों में किया सुधार**

जयराम सरकार केंद्र सरकार के समक्ष अपनी बात को मजबूती से नहीं रख पाई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जो भी राशि जारी करती है, वह सरकार प्रायोजित उपक्रम के लिए देय राशि होती है और राज्यों का बराबर का हक रहता है, उसे कोई भी नहीं रोक सकता। पठानिया ने कहा कि राजस्व अदालतों में सुधार लाया गया है। राजस्व से संबंधित शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करवाई गई है। वहीं, राजस्व घाटा अनुदान पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की अपनी गलत नीतियों की वजह से ही उन्हें ये दिन देखने पड़ रहे हैं, जिसके लिए भाजपा को दोषी न ठहराया जाए। प्रदेश को कांग्रेस सरकार की नालायकी ले डूबी है। (अनंत ज्ञान)

बजट सत्र का दूसरा दिन



### 17053 करोड़ 78 लाख का अनुपूरक बजट पारित

**शिमला।** हिमाचल विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 17053 करोड़ 78 लाख रुपए का अनुपूरक बजट पारित किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में अनुपूरक बजट की पहली और अंतिम किस्त पेश की, जिसे सदन ने बिना चर्चा के ही ध्वनिमत से पारित कर दिया।

इसके साथ ही सदन ने हिमाचल विनियोग विधेयक 2025 को भी मंजूरी दे दी। अब सरकार को इस बजट राशि को विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों पर खर्च करने की अनुमति मिल गई है यानी वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट 17053 करोड़ 78 लाख बढ़ गया है, जो पिछली बार 58444 करोड़ रुपए पारित किया था। सुक्खू ने 17 फरवरी 2024 को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 58444 करोड़ का बजट पेश किया था। सीएम ने सदन को बताया कि 17053 करोड़ 78 लाख के अनुपूरक बजट में से 15776 करोड़ 19 लाख रुपए राज्य योजनाओं के लिए और 1277 करोड़ 59 लाख रुपए केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए प्रावधानित किए गए हैं। यह बजट मुख्य रूप से वेज एंड मींस, ओवरड्राफ्ट, विकास योजनाओं, आपदा राहत, विद्युत उत्पादन, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य योजनाओं के तहत 10137 करोड़ 7 लाख रुपए वेज एंड मींस और ओवरड्राफ्ट के लिए प्रावधानित किए गए हैं। इसके अलावा, 1033 करोड़ 63 लाख रुपए विद्युत उत्पादन, क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों की मरम्मत और विभिन्न विद्युत कंपनियों को ऋण के लिए आवंटित किए गए हैं। 814 करोड़ 94 लाख रुपए हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) को यात्रियों को दी जाने वाली किराया छूट और ई-बसों की खरीद के लिए आवंटित किए हैं। पेंशन और सेवानिवृत्त लाभ के लिए 763 करोड़ 26 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है।

**हिमाचल विनियोग विधेयक 2025 को मंजूरी**

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया

**पठानिया** ने किसानों-बागवानों के कल्याण पर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। किसानों-बागवानों के कल्याण के लिए कार्य करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया है। किसानों से मक्की 30 और गेहूं 40 रुपए किलो न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। सेब अब यूनिवर्सल कार्टन में बेचा जा रहा है, जिससे बागवान शोषण से बचे हैं और उनको आर्थिक फायदा मिला है। पठानिया ने कहा कि अनाथ बच्चों व एकल नारी कल्याण के लिए जमीनी स्तर पर काम हो रहा है। सरकार अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों का कल्याण सुनिश्चित कर रही है। गरीब व्यक्ति को मुफ्त में बिजली मिल रही है और साधन संपन्न लोगों ने सब्सिडी छोड़ दी है, जिससे बिजली बोर्ड का कमजोर अर्थव्यवस्था का आर्थिक ढांचा सुधरने लगा है।

### केंद्र से आपदा के लिए नहीं मिला पैसा

भवानी सिंह पठानिया ने राज्य की आपदा को लेकर कहा कि प्रदेश में सदी की सबसे बड़ी आपदा आई थी, लेकिन केंद्र सरकार की तरफ से एक भी रुपया नहीं मिला, जबकि केंद्र की एक टीम ने 1000 करोड़ रुपए के नुकसान का आकलन किया था, फिर भी बजट में आपदा राशि के तौर पर 4500 करोड़ रुपए का ही प्रावधान किया।

बड़ा फैसला

### सेल्फ डिक्लेरेशन दे सकेंगे युवा, पटवारी-कानूनगो हड़ताल का नहीं पड़ेगा असर

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने नौकरियों के लिए फॉर्म भरने वाले युवाओं को बड़ी राहत दी है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा में जानकारी दी कि कानूनगो-पटवारी की हड़ताल के कारण फॉर्म भरने में दिक्कत नहीं आएगी। अभ्यर्थी राज्य की नौकरियों में प्रमाण पत्र के लिए सेल्फ डिक्लेरेशन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पटवारी और कानूनगो की हड़ताल के चलते अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र नहीं बन रहे हैं।

### पटवारी-कानूनगो की मांगों पर करेंगे चर्चा

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि अन्य राज्यों की नौकरियों के लिए फॉर्म भरने को युवाओं को एडसीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार प्रमाण पत्र जारी करेंगे। कैबिनेट बैठक में मंजूरी के बाद इसकी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। वहीं, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी विधानसभा में पटवारी-कानूनगो संगठन के साथ उनकी मांगों पर चर्चा करेंगे। इस दौरान महासंघ की मांगों पर मंथन किया जाएगा।

### व्यवस्था परिवर्तन नहीं, हर तरफ व्यवस्था पतन के नजारे दिखा रही है सरकार : जयराम



**शिमला।** विधानसभा सत्र के बाद जयराम ठाकुर ने कहा कि आज प्रदेश पर जितना भी कर्ज है, उसका एक तिहाई हिस्सा सुक्खू सरकार ने मात्र दो साल के अंदर लिया है। सरकार की दूसरी उपलब्धि हर जगह सरकार की बंदी, तालाबाजी और व्यवस्था पतन है। प्रदेश में हर तरफ अराजकता और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। कोई भी मुख्यमंत्री के नाम पर पैसे वसूलने की बात कर रहा है और सरकार चुपचाप बैठी है। मुख्यमंत्री हंसते-हंसते दो साल निकाल चुके हैं। अब वह गंभीर हो जाएं, तो प्रदेश पर बहुत बड़ी मेहरबानी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार व्यवस्था परिवर्तन नहीं, हर तरफ व्यवस्था पतन के नजारे दिखा रही है। सरकार कह रही है कि छह गारंटियां पूरी हो गई हैं, लेकिन सच में एक भी पूरी नहीं हुई। सीएम सुक्खू को झूठ नहीं बोलना पड़ता। सिर्फ कुर्सी के लिए एक किस्त जारी करके कह रहे हैं कि गारंटियां पूरी कर दी हैं। राजीव गांधी स्टार्टअप में दो करोड़ देकर काम पूरा कर लिया।

## न्यूज शॉर्ट्स

### लैंड फॉर जॉब स्कैम में तेजप्रताप-हेमा को जमानत

**नई दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब केस में मंगलवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट से राजद नेता और लालू यादव के बेटे तेज प्रताप को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी है। इसके अलावा हेमा यादव और अन्य आरोपियों को भी जमानत मिली है। कोर्ट ने आरोपियों को 50 हजार रुपए मुचलके और इतनी ही राशि के एक सिक्योरिटी बांड के साथ राहत दी है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने तेज प्रताप यादव और बेटी हेमा यादव को तलब किया था। भ्रष्टाचार के इस मामले में सीबीआई ने 78 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

### महिला प्रधान ने एनओसी के लिए मांगी 5000 की रिश्वत

**सरकाघाट।** मंडी की भांबला पंचायत की महिला प्रधान ने उत्तर प्रदेश के मेघराज से फूड लाइसेंस के लिए एनओसी जारी करने के बदले में पांच हजार रुपए की रिश्वत मांगी। दोनों के बीच हुई बातचीत की ऑडियो वायरल हो गई है। ऑडियो में पंचायत प्रधान कह रही हैं कि पांच हजार दो और एनओसी ले जाओ। ऑडियो रिकॉर्डिंग का पता लगने पर पंचायत प्रधान ने कुछ लोगों के साथ मिलकर पीड़ित मेघराज से मारपीट भी की और ऑडियो डिलीट करवा दी। एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने जांच के आदेश दे दिए हैं। वहीं, पंचायत प्रधान ने आरोप नकार दिए हैं।

### खेल मंत्रालय ने हटाया डब्ल्यूएफआई पर निलंबन

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर लगाया गया निलंबन हटा दिया है, जिससे खेल में कई महीनों से बनी अनिश्चितता समाप्त हो गई है। अब विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन व अम्मान में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल का रास्ता साफ हो गया है। मंत्रालय ने संचालन संबंधी गतिविधियों में खामियों के कारण 24 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। नई संस्था का गठन 21 दिसंबर को हुआ था।

### फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते को पुलिस ने राजधानी मनीला के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया है। दुतेर्ते के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने वारंट जारी किया था, उन पर मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप लगे हैं।



दुतेर्ते को हांगकांग से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया। दुतेर्ते के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान अवैध नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान के नाम पर हजारों लोगों की हत्याएं हुई थीं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- 11वीं के हिंदी पेपर में 8 अंकों के प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस -पेज 3
- जानलेवा मारपीट के दोषियों को 3 वर्ष का कठोर कारावास -पेज 9
- बैक्टीरियल इंफेक्शन की चपेट में आए लोग -पेज 12
- देश में सैटेलाइट से इंटरनेट मिलेगा स्पेसएक्स और एयरटेल में करार -पेज 13
- भारतीय क्रिकेटर चुपचाप लौटे स्वदेश आईपीएल से पहले मिलेगा आराम -पेज 14


# पीएम मोदी को मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान

## राष्ट्रपति धरम गोखुल को भेंट किया गंगाजल, बोले- यहां से होली के रंग लेकर जाऊंगा

**एजेंसी, पोर्ट लुईस**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी दो दिन के मॉरीशस दौरे पर हैं। मंगलवार को मॉरीशस पहुंचने पर मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल से मुलाकात की और उन्हें महाकुंभ का गंगाजल उपहार स्वरूप भेंट किया।

वहीं, मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपने सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें मॉरीशस आकर बहुत अच्छा लगा और यहां से होली के रंग लेकर जाएंगे। इससे पहले मॉरीशस पहुंचने पर पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से होटल पहुंचे, जहां भारतीय प्रवासियों ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ उनका स्वागत किया और तिरंगे लहराए। मोदी के स्वागत में मॉरीशस की महिलाओं ने पारंपरिक बिहारी गीत 'गवई' गाया। पीएम मोदी बुधवार को मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल होंगे।

# पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक, मुठभेड़ में 11 सैनिकों की मौत

## बलूच आर्मी का दावा-182 यात्री बनाए बंधक, कहा- एक्शन लिया तो बंधक मारे जाएंगे

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को एक पैसेंजर ट्रेन को हाईजैक कर लिया। दावा किया कि 182 यात्रियों को बंधक बना लिया है। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर पेहरो कुनरी और गदलार के बीच भारी गोलीबारी की खबरें हैं। वहीं, मुठभेड़ में 11 सैनिकों की मौत हो गई है। हमले के बाद इलाके व क्वेटा के सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी लागू कर दी है। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक, ट्रेन में 9 कोच थे, जिनमें कम से कम 500 यात्री सवार थे। इसे हथियारबंद लोगों ने टनल नंबर-8 पर रोक लिया। सरकार यात्रियों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। मौके पर अफसरों को पहुंचने में मुश्किल आ रही है, क्योंकि यह इलाका उबड़-खाबड़ है। बीएलए ने एक बयान में कहा कि उनके लड़ाकों ने ट्रेन पर कब्जा कर लिया और 182 यात्रियों को बंधक बना लिया। बंधकों में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस, पाकिस्तानी सेना, पुलिस और एंटी-टेररिज्म फोर्स के जवान एवं कर्मी शामिल हैं।



# दिव्यांग कैदियों की सुविधाओं पर केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने जेलों में दिव्यांग कैदियों के लिए उचित सुविधाओं की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

**सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस, चार हफ्ते में जवाब देने को कहा**

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता सत्यन नरवूर की याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब देने का निर्देश दिया है। बता दें कि याचिका में प्रोफेसर जीएन साईबाबा और कार्यकर्ता स्टेन स्वामी जैसे मामलों का हवाला देते हुए याचिका में दिव्यांग कैदियों की अनदेखी की ओर ध्यान दिलाया गया। इस याचिका में राइट्स ऑफ पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज एक्ट, 2016 को जेलों में लागू करने की मांग की गई। इसके साथ जेल एक्ट में संशोधन कर दिव्यांग कैदियों की जरूरतों को शामिल करने का अनुरोध किया गया।

# पिता से बहस के बाद फोन पटककर आत्महत्या के लिए पांचवीं मंजिल पर चढ़ गई लड़की

## हरोली में हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद युवाओं ने उतारा सुरक्षित

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

**विधानसभा** हरोली के तहत एक गांव में मंगलवार को लड़की के हाई वोल्टेज ड्रामे से हड़कंप मच गया। लड़की ने आत्महत्या की धमकी देते हुए 5 मंजिला इमारत की छत पर चढ़कर सनसनी फैला दी। वहां मौजूद युवाओं ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया। सुबह करीब 11 बजे लड़की गांव में बस से उतरी, तो उस दौरान उसका पिता भी वहां पहुंच गया। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई, लेकिन बहस में बदल गई।

**एक माह से नहीं जा रही थी कॉलेज**

लड़की ने गुस्से में अपना मोबाइल दीवार पर दे मारा और सीधे पास की एक 5 मंजिला इमारत की छत पर चढ़ गई। घटनास्थल पर मौजूद युवाओं ने तुरंत लड़की को पकड़कर नीचे उतारा और उसे उसके परिजनों के हवाले कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पंडोगा पुलिस चौकी से कर्मी मौके पर पहुंचे और लड़की के पिता व अन्य मौजूद लोगों से बातचीत कर यथास्थिति का जायजा लिया। सूत्रों के मुताबिक, लड़की पिछले कुछ महीनों से कॉलेज नहीं जा रही थी। बताया जा रहा है कि उसका मानसिक समस्या का इलाज चल रहा है। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि लड़की लंबे समय से कॉलेज से अनुपस्थित है। (अनंत ज्ञान)

# राज्यसभा में खड़गे के 'ठोकेंगे' शब्द पर भारी हंगामा, मांगी माफी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**बजट** सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 'ठोकेंगे' वाले बयान पर हंगामा हुआ। दरअसल, डिप्टी चेयरमैन ने दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, लेकिन खड़गे बीच में अपनी बात रखने लगे।

इस पर डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने उन्हें टोका और कहा कि आप सुबह बोल चुके हैं। खड़गे ने कहा कि वह तो बोलेंगे ही, लेकिन आपको क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे, सरकार को भी ठोकेंगे। इस बयान पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि नेता विपक्ष की ओर से आसन के लिए इस तरह की भाषा किसी भी रूप में स्वीकार नहीं है, माफी मांगनी चाहिए। इसके बाद खड़गे ने सदन में खड़े होकर कहा कि मैंने आसन के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। मेरी बातों से ठेस पहुंची है, तो मैं इसके लिए माफी मांगता हूं।



**उम्मीद** वैक्सीन और सीरम उत्पादों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित होगी, कमियां दुरुस्त कर भेजी रिपोर्ट

# कसौली में फिर शुरू होगी गुड्स मैन्युफैक्चरिंग लैब

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**केंद्रीय** अनुसंधान संस्थान (सीआरआई) कसौली में फिर से गुड्स मैन्युफैक्चरिंग लैब शुरू होगी। लैब में सही पैरामीटर पर वैक्सीन और एंटी सीरम वर्तमान स्थिति के अनुसार तैयार होगा।

डब्ल्यूएचओ के मापदंडों के मुताबिक, वैक्सीन और सीरम उत्पादों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। संस्थान ने लैब में रह गई कमियों को दुरुस्त कर स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार को दस्तावेज भेज दिए हैं। उम्मीद है कि लैब में इसी साल कार्य शुरू हो जाएगा। अनुमति के बाद लैब को आरएंडटी विंग परिसर में तैयार किया जाएगा। बता दें कि कसौली स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान में नई करंट गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज (जीएमपी) लैब में विनिर्माण गतिविधियों पर रोक लग गई थी। गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस एक गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली और दिशा-निर्देशों का समूह है, जिसका उपयोग विनिर्माण प्रयोगशालाएं अपने उत्पादों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए करती हैं, जो सभी खाद्य और दवा उत्पादों के उत्पादन और व्यावसायीकरण की देखरेख करता है।





अनंत ज्ञान स्पैशल

संस्थान ने लैब की अनुमति के लिए आवेदन कर दिया है। केंद्रीय अनुसंधान संस्थान कसौली 118 वर्षों से विभिन्न प्रकार की वैक्सीन व एंटी सीरम का उत्पादन कर रहा है। दवाओं के उत्पादन से करोड़ों मरीजों की जिंदगियां बचा चुका है। हालांकि, कई महत्वपूर्ण वैक्सीन का उत्पादन बंद है। डीपीटी वर्ग की वैक्सीन के उत्पादन के लिए सीजीएमपी अनुरूप सुविधा तैयार की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### 2016 में नड्डा ने किया था उद्घाटन

**लैब** का उद्घाटन 24 अप्रैल, 2016 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने किया था। इस लैब पर 54 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। देश में सार्वजनिक क्षेत्र में स्थापित पहली जीएमपी प्रयोगशाला होने के नाते, इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के सी-जीएमपी मानदंडों का पालन करते हुए डीपीटी टीकों का निर्माण करना था, लेकिन कुछ खामियां रह गई थी। अब इन कमियों को सही किया गया है।

# पूरी पेंशन बहाल करने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की जरूरत : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, शिमला**

**हिमाचल** हाईकोर्ट ने कम्यूटेशन के कारण कम हुई पेंशन को 15 साल से पहले चुकाने पर पूरी पेंशन बहाल करने की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किए जाने की आवश्यकता बताई है।

न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं के तीन प्रतिनिधियों को महाधिवक्ता कार्यालय में 17 मार्च को बैठक आयोजित करने के आदेश जारी किए। कोर्ट ने महाधिवक्ता को प्रार्थियों की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट की एकल पीठ ने ऐसे ही एक मुद्दे को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारी की ओर से पूरी पेंशन की बहाली के आदेशों की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था। इस मामले में याचिकाकर्ता का कहना था कि उसने पेंशन का कम्यूटेड मूल्य ब्याज सहित 135 किस्तों में वापस कर दिया था, इसलिए उसे पूरी पेंशन जारी की जानी चाहिए। प्रार्थी सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर 28 फरवरी, 2013 को मुख्य आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के रूप में सेवा से सेवानिवृत्त हुआ था। सेवानिवृत्ति पर याचिकाकर्ता ने अपनी पेंशन का 40 फीसदी कम्यूटेशन का विकल्प चुना। प्रधान महालेखाकार ने 20 फरवरी, 2013 और 31 दिसंबर, 2013 के कम्यूटेशन भुगतान आदेशों के माध्यम से याचिकाकर्ता के पक्ष में पेंशन के कम्यूटेड मूल्य के भुगतान को अधिकृत किया।

**याचिकाकर्ताओं के प्रतिनिधियों को दिए बैठक करने के आदेश**

कर्मचारियों को बड़ी राहत

### अनुबंध सेवाकाल के वरिष्ठता लाभ पर वित्तीय रिकवरी की अधिसूचना पर लगाई रोक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार की ओर से अनुबंध सेवाकाल के वरिष्ठता लाभ लेने वाले कर्मचारियों से वित्तीय रिकवरी करने के आदेश पर रोक लगा दी है। यह मामला मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए पेश हुआ, जहां न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने कर्मचारियों को राहत देते हुए सरकार की अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगा दी।

## न्यूज ब्रीफ

### चैत्र मेलों को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर जारी

**एसके ठाकुर, बड़सर।** विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर में 14 मार्च से शुरू होने वाले मेलों की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर न्यास अध्यक्ष एवं बड़सर एसडीएम राजेंद्र गौतम स्वयं मंदिर में तैयारी का जायजा ले रहे हैं। अपर बाजार से गुफा तक जाने के लिए अलग रास्ते की व्यवस्था की जा रही है, जहां से श्रद्धालु सुगमता से बाबा के दर्शन कर सकेंगे व अपर बाजार की ओर से बकरा स्थल के पास भीड़ जमा नहीं होगी। मंदिर परिसर में रंग रोगन का कार्य भी पूरे जोर-शोर से चला हुआ है। मंदिर परिसर के पास अग्निकांड की घटना से निपटने के लिए नई फायर हाइड्रेंट लाइन बिछाई जा रही है, जो बकरा स्थल से लेकर मंदिर परिसर तक जा रही है। पहाड़ियों से पत्थर गिरने की आशंका को लेकर जालियों की मरम्मत करवा दी गई है। यह पहला मौका है जब बाबा की नगरी को भगवा रंग में रंगने का मौका मिलेगा। मंदिर परिसर को भगवा रंग से पेंट किया जा रहा है। लाइनों में खड़े श्रद्धालु बाबा की गुफा की लाइव तस्वीर देख सकेंगे जिसके लिए 6 स्क्रीनें लगाई गईं हैं। न्यास अध्यक्ष ने कहा कि 14 मार्च को मेलों का आगाज होगा व हमीरपुर के डीसी अमरजीत सिंह सुबह 11 बजे झंडा रसम अदा करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### शुक्र खड्ड के पुल पर मिला अधेड़ का शव

**संजीव कुमार, भोटा।** बड़सर क्षेत्र की शुक्र खड्ड पुल पर मंगलवार सुबह पांच बजे पुलिस को एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान अरुण कुमार पुत्र धनीराम उम्र 45 वर्ष निवासी गांव तलासी डाकघर किरवीं तहसील व जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को अरुण कुमार की वीडियो कॉल पर अपनी पत्नी से भी बातचीत हुई है और देर रात तक घर वापस आने की बात कही। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेज दिया है। पुलिस चौकी भोटा के प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह का पता चल पाएगा। उन्होंने बताया कि इस मामले की छानबीन जारी है। (अनंत ज्ञान)

### बैहरड़ कृषि सहकारी सभा का अधिवेशन 21 को

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** द बैहरड़ कृषि सेवा सहकारी सभा का वार्षिक अधिवेशन 21 मार्च को सुबह 11 बजे सभा के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। सभा के सचिव रवि दत्त शर्मा ने बताया कि अधिवेशन की अध्यक्षता राज कुमार उपप्रधान रवि दत्त करेंगे। रवि दत्त शर्मा ने सभी सदस्यों से अधिवेशन में समय पर पहुंचने का आग्रह किया है ताकि इस वार्षिक अधिवेशन में सहकारी सभा के सभी कार्यों की चर्चा समय पर हो।

### भोटा कॉलेज के विभिन्न मुद्दों पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में पीटीए की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कॉलेज प्राचार्य, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता राज कुमार उपप्रधान, पीटीए ने किया। बैठक के दौरान अभिभावकों और प्राध्यापकों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें बच्चों के लिए कैंटीन सुविधा, छात्रवृत्ति, क्रिकेट प्रतियोगिता आदि मुद्दे शामिल रहे। क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए पीटीए उपप्रधान ने पीटीए फंड से 70000 रुपए देने की घोषणा की और इसके अलावा कॉलेज के लिए एक लाउड स्पीकर खरीदने की स्वीकृति भी प्रदान की। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजकुमार तथा कॉलेज का संपूर्ण स्टॉफ उपस्थित रहा।

### मटाहनी में छिंज 16 को, विजेता को मिलेंगे 21 हजार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ब्यूहली पंचायत में छिंज का आयोजन 16 मार्च को हनुमान अखाड़ा गांव मटाहनी में किया जाएगा, जिसमें सभी पहलवान भाग ले सकते हैं। छिंज में भाग लेने वाले पहलवान 1 बजे तक अपना पंजीकरण करवाएं। इस छिंज में माली जीतने वाले विजेता पहलवान को 21,000 रुपए नगद इनाम एवं सुनहरी गुर्ज और दूसरे स्थान पर रहने वाले पहलवान को 15000 रुपए की राशि इनाम स्वरूप दी जाएगी। ये जानकारी छिंज कमेटी के कोषाध्यक्ष रामकुमार ने दी। (अनंत ज्ञान)

### बैंड-बाजे के साथ द्वारका शहर में निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल गोसेवा समिति हमीरपुर द्वारा मंगलवार को द्वारका धाम गुजरात में सात दिन तक चलने वाले सनातन धर्म का प्रचार और गोमाता की सेवा पर एक कार्य शिविर देवी भवन में विधि-विधान के साथ शुरू हो गया है। सर्व प्रथम कमेटी के सभी सदस्यों ने द्वारिकाधीश से कार्यक्रम को सफल बनाने की प्रार्थना की उसके बाद पूरे हिमाचली परिवेश में बैंड बाजे के साथ द्वारका शहर में शोभायात्रा निकाली गई जिसका शहर वासियों ने भव्य स्वागत किया।

### नगर परिषद नादौन ने लगाया समाधान शिविर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नगर परिषद नादौन ने नादौन शहर के वार्ड नं. 3 सेरी में समाधान शिविर लगाया गया। इसमें नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा कुछ समस्याओं का मौका पर ही निपटारा किया, जबकि शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को तीन दिनों के भीतर समाधान किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर परिषद के सचिव रमन शर्मा, नगर परिषद के पार्षद एवं पूर्व प्रधान तरुण कपिल,पूर्व पार्षद बलदेव चौधरी, रिटायर्ड प्रिंसिपल विजय चौधरी, जेई अंशुल कुमार, सेनेटरी सुपरवाइजर अक्षित सोनी, निशांत कुमार आदि उपस्थित रहे। समाधान शिविर में लोगों ने पानी की समस्या के अलावा स्ट्रीट लाइट्स, सफाई व्यवस्था, अड्डल पार्किंग व नालियों की नियमित सफाई न होने आदि समस्याएं उठाईं, कुछ लोगों ने आवारा पशुओं से हो रही परेशानी से भी नगर परिषद को अवगत करवाया।

### नौहंगी में लखदाता छिंज में निखिल बने विजेता

**सुनील कुमार, हमीरपुर।** नादौन उपमंडल के अंतर्गत नौहंगी पंचायत में लखदाता छिंज प्रतियोगिता का आयोजन कमेटी द्वारा किया गया। कमेटी के प्रधान हंसराज कटवाल ने बताया कि इस कुश्ती प्रतियोगिता में जिला व प्रदेश के बाहर के पहलवानों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह में कथा वाचक पंडित अंकुश शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कुश्ती प्रतियोगिता में विजेता पहलवान निखिल खन्ना को 11000 रुपए और गुर्ज तथा उपविजेता पहलवान दीपू दीनानगर को 8100 रुपए नकद इनाम व गागर देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कमेटी सदस्य विनोद कुमार प्यार चंद ठाकुर, हरविंदर कुमार व हिंद संग्राम परिषद इकाई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### महिलाओं को सिखाई अचार व चटनी बनाने की विधि

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** फल विधायन केंद्र टौणी देवी में पंचायत बारीं की महिलाओं को अचार, चटनी बनाने की विधि सिखाई गई। इसमें ग्राम पंचायत बारीं की लगभग दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। फल विधायन केंद्र टौणी देवी के विपिन कुमार ने महिलाओं को आंवला की चटनी के साथ ही गाजर, गोभी और मूली का आचार बनाने की विधि भी विस्तार से सिखाई। उन्होंने बताया कि कम खर्च पर आचार और चटनी बनाई जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

## हमारी समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है सुजानपुर का राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव

# मुख्यमंत्री आज करेंगे राष्ट्र स्तरीय होली मेले का शुभारंभ

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में होली के उत्सव की चर्चा हो और उसमें सुजानपुर का जिक्र न आए, ऐसा कभी भी नहीं हो सकता। कभी कटोच वंश के महाराजा संसार चंद की राजधानी रहे सुजानपुर कस्बे में आज भी होली की प्राचीन परंपराओं की एक गहरी एवं अमिट छाप देखने को मिलती है। हर वर्ष फाल्गुन में यहां के प्राचीन मंदिरों एवं धरोहरों, विशाल चौगान, गलियों और चौराहों में होली के अदभुत रंगों के दीदार होते हैं। बसंत के आगमन के साथ ही फाल्गुन माह में मनाया जाने वाला रंगों का उत्सव होली प्रकृति के साथ-साथ हमारे जीवन में भी एक नई उमंग, उत्साह और तरंग लेकर आता है। चारों ओर अबीर-गुलाल के रंगों और मस्ती से सराबोर करने वाले इस उत्सव का सभी लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है और इस रंग-बिरंगी होली की यह परंपरा दशकों या सदियों से नहीं, बल्कि युगों-युगों से चली आ रही है।

हमारे खूबसूरत प्रदेश हिमाचल में भी होली मनाने की बहुत ही प्राचीन परंपरा रही है और इस परंपरा एवं हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सबसे बड़ा प्रतीक है। हमीरपुर जिले की ऐतिहासिक नगरी सुजानपुर का राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव। सुजानपुर टीहरा जिला हमीरपुर का सबसे सुंदर एवं आकर्षक स्थल भी है और यहां पर बनाया गया चौगान सुजानपुर की खूबसूरती को चार चांद लगाता है।

बता दें कि इस नगर की स्थापना का कार्य लगभग 1761 ईस्वी में कटोच वंश के राजा घमंड चंद ने शुरू किया था। मगर इसको पूर्ण करने और इसे उस समय की बहुत वैभवशाली नगरी बनाने का श्रेय राजा घमंड चंद के पोते महाराजा संसार चंद को ही जाता है। वर्ष 1775 ईस्वी से 1823 ईस्वी तक के अपने शासनकाल के दौरान महाराजा संसार चंद ने सुजानपुर टीहरा में अनेक भव्य भवनों एवं मंदिरों का निर्माण करवाया। वह बहुत ही कलाप्रेमी और प्रतापी राजा थे। कांगड़ा चित्रकला शैली भी उनके शासनकाल में काफी फली-फूली। सुजानपुर के सुंदर मंदिरों विशेषकर नर्वदेश्वर मंदिर की दीवारों पर कांगड़ा कलम के बहुत ही मनोहारी चित्र इसके साक्षी हैं। सुजानपुर का चौगान मैदान आज भी इस कस्बे की शान है और इसी चौगान में ही प्रतिवर्ष होली उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

मैदान के एक कोने पर महाराजा संसार चंद ने वर्ष 1785 में शिखर शैली में मुरली मनोहर मंदिर का निर्माण करवाया था। इसी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद महाराजा संसार चंद अपनी प्रजा के साथ होली मनाते थे और आज भी यह प्रथा चली आ रही है। हर वर्ष मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद राष्ट्र स्तरीय मेले का शुभारंभ किया जाता है। पहले यह मेला तीन दिन का होता था, लेकिन राष्ट्र स्तरीय महोत्सव का दर्जा मिलने के बाद अब यह मेला चार दिन तक आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी यह उत्सव 12 से 15 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। (अनंत ज्ञान)



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सिलाई अध्यापिकाएं मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले हिमाचल नृत्य की तैयारी करती हुई। (छाया : सुनील कुमार)

### नई उमंग और तरंग लेकर आएगा उत्सव

इस उत्सव में होली की समृद्ध परंपराओं के निर्वहन के साथ-साथ सांस्कृतिक संध्याओं, प्रदर्शनियों, भव्य झांकियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं और कई अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है। ऐतिहासिक नगरी सुजानपुर की फिजाओं में होली के खूबसूरत रंग बिखरने शुरू हो गए हैं और इस बार भी यह उत्सव सुजानपुर में एक नई उमंग और तरंग लेकर आ रहा है।

## 'होली के रंगों का यही है इशारा नशा मुक्त हो प्रदेश हमारा'

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर-2025 के चारों दिन कई प्रतियोगिताओं के आयोजन के माध्यम से नशा निवारण का संदेश दिया जाएगा। 'होली के रंगों का यही है इशारा, नशा मुक्त हो प्रदेश हमारा' थीम के साथ आयोजित की जाने वाली इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक महिलाओं और बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी तथा विजेताओं के लिए आकर्षक इनाम दिए जाएंगे।

प्रतियोगिताओं के आयोजन के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और आयोजन समिति के गैर सरकारी सदस्यों के साथ बैठक के दौरान एसडीएम एवं मेला अधिकारी संजीत सिंह ने बताया कि उत्सव के पहले दिन 12 मार्च को महिलाओं और बच्चों के लिए मेहंदी प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, लैमन रेस और कप रेस तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए 100 मीटर दौड़ आयोजित की जाएगी। 13 मार्च को महिलाओं और बच्चों के लिए रस्साकशी, थ्री-लैग रेस, मटका फोड़ प्रतियोगिता और पेपर डांस तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए अंताक्षरी आयोजित की जाएगी। 14 मार्च को महिलाओं और बच्चों के लिए पेंटिंग, रंगोली, कप स्ट्रा-बॉल गेम और बिस्कुट स्लाइडिंग गेम तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए आइडेंटिफाई ट्यून्स प्रतियोगिता होगी। 15 मार्च को महिलाओं और बच्चों के लिए रिंग टॉस गेम, बैलून कप गेम, डॉज बॉल और बैलून स्ट्रा गेम्स तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैलून रेस करवाई जाएगी। एसडीएम ने बताया कि रस्साकशी प्रतियोगिता की विजेता टीम को 31 हजार रुपए और उपविजेता को 21 हजार रुपए इनाम दिया जाएगा, जबकि, अन्य प्रतियोगिताओं में पहले तीन स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 3100, 2100 और 1100 रुपए की राशि दी जाएगी।

## डोली में बस स्टैंड बनाने के विरोध में उतरे दुकानदार

### आज 12 बजे तक बंद रखेंगे दुकानें; एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, सीएम के समक्ष आज रखेंगे मांग

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के डोली वार्ड में प्रस्तावित बस स्टैंड का स्थानीय दुकानदारों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। मुख्य बस स्टैंड सुजानपुर में मंगलवार को सैकड़ों व्यापारी इकट्ठा हुए तथा डोली में बनने वाले बस स्टैंड के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की अगुवाई में व्यापारियों ने सुजानपुर बाजार में रोष रैली निकाली। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड के शिफ्ट करने के किसी भी प्रयास का विरोध किया जाएगा।

इस अवसर पर व्यापारियों ने प्रस्तावित नए बस स्टैंड के विरोध में नारेबाजी भी की। उन्होंने कहा कि बुधवार को सुजानपुर के व्यापारी 12 बजे तक नए प्रस्तावित बस अड्डे के विरोध में अपनी दुकान बंद रखेंगे। उन्होंने कहा कि बुधवार को होली मेला के शुभारंभ के दौरान बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी बस अड्डा न शिफ्ट करने बारे ज्ञापन भी दिया जाएगा।



एसडीएम संजीत को नए बस स्टैंड को लेकर ज्ञापन सौंपते दुकानदार व स्थानीय व्यापारी।

**बोले-प्राइमरी स्कूल के पास चयनित जगह पर ही बनाएं बस स्टैंड**

व्यापारियों ने बस अड्डा शिफ्ट न करने के प्रयासों का विरोध किया तथा कहा कि प्रशासन द्वारा पहले प्राइमरी स्कूल की जमीन पर बस अड्डा बनाए जाने की योजना थी, अगर वहां पर बस अड्डा बनाया जाए तो किसी को कोई एतराज नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जहां अब बस अड्डा बनाए जाने की योजना है, वह शहर से काफी दूरी पर है।

प्रस्तावित बस स्टैंड सुजानपुर से 3 किलोमीटर की दूरी पर है तथा मेन रोड से भी लगभग 900 मीटर की दूरी पर है। जो भी व्यक्ति प्रस्तावित बस स्टैंड से में उतरेगा, उसे मुख्य शहर में आने के लिए उसे परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर स्थानीय व्यापारियों के अलावा बस यूनियन हमीरपुर के अध्यक्ष भीम सिंह रांगड़ा सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## चिट्टे और चरस रखने के दोषियों को तीन साल का कारावास और जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर के वरिष्ठ सत्र न्यायाधीश भुवनेश अवस्थी ने आरोपी दीपक सिंह वर्मा उर्फ दीपू पुत्र गुरदेव सिंह वर्मा निवासी गांव बटैल डाकघर भांवला तहसील बलद्वाड़ा, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश और भाग सिंह पुत्र देश राज गांव मूहाल, तहसील देहरा, जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश को दोषी करार देते हुए एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 के तहत अपराध के लिए प्रत्येक को 01 वर्ष का कारावास और 10,000 रुपए का जुर्माना, एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत अपराध के लिए प्रत्येक को 3 वर्ष का कारावास और 30,000 रुपए का जुर्माना तथा एनडीपीएस अधिनियम की धारा 29 के तहत अपराध के लिए प्रत्येक को 2 वर्ष का कारावास और 15,000 रुपए का जुर्माना सुनाया।

उपरोक्त जुर्माना अदा न करने पर एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 के तहत अपराध के लिए 1 माह की अतिरिक्त कारावास, एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत अपराध के लिए तीन माह और एनडीपीएस अधिनियम की धारा 29 के तहत अपराध के लिए 2 माह की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई है। मामले के संक्षिप्त तथ्य यह हैं कि 10.03.2022 को पुलिस गश्त पर थी और जब वे लगभग 3.30 बजे बाईपास रोड पक्का भरो पर पहुंचे, तो एक कार जिसका पंजीकरण नंबर एचपी 28 बी -6358 था, सड़क के किनारे खड़ी थी और उपरोक्त दो व्यक्ति कार में बैठे थे।

कार की तलाशी के दौरान, 94.82 ग्राम चरस और 21.76 ग्राम हेरोइन के साथ-साथ 20 रुपए, 10 रुपए के नोट और एक पांच रुपए का सिक्का और एल्युमीनियम रैप पेपर बरामद किया गया। नोटों और पांच रुपए के सिक्के में हेरोइन-चिट्टा भी था। मामले को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने 17 गवाहों की जांच की। मुकदमे का संचालन जिला न्यायवादी हमीरपुर संदीप अग्निहोत्री ने किया।

## विकास देखकर राणा व आशीष को बौखलाहट क्यों : सुमन भारती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कारोबारी से बने नेता जो सत्ता से दूर बैठे हैं, सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में काम कर रही ईमानदार सरकार को पचा नहीं पा रहे हैं और अपना कारोबार खत्म होता देख प्रदेश सरकार के ऊपर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। यह बात जिला हमीरपुर कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने कही।

सुमन भारती शर्मा ने कहा कि सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा और हमीरपुर सदर के विधायक आशीष शर्मा दोनों व्यापारी मानसिकता के लोग हैं जो मात्र अपने कारोबार को बढ़ाने के उद्देश्य से राजनीति में आए हैं, उनका जनता से कोई लेना-देना नहीं है। वह मात्र व्यापारिक हितों की लडाई लड़ते हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं को कहा कि उनको कभी अपने एसी कमरों से बाहर आकर जनता के बीच में जाकर देखना चाहिए कि आज हमीरपुर में किस प्रकार से विकास कार्य चल हुए हैं।

## शिक्षकों ने जानी बारीकियां

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के गौना करौर में स्थित जिला प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में पांच दिवसीय टीचर ट्रेनिंग कार्याशाला शुरू हुई है जिसमें जिले के टीचर भाग ले रहे हैं। कार्याशाला का शुभारंभ शिक्षा उपनिदेशक क्वालिटी कंट्रोल नवीन शर्मा द्वारा किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य टीजीटी और सीएंडवी अध्यापकों को डिजिटल शिक्षण तकनीकों में दक्ष बनाना है, जिससे वे आधुनिक शिक्षा पद्धति को प्रभावी और सुदृढ़ बना सकें।

इस उपलक्ष्य पर जिला शिक्षा उपनिदेशक क्वालिटी कंट्रोल नवीन शर्मा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला हमीरपुर के समस्त शिक्षकों को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करके शिक्षा के स्तर में प्रगति होगी और विद्यालयों में तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. अमित शर्मा, आचार्य नरेश मलोटिया व वोकेशनल ट्रेनर राकेश कुमार ने उपस्थित टीजीटी और सीएंडवी अध्यापकों को कंप्यूटर स्किल्स, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, गूगल सूट के विषय में जानकारी दी।

## जसकोट गांव के अभय बराड़ सेना में बने लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



नादौन विधानसभा के जसकोट गांव के अभय बराड़ एक वर्ष के कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन गए हैं। अभय बराड़ ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पहली से आठवीं तक सुंदरनगर और सुजानपुर टीहरा से प्राप्त की। नौंवी से जमा दो की शिक्षा सैनिक स्कूल सुजानपुर से प्राप्त की।

इसके बाद सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां से की। वर्ष 2023 में यूपीएससी की परीक्षा पास करने के पश्चात मार्च 2024 में उनका चयन ओटीए चेन्नई में हुआ। अभय बराड़ के पिता अमरीक सिंह बराड़ शिक्षा विभाग से प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं व माता कमलेश बराड़ टीजीटी साइंस के पद से सेवाएं दे रही हैं। भाई भी सिविल इंजीनियर है। अभय बराड़ की दादी स्व. राम प्यारी और दादा स्व जगत सिंह चाहते थे कि उनका पोता सेना में अधिकारी बने। अभय बराड़ चाहते थे कि दादा-दादी के जीवित रहते उनकी इच्छा को पूरी नहीं कर सके, लेकिन अब सेना में अधिकारी बनकर मेरी उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।

अभय बराड़ का कहना है कि कड़ी मेहनत में दादा व दादी, माता-पिता के अलावा अन्य परिजनों का पूरा सहयोग रहा है। अभय बराड़ ने युवाओं को संदेश दिया कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करनी है तो इसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

## आईटीआई हमीरपुर में साक्षात्कार 17 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

स्वराज इंजन लिमिटेड 17 मार्च को आईटीआई हमीरपुर में अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग एवं एसोसिएट ट्रेनिज के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित करने जा रही है। आईटीआई के प्रधानाचार्य सुभाष चंद शर्मा ने बताया कि इस भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों की आयु 18 से 26 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उम्मीदवार के 55 प्रतिशत से अधिक अंक होने चाहिएं तथा उन्होंने पूर्व में अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग नहीं की हो। स्वराज इंजन लिमिटेड या किसी अन्य स्वराज डिवीजन में कार्यरत रहे उम्मीदवार पात्र नहीं होंगे।

आईटीआई पास उम्मीदवार जो वर्तमान में डिप्लोमा कर रहे हैं, वे भी पात्र नहीं होंगे। उम्मीदवार के पास राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। 2017 से 2024 तक आईटीआई पास आउट छात्र ही आवेदन कर सकते हैं। सभी उम्मीदवारों को पासपोर्ट साइज फोटो और अपना बायोडाटा साथ लाना अनिवार्य होगा। इस भर्ती प्रक्रिया में उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन, टेक्निकल राउंड एवं मेडिकल चेकअप के माध्यम से चयनित किया जाएगा।

**अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग एवं एसोसिएट ट्रेनिज के होंगे इंटरव्यू**

आईटीआई अप्रेंटिसशिप के लिए कुल 300 पद उपलब्ध हैं, जिनमें 150 पुरुष और 150 महिला उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। आईटीआई अप्रेंटिसशिप के लिए आवश्यक ट्रेड्स में टर्नर, मशीनिस्ट, एमएमवी (मोटर मैकेनिक व्हीकल), मैकेनिक डीजल, मैकेनिक ट्रैक्टर एवं टूल एंड डाई मेकर शामिल हैं। अप्रेंटिसशिप के तहत चयनित उम्मीदवारों को 11,040 रुपए स्टाइपेंड दिया जाएगा, जिसमें ईएसआई और पीएफ लागू नहीं होंगे।

चयनित उम्मीदवारों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिसमें एक समय का भोजन एवं दो बार चाय-नाश्ता, सिलाई भत्ते सहित वर्दी, सेफ्टी शूज, दिवाली गिफ्ट, 2 लाख रुपए तक की दुर्घटना या मृत्यु कवरेज के साथ मेडिक्लेम पॉलिसी, ओएचसी सुविधा एवं एंबुलेंस की सुविधा शामिल है। इसके अलावा, एसोसिएट ट्रेनिज, फिक्स्ड टर्म रोजगार के लिए कुल 200 पद उपलब्ध हैं, जिनमें 150 पुरुष एवं 50 महिला उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। आवश्यक ट्रेड्स में टर्नर, मशीनिस्ट, एमएमवी, मैकेनिक डीजल, मैकेनिक ट्रैक्टर एवं टूल एंड डाई मेकर शामिल हैं। इस पद के लिए 14,534 रुपए वेतन दिया जाएगा, जिसमें ईएसआई एवं पीएफ लागू होगा।

चयनित उम्मीदवारों को भोजन, चाय-नाश्ता, गर्मी एवं सर्दी के लिए ड्रेस, सेफ्टी शूज, दिवाली गिफ्ट, एंबुलेंस सेवा, ईएसआई, पीएफ और बोनस जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इच्छुक उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं पहचान प्रमाण पत्रों की मूल एवं फोटो कॉपी, चार पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से लाना होगा।

## पदाधिकारी आते-जाते रहते, कार्यकर्ता के साथ कभी पूर्व नहीं लगता : धूमल



समीरपुर मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने धूमल का लिया आशीर्वाद।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में समीरपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष अभ्यवीर लवली ने पदाधिकारियों सहित समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर धूमल ने कहा कि अपने-अपने बूथ पर हम सबको मेहनत कर अपना बूथ मजबूत करना होगा। हम चाहे राष्ट्रीय नेता हों, चाहे प्रदेश स्तर के नेता हों या जिला या मंडल के नेता हों।

सबसे पहले हमें अपने-अपने बूथ पर बढ़त मिले, तभी हम संगठन के असली पदाधिकारी हैं। धूमल ने कहा कार्यकर्ता हमेशा रहता है और पदभार आते जाते रहते हैं। एक कार्यकरता ही होता है, जिसको कभी पूर्व नहीं लगता।

उन्होंने आए हुए पदाधिकारियों से कहा कि सभी एकजुट होकर तालमेल के साथ कार्य करें और जिस जिस को जो-जो जिम्मेदारी गई है दी गई है उसकी निष्ठा के साथ निभाएं। राकेश ठाकु के अलावा पूर्व विधायक अनिल धीमान, मंडल अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली व उनकी पूरी टीम व पूर्व मीडिया प्रभारी विकास शर्मा भी मौजूद रहे।

**मांग** शिक्षक ड्रेस कोड के लिए बजट में प्रावधान करे प्रदेश सरकार : शिक्षक संघ

## जिले में शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लगाने की कवायद शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लगाने की कवायद जिला हमीरपुर से शुरू कर दी गई है। इसके लिए डाइट हमीरपुर ने लिखित आदेश जारी किए हैं। फिलहाल इसके लिए कोई एक ड्रेस कोड फाइनल नहीं किया गया है। इसके लिए कोई वर्दी भत्ता देने का भी कोई प्रावधान फिलहाल नहीं किया गया है, जबकि शिक्षक संघ ड्रेस कोड हेतु वर्दी भत्ते का प्रावधान चाहते हैं और ड्रेस के कोड में पूरे प्रदेश में एकरूपता चाहते हैं ताकि हर स्कूल में अलग ड्रेस कोड नहीं हो। ऐसे में तबादले के बाद दूसरे स्क्कूल जाने पर नए ड्रेस कोड का खर्चा शिक्षकों को उठाना पड़ेगा।

इस कारण शिक्षक ड्रेस कोड हेतु स्टार प्रोजेक्ट के तहत बजट का प्रावधान करने की मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से की है। संघ क प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया, महासचिव विजय हीर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में शिक्षक ड्रेस कोड में एकरूपता होनी चाहिए और इसको हिमाचल के पहनावे, मौसम और संस्कृति के अनुसार तय किया जाना चाहिए और अन्य राज्यों के मॉडल का भी अध्ययन किया जाना चाहिए। संघ ने बताया कि महाराष्ट्र, असम, बिहार और राजस्थान के बाद हिमाचल प्रदेश शिक्षक ड्रेस कोड की शुरुआत करने वाला देश का पांचवां राज्य बनने जा रहा है।

महाराष्ट्र सरकार के अनुसार टीचर्स को स्कूल में जींस टीशर्ट या डार्क कलर या डिजाइनर या प्रिंटेट कपड़े पहनने की अनुमति नहीं होगी जबकि महिला शिक्षकों को सलवार या चूड़ीदार पैजामे के साथ कुर्ता या साड़ी पहनने को कहा गया है। असम सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षकों के जींस टीशर्ट पहनने पर पाबंदी लगाई गई है, वहीं शिक्षिकाओं के लिए टी-शर्ट, जींस और लेगीज पहनने पर बैन लगाया गया था, ऐसे में प्रदेश में शिक्षकों को वर्दी मुफ्त या सब्सिडी पर दी जा सकती है।

सरकारी कर्मचारियों को वर्दी भत्ता दिया जाना जरूरी होता है। यह भत्ता, आधिकारिक पोशाक के रखरखाव के खर्चों को कवर करता है और इस भत्ते में खरीद, सिलाई, रखरखाव, और संबंधित सामान के लिए खर्च शामिल हैं। इसके अलावा प्रदेश में शिक्षा विभाग का अपना कोई लोगो तय नहीं है, जिसे प्रदेश सरकार तय करे। असम की तर्ज पर शिक्षक अपने नाम से पहले टीआर लिख सकें, यह प्रावधान होना चाहिए।

**दसवीं की अंग्रेजी के पेपर में दें ग्रेस मार्क्स :** राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षा बोर्ड सचिव से अपील की है कि दसवीं की अंग्रेजी के पेपर में ए और बी सीरीज में प्रश्न संख्या 4,6,8 और 10 में ग्रेस मार्क्स दिए जाएं। इसके लिए निर्णय एक सप्ताह में लिया जाए।

### 'उमंग-2025' में हिमाचली संस्कृति की रही धूम

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में केंद्रीय छात्र परिषद का सांस्कृतिक कार्यक्रम 'उमंग-2025' आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप डॉ. अनिल गौतम, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय नादौन तथा डॉ. विक्रम सिंह प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय सिराज, जिला मंडी एवं विशेष सम्मानित अतिथि प्रताप सिंह पटियाल, मुख्य सलाहकार कांग्रेस ब्लॉक समिति नादौन ने शिरकत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों द्वारा भारतवर्ष और हिमाचली संस्कृति के विभिन्न रंगों की अनुपम सांस्कृतिक छटा को बिखेरा। विशेष सम्मानित अतिथि प्रताप सिंह पटियाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए 2100 रुपए की इनाम स्वरुप राशि भेंट की तथा मेधावियों को सम्मानित किया।

## रैल विद्यालय ने नए सत्र के लिए शुरू किया विद्यार्थी नामांकन अभियान



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

वर्ष 2024-2025 का शैक्षणिक सत्र समाप्त होने वाला है और अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा। इसको लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैल में भी विद्यालय के प्रिंसिपल संजीव ठाकुर के मार्गदर्शन में 'विद्यार्थी नामांकन अभियान चलाया गया है।

इस अभियान के तहत इस विद्यालय में स्कूल के अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की अलग-अलग. कमेटियां गठित की गई हैं। ये कमेटियां स्कूल के आसपास के गांवों में भ्रमण करते हुए बच्चों के अभिवावकों कों प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों की शिक्षा पद्धति में सुधार लाने एवं सरकारी स्कूलों में छात्रों के हित के प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में विशेष रूप से अवगत करवाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में एडमिशन लें।

पहले दिन इन कमेटियों ने स्कूल के पास पड़ते गांव संद, शासन, रैंथल, रैल, कमलाहू, ठाकुरद्वारा, हार, धनियारा, बल्ह, मनसोली का विशेष रूप से दौरा करते हुए बच्चों के अभिभावकों के घर-घर जाकर दस्तक दी एवं अपने बच्चों कों रैल स्कूल में एडमिशन करवाने का आग्रह किया। इस अभियान में विद्यालय के प्रवक्ता रजनीश शर्मा, तिलक राज, वीरेंद्र, सतिंद्र, मनोज कुमार, सुनील, प्रदीप, दिनेश, पंकज आदि शामिल थे। (अनंत ज्ञान)



# विधानसभा बजट सत्र 2025-26

## बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय


सदन के अंदर जाते भाजपा विधायक विपिन परमार, हंसराज, विनोद ठाकुर व अन्य।


बिक्रम ठाकुर और सुधीर शर्मा।


विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार।


बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में जाते रणधीर शर्मा, आशीष शर्मा व अन्य।


ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती, जोगिंदरनगर के प्रकाश राणा व अन्य।


पच्छाद की विधायक रीना कश्यप विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने जाती हुईं।

# हिमाचल में 1.17 लाख से अधिक कर्मियों ने चुना ओपीएस का विकल्प


## विधायक बिक्रम ठाकुर के सवाल का सीएम सुक्खू ने लिखित में दिया जवाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में वर्तमान समय में कुल 1,86,436 सरकारी अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें से 1,17,521 अधिकारी और कर्मचारियों ने नई पेंशन योजना (एनपीएस) के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का विकल्प चुना है। सरकार द्वारा यह विकल्प दिए जाने के बाद अधिकांश कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना के तहत शामिल हो गए हैं। यह जानकारी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को विधानसभा में विधायक बिक्रम ठाकुर के सवाल के लिखित जवाब में दी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन योजना लागू करने का निर्णय लिया था, जिसके बाद कर्मचारियों को ओपीएस में लौटने का अवसर दिया गया। अब तक प्रदेश के सभी विभागों में ओपीएस लागू हो चुका है। हालांकि, राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों और स्वायत्त संस्थानों में सरकार के सीधे नियंत्रण के अभाव के कारण यह योजना स्वचालित रूप से लागू नहीं हो पाई है। मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार पुरानी पेंशन योजना के तहत सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के आंकड़ों में बताया गया कि पुरानी पेंशन योजना लागू करने पर कुल 117251 कर्मचारियों ने ओपीएस का विकल्प दिया है तथा अब तक 12,806 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

### बोले-12 हजार से अधिक कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त





### बकाया देनदारी नहीं, प्रक्रिया पूरी

**मुख्यमंत्री** ने यह भी स्पष्ट किया है कि पुरानी पेंशन योजना लागू करने के बावजूद कोई बकाया देनदारी लंबित नहीं है। राज्य सरकार ने सभी विभागों में ओपीएस के अंतर्गत कर्मचारियों के लाभ सुनिश्चित किए हैं और पेंशन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि प्रदेश के सभी निगम, स्वतंत्र निकाय हैं तथा इनके कर्मचारियों पर सरकारी नियम व दिशा निर्देश स्वतः लागू नहीं होते हैं।

### पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह और पूर्व मंत्री किशन कपूर को दी श्रद्धांजलि

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और प्रदेश के पूर्व मंत्री व विधायक किशन कपूर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में शोकोद्गार प्रस्तुत करते हुए दिवंगत नेताओं के योगदान को याद किया और उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने 1998 से 2004 तक राज्यसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कार्य किया और वर्ष 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने देश के आर्थिक विकास के लिए कई अहम फैसले लिए। उनके कार्यकाल के दौरान हिमाचल को आईआईएम मंडी, केंद्रीय विश्वविद्यालय और आईआईआईटी ऊना जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं मिलीं। उन्होंने कहा कि उनकी स्मृति में हिमाचल लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) का नाम अब डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर रखा गया है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन इसी माह में कर दी जाएगी जारी

## सदन में बोले सीएम सुक्खू, आठ लाख लोगों को हो रहा फायदा, नौकरियां खत्म करने को लेकर माहौल गर्म

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

विधानसभा के बजट सत्र की चर्चा में दोपहर बाद सरकार की तरफ से सदन में जानकारी दी गई कि दिसंबर 2024 तक उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन जारी कर दी है अब अगली अदायगी मार्च माह में ही कर दी जाएगी। बाकायदा सीएम सुक्खू ने बजट सत्र में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के बारे में सदन को बताया कि इस तिमाही की पेंशन मार्च माह के अंतिम सप्ताह तक लाभार्थियों के खाते में आ जाएगी।

नौकरियां खत्म करने को लेकर भी एकाएक सदन में माहौल गर्म हो गया। फिर सीएम ने हस्तक्षेप करते हुए विपक्ष को चुनौती दी, कि वह ऐसी कोई अधिसूचना दिखाएं, जो सरकार की तरफ से जारी की गई है, अन्यथा सदन को गुमराह करने की कोशिश ना करें। सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर बताया गया की 8 लाख लोगों को प्रदेश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के दायरे में लाया है, जिसके बारे में विपक्ष उलल जुलूल अफवाहें फैला रहा है।

### मीडिया की खबरों को लेकर सदन में मचा हंगामा

**जयराम** ठाकुर ने इससे पहल पहले मीडिया को लेकर भी सत्ता पक्ष पर हमला बोला और कहा कि यह भी पहली बार है कि मीडिया को डराया जा रहा है और बेवजह धमकाया जा रहा है। उन्हें धमकाने के प्रयास में कई पत्रकारों पर झूठे मुकदमे हो रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप राज्यपाल के बजट भाषण को कुछ प्रमुख अखबारों ने उनके बयान को सरकार के बयान से जोड़कर छाप दिया। जोकि संवैधानिक दायित्व को सीधी को चुनौती देता है। जिसमें सरकार का साफ प्रभाव दिखता है।

### बेतुकी बातें कर रहे जयराम ठाकुर

**इस** पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि जय राम ठाकुर बेतुकी बातें कर रहे हैं। उनकी तरफ से मीडिया पर किसी भी तरह का दबाव नहीं डाला जा रहा है। मीडिया ने सही शीर्षक के साथ खबर प्रकाशित की है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से इस तरह के अनगर्ल प्रलाप पर सदन को ध्यान न देने की गुजारिश की है।

### उपलब्धियों का बखान करने के लिए लिया जा रहा झूठ का सहारा : जयराम ठाकुर

**राज्यपाल** के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सदन में बयान दिया कि यह हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब किसी सरकार के पास उपलब्धि के नाम पर बखान करने को कुछ भी नहीं है। राज्यपाल की अभिभाषण को बेवजह लंबा खींचा गया है। जब राज्यपाल का भाषण चल रहा था, उस दौरान सत्तापक्ष में कोई भी उत्साह नजर नहीं आ रहा था और सभी विधायक सुस्ता रहे थे, बाकायदा हिमाचल बर्बादी की तरफ जा रहा है और यह अपनी उपलब्धियां गिनाने में झूठ का सहारा ले रहे हैं।



### कांग्रेस की गारंटियों का दम निकला

**कांग्रेस** सरकार की गारंटी पर बोलते हुए जयराम ठाकुर ने बताया कि उनकी तमाम गारंटियां धरातल पर नहीं उतरी है और एक भी गारंटी सही तरीके से अस्तित्व में नहीं लाई गई है, इससे लोगों के बीच ये लोग अपना विश्वास खो रहे हैं।

## बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय


नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से हाथ मिलाते पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह।


शिमला के विधायक हरीश जनारथा।


ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर।


तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।


उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान।


कृषि मंत्री चंद्र कुमार।


धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर।


लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा ठाकुर।


देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर।

# तीन वर्षों में देश में कोयले के उत्पादन में बढ़ोतरी: इंदु गोस्वामी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



राज्य सभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी बताया की पिछले तीन वर्षों में देश में कोयले के उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने संसद में उनके प्रश्नों पर बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि देश में वर्ष 2021-22, वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 में क्रमश: 778.21 मीट्रिक टन, 893.19, 1027.84 और 997.83 मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन दर्ज किया गया, जबकि वर्ष 2024-25 में फरवरी 2025 तक 929.15 मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन दर्ज किया गया।

रेड्डी ने बताया कि वर्ष 2021-22, वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 में क्रमश: 1027.84 मीट्रिक टन, 1115.04 मीट्रिक टन और 1237.54 मीट्रिक टन की खपत दर्ज की गई। वर्ष 2021-22, वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 में क्रमश: 208.63 मीट्रिक टन, 237.67 मीट्रिक टन और 264.53 मीट्रिक टन कोयले का आयात किया गया। उन्होंने बताया की वर्ष 2021-22, वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 में क्रमश: 819.21 मीट्रिक टन, 877.37 मीट्रिक टन और 973.01 मीट्रिक टन कोयले की आपूर्ति घरेलू संसाधनों से पूरी की गई।

## तिबतियन केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने देखी विधानसभा


शिमला। बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही देखने आए तिबतियन केंद्रीय विद्यालय छोटा शिमला के बच्चों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने इन स्टूडेंट्स से कुछ प्रश्न भी पूछे।

# पीएम श्री योजना के अंतर्गत हिमाचल में 180 स्कूलों का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पीएम श्री योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में 180 स्कूलों का चयन किया गया है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने संसद में लोक सभा सदस्य डॉक्टर राजीव भरद्वाज को बताया कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में 56 प्राथमिक, 5 सेकेंडरी स्कूल और 119 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों का चयन किया गया है।

उन्होंने बताया कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और केंद्र शासित राज्यों द्वारा संचालित 14500 स्कूलों की ढांचागत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का प्रावधान किया गया है। इन स्कूलों को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के अंतर्गत मॉडल स्कूल स्थापित करने का प्रावधान किया गया है, जो कि बच्चों को खुशनुमा माहौल में उच्च क्वालिटी शिक्षा प्रदान करेंगे। जयंत ने संसद में लोकसभा सदस्य डॉक्टर राजीव भारद्वाज को बताया कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत कुल 27,360 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसमें से केंद्र सरकार 18,128 करोड़ और राज्य सरकारें 9,232 करोड़ रुपए की हिस्सेदारी की अदायगी करेंगी।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत स्मार्ट क्लास रूम, डिजिटल लाइब्रेरी और आईसीटी सुविधाओं का प्रावधान किया गया है तथा बच्चों को पाठ्यक्रम चयन करती बार बेहतर विकल्प प्रदान किए गए हैं।

# 11वीं के हिंदी पेपर में 8 अंकों के प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सूबे में मंगलवार को हुई जमा एक की परीक्षा के हिंदी पेपर को लेकर परीक्षार्थी काफी असमंजस में रहे। उनका कहना था कि कुछ ऐसे सवाल पूछ लिए गए, जो आउट ऑफ सिलेबस हैं। कुल-मिलाकर आठ अंक के इन सवालों का अब बनेगा क्या? क्योंकि प्रश्न संख्या 13 में चार अंक और प्रश्न संख्या 14 में भी वैकल्पिक प्रश्न के रूप में चार अंक विद्यार्थियों के कट जाएंगे, क्योंकि यह पूछे गए सवाल उनके सिलेबस में ही नहीं थे।

### 'हुसैन की कहानी अपनी जुबानी' अब सिलेबस में ही नहीं, पेपर सेटर ने डाल दिया सवाल

परीक्षा देकर लौटे स्टूडेंट का कहना था कि 'हुसैन की कहानी अपनी जुबानी' चैप्टर अब सिलेबस में ही नहीं था, लेकिन उससे संबंधित सवाल पूछे गए थे। इसी कारण उन्हें असमंजस का सामना करना पड़ा। अब सवाल नहीं हो पाए हैं, इसके नंबर कट जाएंगे। 80 नंबर के इस पेपर से यदि आठ नंबर कहीं कट गए। इनके ग्रेस मार्क्स नहीं मिले, तो फिर स्टूडेंट का नुकसान हो जाएगा।

इधर, स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष विशाल शर्मा का कहना है कि इस तरह की आज कोई भी जानकारी उन्हें किसी भी सेंटर से नहीं मिली है, लेकिन फिर भी यदि ऐसा हुआ है, तो इसकी जांच होगी और जो भी होगा, फैसला छात्र हित में ही लिया जाएगा।


शिमला में हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट करते पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा।

**सियासत** — हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष पद के पत्ते हुए सार्वजनिक

# प्रतिभा सिंह ही होंगी कांग्रेस की अगली अध्यक्ष

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल कांग्रेस पार्टी में नए अध्यक्ष पद की नियुक्ति के पत्ते शो हो गए हैं। एकराय से पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ही नई अध्यक्ष होंगी। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस बाबत सार्वजनिक मंच से जानकारी साझा कर दी है, अब किंतु-परंतु की कोई गुंजाइश नहीं रह गई है।

अध्यक्ष पद की रेस में शामिल आधा दर्जन नाम पूरी तरह से बाहर हो गए हैं, जो अब संगठन की नवगठित कार्यकारिणी में अपना नाम तलाश रहे हैं। नई कार्यकारिणी में प्रतिभा कैंप के नामों की भरमार हो सकती है। उनके ज्यादातर समर्थक ही नई कार्यकारिणी की सूची में शामिल किए जा सकते हैं। विधानसभा सत्र में व्यस्त होने के कारण सुक्खू कैंप के नाम अभी ऊपरी तौर पर पर जरूर रहे हैं, मगर उन्हें अंतिम सूची में शामिल करना बाकी है। मुकेश कैंप का सूरत हाल भी कुछ ऐसा ही है, फिलहाल नई कार्यकारिणी का गठन कांग्रेस मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल को को करना है, जो इस पर विचार-विमर्श कर रही है।



### बजट सत्र के फौरन बाद घोषित होगी कार्यकारिणी

सरकार की चौखट से जो नेता अभी बाहर चल रहे हैं, जिन्हें न ही सरकार में औहदा मिला है और न ही उनकी कोई पूछ हो रही है। उन्हें तरजीह दी जा सकती है। वरिष्ठ नेताओं में ठाकुर कौल सिंह, रामलाल ठाकुर, ठाकुर सिंह भरमौरी व प्रकाश चौधरी सहित एक दर्जन ऐसे नाम है, जो अब नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष से लेकर उपाध्यक्ष, महासचिव और विशेष आमंत्रित सदस्यों की रेस में शामिल है। कौल सिंह ठाकुर, रामलाल ठाकुर और प्रकाश चौधरी के समर्थक लगातार दोनों को सरकार के आंगन में फिट करने की मांग उठा रहे हैं। कोई भारी भरकम अध्यक्ष या फिर उपाध्यक्ष पद देने पर जोर दिया जा रहा है, जो फिलहाल संभव नहीं लग रहा है। (अनंत ज्ञान)

### नई कार्यकारिणी को लेकर संतुलन बनाने की तैयारी

**नई** कार्यकारिणी को लेकर खींचतान बनी हुई है। प्रतिभा सिंह संगठन में अपने कट्टर समर्थन का वर्चस्व चाहती हैं और सीएम सुक्खू अपने खासमखासों की नई कार्यकारिणी में स्थान दिलाना चाह रहे हैं। मुकेश कैंप के नजदीकी भी अपना स्थान देख रहे हैं।

### सरकार में अध्यक्ष-उपाध्यक्षों की ताजपोशी फिलहाल संभव नहीं

**सुक्खू** सरकार भारी भरकम आर्थिक बोझ से कराह रही है। उसको सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के वेतन सही समय पर देने में कठिनाई हो रही है। उस सूरत में अध्यक्ष-उपाध्यक्षों की ताजपोशी नहीं हो पाएगी। फिर भी सुक्खू सरकार में सलाहकारों की फौज भरी पड़ी है, वह कब, क्या फैसला ले लें, यह भी नहीं कहा जा सकता।

### तीन दिग्गज नेताओं के समर्थक ही नई कार्यकारिणी में होंगे शामिल

**कांग्रेस** मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल पहले ही इस बाबत अपनी राय बता चुकी है, सीम सुक्खू के साथ-साथ पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री के ज्यादातर समर्थक ही नई कार्यकारिणी में नजर आने वाले हैं। कुछ और नाम भी शामिल हो सकते हैं, मगर फिलहाल इन तीनों दिग्गज नेताओं के खासमखास ही नई कार्यकारिणी में दिख सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हेरोइन तस्करी के दोषी को 5 साल की सजा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजिंद्र कुमार एलडी अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नूरपुर ने हेरोइन तस्करी के दोषी को 5 वर्ष के कठोर कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी व्यक्ति कंस राज निवासी गांव लमोटा, तहसील इंदौरा को अपराध करने के लिए दोषी ठहराया है। बता दें कि आरोपी के कब्जे से 7. 79 ग्राम हीरोइन बरामद करके थाना इंदौरा में मामला 21/61/85 के तहत दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई सरकारी वकील नूरपुर द्वारा की गई तथा आरोपी के खिलाफ आरोप साबित करने के लिए 19 गवाहों की गवाही करवाई गई। साक्ष्यों के आधार पर तथा अभियोजन व बचाव पक्ष को सुनने के बाद निचली अदालत ने आरोपी कंस राज को दोषी करार देते हुए 5 वर्ष के कठोर कारावास तथा 50,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

### कंडवाल टोल यूनिट 16.3 करोड़ में नीलाम

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** कंडवाल टोल बैरियर यूनिट नंबर-11 की नीलामी 16 करोड़ तीन लाख रुपए में मैसेज महादेव के नाम घोषित की गई। इसमें कंडवाल, भदोया, संसारपुर टेरेस, शेखूपुर चौक पठानकोट मुकेरियां रोड, सुल्याली दुनेरा रोड, शाह नहर स्थान जागीर रोड, ढांगू पीर रोड, उहलेहड़ियां चौक, नक्की चौक रोड, काठगढ़, कटोरी बांग्ला तुनु हटी बैरियर जिला चंबा के नाके आते हैं। यह नीलामी एडिशनल डिप्टी कमिश्नर विनय कुमार की अध्यक्षता में गई। इस नीलामी में कुल दो ही फर्में ने अपने टेंडर डाले थे, जिसमें मैसर्स देवभूमि द्वारा 16 करोड़ 11,111 की बोली लगाई गई थी जब के मैसर्स महादेव द्वारा 16 करोड़ 3 लाख के टेंडर डाले थे।

### निर्वाचन आयोग ने 30 अप्रैल तक मांगे सुझाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) या मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। राजनीतिक दलों को जारी पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की भी परिकल्पना की है।

### सुन्ही स्कूल में मनाया शहीदी दिवस

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** शहीद सुरेश कुमार उर्फ विक्की निवासी गांव व डाकघर सुन्ही तहसील बड़ोह जिला कांगड़ा 11 मार्च 2017 को छत्तीसगढ़ में देश की सेवा करते हुए नक्सली हमले में शहीद हो गये थे। इस उपलक्ष्य में उनका शहीद दिवस 11 मार्च को उनके परिवार के सदस्यों व सीआरपीएफ पिंजौर से आये सदस्य द्वारा राजकीय वरिष्ठ पाठशाला सुन्ही के प्रांगण में मनाया गया। इस संदर्भ में शहीद की पत्नी मति नीना देवी ने कहा कि सीएम व विधायक रघुबीर सिंह बाली से अनुरोध है कि कंडी रोड से बड़ोह मार्ग पर जो गेट पर्यटन विभाग द्वारा बनाया गया है उस गेट पर मेरे पति का नाम लिखा जाए।

### साई संस्था ने गरीब व्यक्ति को दिया आशियाना

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** खुंडियां पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष सेवानिवृत कर्नल एमएस राणा की मेहनत रंग लाई है। कर्नल राणा के आग्रह पर साई संस्था ने गरीब व्यक्ति के लिए एक माह में ही नया आशियाना बना दिया है। साई संस्था जन कल्याण के लिए कार्य कर रही है। संस्था ने खुंडियां तहसील के फुलवाड़ी गांव के रोशन लाल के मकान बनवाने में अहम भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि रोशन लाल को वर्ष 1998 में मकान बनवाने के लिए सरकार की तरफ से 15 हजार रुपए आर्थिक सहायता मिली थी। लेकिन उक्त मकान गत वर्ष हुई बरसात में जर्जर हो गया था। जोकि रहने लायक नहीं था। रोशन लाल ने प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत भी आवेदन किया था लेकिन 1998 में सरकार की तरफ से मिली आर्थिक मदद के कारण नियमानुसार इन्हें दोबारा मदद नहीं मिली सकी। रोशन लाल ने अपना दुखड़ा समाज सेवी रिटायर्ड कर्नल एमएस राणा का बताया। कर्नल राणा ने हिमाचल प्रदेश साईं संस्था के प्रभारी डॉक्टर योगेन्द्र वर्मा से संपर्क किया। संस्था ने एक माह में ही लैंटल डाल कर मकान तैयार कर दिया है।

# राज्य स्तरीय होली महोत्सव पालमपुर का भव्य शोभायात्रा के साथ आगाज

## एसपी शालिनी अग्निहोत्री की अगुवाई में गांधी मैदान तक निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



राज्य स्तरीय होली महोत्सव का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। एसपी शालिनी अग्निहोत्री की अगुवाई में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से गांधी मैदान तक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महापौर गोपाल नाग, उपमहापौर राजकुमार, पार्षद, एसडीएम नेत्रा मेती सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान गतका का प्रदर्शन किया गया। मुख्यातिथि ने विधिवत अखाड़े का पूजन कर दो दिवसीय छिंज का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री ने सभी को होली उत्सव की शुभकामनाएं दीं व होली के अवसर पर आमंत्रित करने का आभार जताया। मेले के दौरान मनोरंजन और खेलकूद से जुड़े कई कार्यक्रमों का आयोजन भी शुरू हो गया है। इसमें डॉग शो, फ्लावर शो, कार रैली, बेबी शो, फैंसी ड्रेस, फन गेम्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट मैच और दंगल प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। मेले में विभिन्न विभागों को मेले के दौरान विकासात्मक प्रदर्शनियां भी लगाई गई हैं। होली का समापन 14 मार्च को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे।

**उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 14 को समापन समारोह में करेंगे शिरकत**

## हिमालयी क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के प्रयासों के लिए मनाया वॉरियर्स-डे

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** वॉरियर्स दिवस हर साल 11 मार्च को वेस्ट वॉरियर्स के संस्थापक जोडी अंडरहिल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह दिन सामुदायिक भागीदारी और हिमालयी क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। इस वर्ष, बिलिंग और धर्मशाला में भी वॉरियर्स डे धूमधाम से मनाया गया, जिसमें स्थानीय समुदायों, स्वयंसेवकों और संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मिडिया प्रभारी दिया बत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीड बिलिंग और धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान के तहत विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुईं। सबसे पहले, दोनों स्थानों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय बाजारों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई।

# मतदान दलों को क्यूआर कोड स्कैन करके मिलेंगी मत पेटियां



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं तथा शहरी निकायों के सामान्य निर्वाचन वर्ष 2025-26 में होने संभावित हैं जिसके दृष्टिगत आयोग ने इस दिशा में अभी से तैयारियां आरंभ कर दी हैं।

मंगलवार को स्कूल शिक्षा बोर्ड के सभागार में पंचायतीराज संस्थाओं एवं शहरी निकायों के सामान्य चुनावों से जुड़े अधिकारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आयोग द्वारा एक नई एप्लीकेशन इवेंट्री मैनेजमैंट तैयार की है। मतदान दलों को मत पेटियां इस एप्लीकेशन के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन करके दी जाएंगी। इसी तरह चुनाव से संबंधित समस्त सामग्री को भी इस एप्लीकेशन के माध्यम से वितरित किया जाना प्रस्तावित है। आयुक्त ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि निर्वाचन स्टोर की साफ सफाई का कार्य आरंभ करने तथा पुराने निर्वाचन के अभिलेख को नियमानुसार नष्ट किए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

**पंचायतीराज-शहरी निकायों चुनावों को लेकर कार्यशाला आयोजित**

राज्य चुनाव आयोग के आयुक्त अनिल खाची ने कहा कि मतपेटियों की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया है तथा मतपेटियों की पेंटिंग, आयलिंग व ग्रीसिंग का कार्य प्रगति पर है क्यूआर कोड लगाने के पश्चात प्रत्येक मतपेटी की अपनी एकल पहचान होगी। इस अवसर पर एडीसी विनय कुमार, जिला पंचायत अधिकारी नीलम कटोच, सभी उपमंडलों के एसडीएम, तहसीलदार तथा पंचायत निरीक्षण उपस्थित थे।

## 2 लोग चरस और 6 हजार ड्रग मनी के साथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट सीआईए स्टाफ ने चंबा जिला के रहने वाले 2 लोगों को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनसे 6 हजार रुपए ड्रग मनी और 2 मोबाइल बरामद किए हैं। थाना डिवीजन नं. 1 में 2 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ में तैनात इंस्पेक्टर हरजिंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें एएसआई कुलदीप राज पुलिस टीम के साथ डलहौजी रोड स्थित टाइगर चौक में मौजूद थे। इस दौरान पुलिस को दो लोग पैदल आते दिखाई दिए। जो पुलिस को देखकर घबराकर पीछे मुड़ने लगे। जिन्हें पुलिस टीम ने शक के आधार पर काबू किया। इस दौरान मौके पर डीएसपी मंगल सिंह को सूचना देकर बुलाया गया। पुलिस ने लियाकत अली की तालाशी लेने पर 110 ग्राम चरस व मोबाइल और दूसरा युवक कयूम खान से 1 किलो 22 ग्राम चरस और मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस ने तालाशी लेने पर 6 हजार ड्रग मनी भी बरामद की। थाना डिवीजन नं.1 में जिला चंबा के तीसा के टंटरोग निवासी लियाकत अली और खुशनगरी निवासी कयूम खान उर्फ रिंकू के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# तिब्बतियों के साथ खड़ी दुनिया : आंद्रेज किस्का

## स्लोवाकिया के पूर्व राष्ट्रपति ने की तिब्बत के साथ एकजुटता की पुष्टि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**मैक्लोडगंज** स्थित त्सुग्लहाग्खांग मुख्य बौद्ध स्लोवाकिया के पूर्व राष्ट्रपति आंद्रेज किस्का और एस्टोनिया और स्लोवाकिया के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल से एस्टोनिया के सांसद जुकू कल्ले रेड ने एक संयुक्त रुप से प्रेस कॉन्फ्रेंस में तिब्बत के लिए अपनी वकालत के बाद चीन से आधिकारिक राजनयिक विरोध प्राप्त करने के अपने अनुभव को साझा किया।

स्लोवाकिया के पूर्व राष्ट्रपति आंद्रेज किस्का ने तिब्बत के साथ अपनी एकजुटता की पुष्टि की और दुनिया से आवाज उठाने का आग्रह किया। उन्होंने दलाई लामा के साथ अपने गहरे व्यक्तिगत संबंध और तिब्बत और उसके लोगों के लिए अपने दीर्घकालिक समर्थन को साझा किया। अपनी यात्रा पर विचार करते हुए उन्होंने अपने जीवन पर दलाई लामा की शिक्षाओं के हार्दिक प्रभाव, तिब्बत के समृद्ध इतिहास की अपनी समझ और चल रहे संघर्ष पर प्रकाश डाला। पूर्व स्लोवाकियाई राष्ट्रपति किस्का ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तिब्बतियों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें जो हो रहा है उसके



बारे में जोर से बोलना होगा। हमें दुनिया को तिब्बत के संघर्ष की वास्तविकता को पहचानने में मदद करनी होगी। तिब्बतियों से हार्दिक अपील के साथ अपने संदेश का समापन करते हुए उन्होंने कहा कि अपने मूल्यों– करुणा, प्रेम और सहानुभूति के प्रति सच्चे रहे। दुनिया आपके साथ खड़ी है। आप अकेले नहीं हैं।

सांसद जुकू कल्ले रेड ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से यूरोप ने तिब्बत पर अपनी आवाज बुलंद करने की आवश्यकता पर बल दिया है। यह मुख्य एजेंडा है जिसे हम मुक्त विश्व में, यूरोप में दोहरा रहे हैं, लेकिन कुल मिलाकर हमें और जोरदार होना चाहिए।

## गाड़ी किराये पर लगाने के नाम हुई ठगी में 10 में से 6 गाड़िया बरामद

**अनंत ज्ञान, गग्गल।** गाड़ियों को सरकारी किराये पर देने के नाम पर हुई धोखाधड़ी के मामले में इस धोखाधड़ी का शिकार हुए गांव इच्छी के प्रमोद कुमार ने बताया कि उन्होंने अप्रैल 2024 को चिंतपूर्णी क्षेत्र के रत्नेश्बर सिंह सुपुत्र होशियार सिंह निवासी सुकाहर ठाक खाना चलाली तहसील प्रागपुर जिला कांगड़ा व्यक्ति को अपनी तीन महिंद्रा की थार गाड़ियां और एक एक्स यूबी, 100सी महिंद्रा सरकारी सेवाओं के लिए किराए पर दी थी। उसके बाद आरोपी व्यक्ति ने उनको निर्धारित समय पर चार किस्तों का भुगतान समय पर कर दिया। इसी बीच जब उन्हें पता चला कि आरोपी व्यक्ति द्वारा गाड़ियों का दुरुपयोग सरकारी सेवाओं में न करके आपराधिक गतिविधियों में कर रहे हैं जिस पर उन्होंने 8 जनवरी को पुलिस थाना खुंडिया में एफआईआर दर्ज करवाई और उनके साथ 6 लोगों ने भी ऐसी ही एफआईआर दर्ज करवाई। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते 10 में से 6 गाड़ियों को दो पंजाब व अन्य स्थानों से बरामद कर लिया है। प्रमोद कुमार ने गगल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा के पुलिस इस कार्रवाई से उन्हें अब यह विश्वास हो गया है कि पुलिस अब उनकी गाड़ियां भी बरामद कर लेगी। इस बारे में एसआईटी टीम के अध्यक्ष सब इंस्पेक्टर रमन कुमार ने बताया की पुलिस ने कुछ गाड़ियां बाहरी राज्यों से बरामद कर लिए हैं और बाकी की गाड़ियों की तलाश जारी है।




# 2025 में लौट आया 90 के दशक का फैशन

**फैशन** के रुझान तेजी से बदल रहे हैं। हाल के वर्षों में भारतीय युवाओं के फैशन विकल्पों में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। सोशल मीडिया और वैश्विक प्रभाव बढ़ने के साथ युवा फैशन शैलियों की एक विस्तृत श्रृंखला से अवगत हो रहे हैं, जिसके कारण उनकी पारंपरिक फैशन प्राथमिकताओं में बदलाव आया है। युवा तेजी से वैश्विक फैशन ट्रेंड्स को अपना रहे हैं। 2025 में 90 के दशक का फैशन एक बार फिर लौट आया है और युवाओं के लिए यह ट्रेंडी है। वेस्टर्न ड्रेस में कई नए ट्रेंड्स देखे जा रहे हैं, जिसमें सस्टेनेबल फैब्रिक और इको-फ्रेंडली डिजाइन की मांग बढ़ रही है।

मिनिमलिस्टिक स्टाइल के साथ क्लासिक, सदाबाहर और सिंपल कट्स ट्रेंड में हैं। इसके साथ ही मिनी स्कर्ट का ट्रेंड भी खूब पसंद किया जा रहा है।

90 के दशक का फैशन आरामदायक है। युवा आजकल सभी पुराने फैशन को नए तरीके से अपना रहे हैं। फिरन अपर हिमाचल में ज्यादा पहना जाता था, लेकिन अब लोअर हिमाचल में भी इसका ट्रेंड देखने को मिल रहा है। कॉलेज और यूनिवर्सिटी जाने वालीं लड़कियां ज्यादादर फिरन पहनना पंसद कर रही



**फैशन को लेकर काफी आगे बढ़ चुके हैं हिमाचली युवा**

हैं। इसी तरह देखा-देखी में लड़के भी लॉग कोट पंसद कर रहे हैं।

पैस्ले, मोर और कमल के फूलों जैसे क्लासिक प्रिंट नए रूप के साथ फिर से चलन में हैं। ये प्रिंट युवा पीढ़ी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

महिलाएं बोल्ड, बड़े प्रिंट या धातु के धागों में बनी डिजाइन वाली साढ़ियों और कुर्तों से खुद नया स्टाइल देती दिख रही हैं। बेल, पफ और फ्लेयर्ड डिजाइन भी ट्रेंड में हैं। ये स्लीव्स कपड़ों में वॉल्यूम और स्टाइल जोड़ते हुए एथनिक ड्रेस को एक स्टाइलिश लुक देती हैं। पफ स्लीव्स सलवार-कमीज सेट को एक क्यूट लुक देती हैं। स्टेटमेंट स्लीव्स एथनिक ड्रेस को खास लुक में है। हिमाचली युवतियां पेंट-प्लाजो और शॉर्ट व लॉग टॉप की खरीद भी ज्यादा कर रहे हैं। हिमाचल के युवा फैशन को लेकर इतने आगे बढ़ चुके हैं कि दस साल के बाद हर कोई युवक-युवतियां अच्छा दिखने के लिए बाजारों व शॉपिंग मॉल में अपने फिगर पर अच्छी लगने वाली डिजाइनिंग ड्रेस को ढूंढने लगते हैं। समय बदलने के साथ फैशन ट्रेंड पर नजर रखना और उसे अपनाने की होड़ में यह सबसे आगे रहती है। टीवी सीरियल या सिनेमा में कोई भी नया फैशन आया नहीं कि युवाओं को इसे अपनाने में देर नहीं लगती। जाहिर है कि समाज में अपने आप को बनाए रखने के लिए जमाने के साथ चलना है। इस बात का भी डर है कहीं पिछड़ न जाएं।

**प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



# स्किन से होली के रंग को निकालने के लिए अपनाएं ये टिप्स



***ब्यूटी एक्सपर्ट के मुताबिक, होली खेलना हर लड़की को पसंद होता है, लेकिन होली खेलने के साथ-साथ स्किन का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आप भी इस साल होली खेलने का प्लान कर रही हैं, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट के बताए कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिसे फॉलो कर आप अपने चेहरे को होली के रंग से बचा सकती हैं। आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में।***

- **ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय:** ब्यूटी एक्सपर्ट के मुताबिक, अधिकतर लड़कियों को होली खेलने का बेहद शोक है। अगर आपको भी होली खेलनी है और अपनी स्किन को स्वस्थ भी रखना है, तो आपको कुछ चीजों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। आप होली खेलने से पहले अपने चेहरे पर कुछ ऐसी चीजें लगा सकती हैं, जिसे लगाने से आप आसानी से अपने चेहरे को नुकसान पहुंचाए बिना होली खेल सकती हैं। इसके लिए जब भी आप होली खेलने जाएं, तब सबसे पहले आपको चेहरे पर नारियल का तेल लगाना चाहिए। उसके बाद ही होली खेलनी चाहिए। इससे आपकी स्किन सही रहेगी और रंग आसानी से निकल जाएगा।
- **चेहरे पर लगाएं ये चीजें:** अगर आप अपनी स्किन को नुकसान पहुंचाए बिना ही होली खेलना चाहती हैं, तो रंग गुलाल लगने से पहले अपने चेहरे को पानी से धोकर फेस पर गुलाब जल और ग्लिसरीन के मिश्रण को लगा सकती हैं। इसे लगाने के बाद आप आराम से होली खेल सकती हैं। इससे आपके चेहरे की स्किन सही रह सकती हैं। यही नहीं, आप अपने चेहरे पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल भी कर सकती हैं, इससे भी आपके फेस की स्किन सही रहेगी और आप बिना किसी परेशानी के होली खेल सकेंगी। ध्यान रहे जब भी आप इन सब चीजों का इस्तेमाल करें तब अपने चेहरे को अच्छी तरह धोकर साफ कर लें।
- **होली खत्म होने के बाद करें ये काम:** अगर आप चाहें तो होली खेलने से पहले अपने चेहरे पर चावल के पानी को भी लगा सकती हैं, इससे भी आपके चेहरे की स्किन स्वस्थ रह सकती हैं। इसके अलावा होली खत्म होने के बाद आप अपने चेहरे को अच्छे से धोकर साफ करने के बाद मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप चाहें तो अपने चेहरे पर चावल के पानी को भी टोनर की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसा करने से आपके चेहरे की स्किन स्वस्थ रहेगी।



**होली के पहले ऑफिस में भी होली सेलिब्रेट की जाती हैं और इस सेलिब्रेशन के मौके पर महिलाएं बेस्ट आउटफिट वियर करती हैं। वहीं, अगर आप भी ऑफिस की होली पार्टी में शामिल हो रही हैं और स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो आप इस खास मौके पर ये फ्रॉक कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं।**

# ऑफिस में होली सेलिब्रेशन के लिए फ्रॉक कुर्ती बेस्ट ऑप्शन

### योक डिजाइन फ्रॉक सूट

**ऑफिस** की होली पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की योक डिजाइन फ्रॉक सूट वियर कर सकती हैं। यह सूट राउंड नेक और फुल स्लीव्स में है साथ ही, इसके साथ जो दुप्पटा है वो बंधनी प्रिंट में है और इस आउटफिट में आपका लुक सुंदर नजर आएगा। इस आउटफिट के साथ आप सिंपल नेकलेस साथ ही फुटवियर में जूती वियर कर सकती हैं।

### बांधनी फ्रॉक सूट

अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह के बंधानी प्रिंट फ्रॉक सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट बांधनी वर्क के साथ आता है जो इस सूट के बॉर्डर पर किया हुआ है। साथ ही, ये 3/4 स्लीवेस में आता है। इसी के साथ इसके साथ जो दुप्पटा है वो भी बंधनी प्रिंट में है और इस सूट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। इस तरह का सूट आप कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ 1,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप चूी साथ ही, झुमके स्टाइल कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क फ्रॉक सूट

**अगर** कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह का सूट स्टाइल कर सकती हैं और इस सूट में एम्ब्रॉयडरी की गई हैं जो आपके लुक को रॉयल बनाने में मदद करेगा। इस तरह का सूट आप कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ 1,500 रुपये की कीमत में ले सकती हैं।



**बदलते फैशन ट्रेंड के साथ-साथ लोगों के आउटफिट लुक चेंज होने लगे हैं। ऐसा इसलिए ताकि हम भी इस ट्रेंड को फॉलो कर पाएं। ऐसे ही आजकल हर आउटफिट के ट्रेंडी ब्लाउज को वियर किया जाता है। लड़कियां अपने लिए अच्छे डिजाइन वाले आउटफिट को सर्च करती हैं, ताकि उसे डिजाइंस करा सके, लेकिन स्लीव्स हमेशा सिंपल या होती ही नहीं है। इससे ब्लाउज ट्रेंडी नजर नहीं आता है। इसके लिए आपको कुछ अलग तरह के डिजाइंस को ट्राई कर सकती हैं। इससे आपका लुक चेंज हो जाएगा।**

# फैंसी तरीके से तैयार करें स्लीव्स ब्लाउज



- **पफ स्लीव्स डिजाइन वाले ब्लाउज:** अगर आप अपने ब्लाउज को किसी स्कर्ट के साथ पेयर करना चाहती हैं, तो इसके लिए आप पफ स्लीव्स डिजाइन वाले ब्लाउज को वियर कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज में आपको प्लीट्स के साथ पफ मिलेगा। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इसमें आप ब्लाउज को शाइन वाले कपड़ें से तैयार करें। इसमें एम्ब्राइडरी वाले वर्क को करें। इससे आपका ब्लाउज अच्छा लगेगा। साथ ही, इसे आप किसी और बॉटम के साथ पेयर कर सकते हैं।
- **पर्ल डिजाइन वाली स्लीव्स ब्लाउज:** आप सुंदर तभी नजर आएंगी। जब आप इस फोटो में नजर आने वाले ब्लाउज के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपकी स्लीव्स पर पर्ल का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए आपके ब्लाउज के डिजाइन को क्रिएट किया जाएगा। इसके बाद स्लीव्स पर पर्ल की लड़ी से एक डिजाइन क्रिएट किया जाएगा। इससे आपकी स्लीव्स और भी अट्रैक्टिव नजर आएगी।
- **प्लीटेड डिजाइन वाली स्लीव्स:** आपकी बाजू अगर पतली हैं, तो इसके लिए आप प्लीटेड डिजाइन वाले स्लीव्स को क्रिएट कर सकती हैं। इस तरह की स्लीव्स बनने के बाद अच्छी लगेगी। इसमें लेयर के हिसाब से प्लीट्स बनी होती है। इसमें नीचे की तरफ कोडी लगाई जाती है। इससे आपका ब्लाउज अच्छा लगेगा। इसे आप टेलर से तैयार करें। इस तरह के ब्लाउज डिजाइन को रेडीमेड न खरीदें।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध खनन करने पर वसूला सवा लाख जुर्माना



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** इंदौरा में अवैध खनन करते हुए दो जेसीबी व एक ट्रैक्टर से वसूला 125000 का जुर्माना वसूला है। डीएसपी संजीव यादव के दिशा निर्देशानुसार पर डमटाल थाना के अंतर्गत गांव जटोली में देर रात जब छापेमारी की गई। यहां दो जेसीबी व एक ट्रैक्टर को अवैध खनन करते हुए पाए गए। जिस पर माइनिंग विभाग द्वारा दो जेसीबी पर 60, 60 हजार रुपए व ट्रैक्टर पर 5000 का जुर्माना वसूला। मामले की पुष्टि माइनिंग ऑफिसर नूरपुर सुरेश ठाकुर ने की।

### जगपाल को मिली वरिष्ठ उपप्रधान की कमान

**अनिल छांगू, जवाली।** दो दिवसीय जिला स्तरीय बैसाखी मेला जवाली के आयोजन को लेकर जिला स्तरीय बैसाखी मेला कमेटी जवाली के अध्यक्ष एवं नगर पंचायत जवाली के चेयरमैन राजिंदर राजू की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें मेले के सफल आयोजन के लिए कमेटियों का गठन करके जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में नगर पंचायत पार्षद जगपाल जग्गू को वरिष्ठ उपप्रधान, कर्ण देव मेहरा, सुरिंद्र छिंदा, सरदार महेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह, अमित चौधरी, सौरभ चौधरी, पंकज शर्मा अनु, गुरनाम सिंह, सौरभ मल्होत्रा, सुसरत शर्मा, पवन कुमार को उपप्रधान, अजय विवेक पठानिया, मनु शर्मा, विजय कुमार बिजु को महासचिव बनाया गया। जिला स्तरीय बैसाखी मेला कमेटी के अध्यक्ष राजिंदर राजू ने बताया कि 13 अप्रैल को मिनी हरिद्वार जवाली में स्नान होगा तथा 14 अप्रैल को विशाल दंगल होगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय बैसाखी मेला को धूमधाम से मनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### धीरा का जिलास्तरीय होली मेला 15 से 17 तक

**राकेश डोगरा, डरोह।** धीरा का जिलास्तरीय होली मेला 15 से 17 मार्च तक तीन दिन चलेगा। जिसमें उपमंडल परिसर में खेलकूद प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। जिसमें कबड्डी, वॉलीबाल व रस्सा-कस्सी की प्रतियोगिताएं शामिल हैं। कबड्डी अंडर-21 में विजेता टीम को 3100 व उपविजेता टीम को 2100 रुपए इनाम के रूप में दिए जाएंगे। कबड्डी अंडर-16 में विजेता टीम को 1500 व उपविजेता टीम को 1100 रुपए इनाम दिया जाएगा। वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता टीम को 4100 व उपविजेता टीम को 3100 रुपए दिए जाएंगे। इसके साथ-साथ रस्सा-कस्सी में विजेता टीम को 2100 व उपविजेता टीम को 1500 रुपए इनाम के रुप में दिए जाएंगे। इसमें रस्सा-कस्सी की एंट्री फीस नहीं ली जाएगी। जबकि कबड्डी अंडर-16 की एंट्री फीस 200 रुपए होगी। बाकी प्रतियोगिताओं की एंट्री फीस 500 रुपए ली जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### बुजुर्ग को 4 माह से नहीं मिली बुढ़ापा पेंशन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर पंचायत के गांव डकियाड़ा के बुजुर्ग रत्न सिंह को



पिछले चार माह से बुढ़ापा पेंशन नही मिल पाई है। जिस कारण बुजुर्ग व उसके परिवार में उसकी बेटी व पोती को खाने के लाले पड़े हुए हैं। इसी बिषय पर मंगलवार को अपनी व्यथा सुनाते हुए बुजुर्ग ने कहा कि उन्हें 1700 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से बुढ़ापा पेंशन मिलती है जोकि पिछले चार माह से उसे नही मिली है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि उनकी आर्थिक मदद की जाए।

### पेड़-पौधों की पहचान की दी जानकारी

**भूषण शर्मा, नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में हिमालयन फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट शिमला में कार्यरत वैज्ञानिकों डॉ. संदीप शर्मा (निदेशक एचएफआरआई) व डॉ पवन कुमार ( वैज्ञानिक- एफ, एंटोमोलॉजिस्ट ) द्वारा महाविद्यालय के जीव विज्ञान के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों की पहचान करने व उन्हें नुकसान पहुंचाने वाले कीट पतंगों के बारे में जानकारी दी । उसके साथ ही वनस्पति विज्ञान व प्राणी विज्ञान विषयों में बीएससी/ एमएससी करने वाले विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कैरियर अवसरों के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 35 विद्यार्थी मौजूद रहे । कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार ठाकुर के दिशानिर्देशन में जीव विज्ञान विभाग के शिक्षकों डॉ राकेश कुमार व डॉ दिलजीत सिंह द्वारा किया गया । (अनंत ज्ञान)

### ज्वालामुखी के शिव गढ़ी मंदिर में लगा भंडारा

**देशराज, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी के प्राचीन शिव गढ़ी मंदिर में भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के संचालक महंत चुन्नी लाल ने बताया कि दवाइयों से ठीक न होने वाली दाद, खाज मंदिर में हाजिरी लगाने मात्र से ही ठीक हो जाते हैं। ज्वालामुखी मंदिर के पुजारी काकू शर्मा, ज्वालामुखी नप के उपाध्यक्ष शिव गोस्वामी आदि ने भंडारे में श्रमदान देकर पुण्य कमाया । (अनंत ज्ञान)

### टांडा मेडिकल कॉलेज में लगाया लंगर



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** टांडा मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को नर बहादुर थापा मंदिर मक्रोटी द्वारा लंगर लगाया गया टांडा में हर मंगलवार को मंदिर कमेटी द्वारा इस लंगर का आयोजन किया जाता हैं ।

### राज्यस्तरीय सलियाना छिंज मेला 28 से

**अजय पाल, पंचरुखी।** पंचरुखी में राज्यस्तरीय ऐतिहासिक सलियाना छिंज मेला 28 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा। 30, 31 मार्च व 1 अप्रैल को तीन सांस्कृतिक संध्याओं को आयोजन किया जाएगा जिसमें एक संध्या महिला कलाकारों के नाम रहेगी। इस मेले में वॉलीबाल व कबड्डी के टूर्नामेंट करवाए जाएंगे, जिसमें राष्ट्रीय स्तर की टीमें दमखम दिखाएंगी। इस मेले को पहले स्थानीय पंचायत कमेटी गठित कर करवाती थी, लेकिन राज्य स्तरीय दर्जा मिलने के बाद अब इसे प्रशासन करवाता है। पिछले वर्ष मेले में आए कुछ व्यापारियों से ज्यादा रुपए लेने के कारण राजस्व विभाग के कर्मचारियों पर धांधली के आरोप भी लगे थे। इस बार मेला कमेटी लोगों की राय जानने के बाद मेला ग्राउंड का टेंडर करवा रहा है। अब एक व्यक्ति को ही मेला ग्राउंड का ठेका दे दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# शराब और बिजली पर सेस लगाकर आय बढ़ाएगा नगर निगम धर्मशाला

## एमसी का वार्षिक 141.51 करोड़ रुपए का बजट पेश, गृह कर में मिलेगी छूट

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



मंगलवार को नगर निगम धर्मशाला द्वारा वार्षिक बजट पेश किया गया। नगर निगम की मेयर नीनू शर्मा ने बजट पेश करते हुई कई घोषणाएं भी की। नगर निगम धर्मशाला ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 141.51 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। मेयर नीनू शर्मा ने यह बजट नगर निगम की बैठक में प्रस्तुत किया। बजट में निगम की आय बढ़ाने के लिए कई अहम प्रस्ताव पारित किए, जिनमें शराब और बिजली पर अतिरिक्त सैस लगाने का प्रस्ताव शामिल है।

पहले जहां शराब पर 1 रुपए प्रति बोतल सेस लिया जाता था, वहीं अब देसी शराब पर 3 रुपए और अंग्रेजी शराब पर 5 रुपए प्रति बोतल सैस लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। इसी तरह बिजली उपभोक्ताओं पर भी सेस बढ़ाने की योजना बनाई गई है। पहले निगम द्वारा 1 पैसा प्रति यूनिट अतिरिक्त सैस लिया जाता था, जिसे अब बढ़ाकर 10 पैसे प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव रखा गया है। पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम ने सोलर पैनल लगाने पर हाउस टैक्स में छूट देने का प्रावधान किया है। प्रस्ताव के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अपने घर में सोलर पैनल लगवाता है, तो उसे हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वहीं व्यावसायिक भवनों में सोलर पैनल लगाने पर 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। नगर निगम की बैठक में पारित किए सभी प्रस्तावों को अब मंजूरी के लिए सरकार को भेजा जाएगा।

घर की छत के माध्यम से वर्षा जल संग्रहण पर जोर दिया गया व घर निर्माण पर दूसरी मंजिल के लिए गृह अनुदान नहीं दिया जाएगा। नगर निगम द्वारा सोलर एनर्जी को प्रोत्साहन दिया जाएगा साथ ही गृह कर में विभिन्न दर से छूट देने की बात कही गई। नगर निगम द्वारा प्राकृतिक जल स्त्रोतों और कूहलों का जीर्णोद्धार किया जाएगा, जबकि क्यूआर बेस्ड यूजर शुल्क वसूले जाएंगे। पूरे वर्ष का हाउस टैक्स एकमुश्त देने पर 10 फीसदी की छूट मिलेगी। नाइट स्ट्रीट फूड मार्केट के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी जिसमें 5 करोड़ से 50 दुकानें बनाई जा रहीं है। नगर निगम द्वारा शहर में वेस्ट टू बेस्ट पार्क का निर्माण भी करेगा। सभी आवासीय और व्यावसायिक भवनों में वर्षा जल संचय अनिवार्य किया गया है। इस मौके पर डिप्टी मेयर तेजेंद्र कौर, काउंसलर एवं पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी, ओंकार नैहरिया, अनुराग कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

### बहुमंजिला व सड़क किनारे पार्किंग का किया प्रावधान

**नगर** निगम की मेयर नीनू शर्मा ने कहा कि नगर निगम में बहुमंजिला पार्किंग व सड़क किनारे पार्किंग का प्रवधान किया जाएगा, जिसमे पीली लाइन लगाई जाएगी, जहां स्थान उपलब्ध होगा, जिससे आय भी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में कूड़ा उठाने से लेकर बेसहारा पशुओं से धर्मशाला शहर को निजात दिलवाने के लिए अब नगर निगम द्वारा धर्मशाला शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को ज्वालामुखी के गो सदन में रखने का भी प्रस्ताव रखा गया है। इसी के साथ पुरानी बबड़ियों यह प्रकृति स्त्रोतों को बचाने के लिए बजट में पर वार्ड को पांच लाख रुपये देने का प्रवधान किया गया है।

### भ्रूण जांच को रोकने के लिए जनभागीदारी जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भ्रूण की लिंग जांच और भ्रूण हत्या को रोकने के लिए जनभागीदारी सबसे ज्यादा जरूरी है। लिंग अनुपात को बेहतर बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण भूमिका यदि कोई निभा सकता है तो वे आम समाज है। सीएमओ कार्यालय धर्मशाला में मंगलवार को आयोजित गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एंड पीएनडीटी) अधिनियम, 1994 के तहत गठित जिला एडवाइजरी कमेटी व जिला एप्रोप्रियेट अथॉरिटी की बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने यह बात कही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला एडवाइजरी कमेटी और जिला अप्रोप्रिएट अथॉरिटी भ्रूण हत्या और लिंग जांच को रोकने के लिए कार्य करती है। सीएमओ ने बताया कि जिले में सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों का तीन महीने में एक बार निरीक्षण किया जाता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों में अनियमितता पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बिजली का बिल न देने पर पर कटेगा कनेक्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमंडल सिद्धपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ता अगर समय पर बिजली का बिल नहीं भरेंगे तो उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। यह बात विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त अगर किसी उपभोक्ता को बिजली का बिल प्राप्त नहीं हो रहा है या बिल से सम्बन्धित कोई मैसेज नहीं आ रहा है तो उपभोक्ता इस कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त कर सकता है इसके अलावा उपभोक्ता 01892-246394 नं. पर भी संपर्क कर सकता है।

## छात्रों की संख्या में वृद्धि और पुस्तकालय संचालन पर चर्चा



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**मटौर** स्कूल में उच्च शिक्षा उपनिदेशक विकास महाजन की अध्यक्षता में शिक्षा खंड धर्मशाला, कांगड़ा और नगरोटा बगवां के लगभग 94 स्कूलों के मुखियों ने भाग लिया। जिसमें स्थानीय प्रधानाचार्य संदीप शर्मा की उपस्थिति में मीटिंग हुई। प्रधानाचार्य एवं विद्यालय के सभी अध्यापकों ने शिक्षा उपनिदेशक एवं सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया और अनेक विषयों पर उच्च शिक्षा उपनिदेशक ने विचार विमर्श किया। जिसमें मुख्य विषय छात्रों की संख्या में वृद्धि, पुस्तकालय संचालन व पुस्तकालय में विभिन्न-विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए एक अलग से अलमारी पर चर्चा हुई और स्मार्ट कक्षा कक्ष व विज्ञान प्रयोगशाला उपकरणों की प्रदर्शनी पर दिशा निर्देश दिए गए। अध्यापकों के लिए ड्रेस कोड, एनसीसी में अधिक बच्चों का भाग लेना व नशा निवारण आदि अनेक विषयों पर दिशा निर्देश दिए गए।

## नारी के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण संभव

### भाजपा महिला मोर्चा ने नशामुक्त हिमाचल का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



**भाजपा** महिला मोर्चा पालमपुर द्वारा महिला दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल उपस्थित रहे। उनके साथ प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर एवं जिला अध्यक्ष रागिनी रुकवाल उपस्थित रहे।

संजीव ने बताया कि महिला मोर्चा ने इस सम्मेलन के दौरान नशा मुक्त हिमाचल का संकल्प लिया और हर बूथ एवं शक्ति केंद्र पर नशे के खिलाफ एक जोरदार अभियान चलाने की रणनीति तैयार की महिला मोर्चा नशा मुक्त हिमाचल में अग्रिम भूमिका निभाएगा। महिलाएं समाज में व्यक्ति निर्माण को लेकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और इस अभियान को भी तेज गति से आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि यह दिवस मनाने की परंपरा के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस कालखंड में नारी समुदाय ने अभूतपूर्व प्रगति की है। स्वावलंबी, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त नारी के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण हो सकता है। विकसित भारत का संकल्प हम सब का संकल्प है, जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने आह्वान किया कि हमें एक ऐसे आदर्श समाज का निर्माण करना है, जहां कोई भी बेटी या बहन किसी भी समय, कहीं भी अकेले जाने में और कहीं भी रहने में डरे नहीं, हिमाचल की कानून व्यवस्था तो आपको मालूम ही है।



डाडासीबा की सुमन ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह! आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## तकीपुर कॉलेज के मेधावी किए सम्मानित

### विद्यार्थी अपने लक्ष्य निश्चित कर कठिन परिश्रम करें: अत्री

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

**अटल** बिहारी बाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इसमें डॉ. केएस अत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। प्राचार्य ने कॉलेज में 2024-25 की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने कहा कि यह महाविद्यालय क्षेत्र में एक उम्मीद की किरण बनकर उभरा है। इस अवसर पर मुख्यअतिथि ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है। मुख्य अतिथि ने प्रतिभाशाली छात्रों को चहुंमुखी उन्नति की दिशा में बढने की प्रेरणा भी दी। उन्होंने कहा कि इसके लिए छात्र अपने लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम करें। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इसमें प्रिया शर्मा, अंकिता देवी, प्रिया, शिवांगी भाटिया, तनुज, अनीश, मुस्कान, भूमिका, अंकिता, श्रुति, गुरविन्दर, कोमल डढ़वाल, सुनील, अंशुल, खुशी, प्रियंका, अंजली चौधरी, निशा शर्मा, खुशी, अंकिता कुमारी, रितिका देवी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा नयन, विशाखा, पलक चौधरी, महक, मनसवी, श्वेता देवी, स्नेहा चौधरी, काजल, पलक, सीमा कुमारी, तुषार चौधरी, कशिश, शिवा अटवाल, तनुज, आकांक्षा, शिवांगी भाटिया, मुस्कान, पीयूषा, स्नेहा, अनुषिका, ज्योति, कोमल डढ़वाल, सुनील, आईना नंदा, श्रुति, आंचल एवं अनुज कौंडल अव्वल रहे।

इस अवसर प्रो विजय कुमार, डॉ प्रीति वाला, प्रो सुरेश, डॉ. अश्विनी शर्मा, प्रो लेखराज, प्रो अमन वालिया, डॉ. सुनील, प्रो मेघा शर्मा प्रो साहिल, लाईब्रेरियन सविता, सुदर्शना देवी, अधीक्षक गुरदेव सिंह, जनक राज, मुनीष कुमार, आशु , ओंकार सिंह व योगेश्वर इत्यादि भी उपस्थित रहे।



### साहिल व पीयूषा को मिला बेस्ट एथलीट का खिताब

**खेलकूद** प्रतिस्पर्धा में अनुज, अनुराग, आशीष कुमार, अविनाश, ज्योति, कोमल डढ़वाल, कशिश, नंदिनी, प्रिंस रोबिन, साहिल , सोनाक्षी, सौरभ, सुजल, तनिषा, दिवांशी अव्वल रहे। साहिल और पीयूषा ठाकुर को बेस्ट एथलीट के खिताब से सम्मानित किया गया।

## श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हुआ इंडो-कैरिबियन अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी (एसएससीपी) ने एपीपी पंजाब राज्य शाखा और एपीपी वेस्टइंडीज अंतरराष्ट्रीय शाखा के सहयोग से 'ड्रग डिजाइन, डिस्कवरी और फार्मास्युटिकल साइंसेज में हालिया प्रगति' पर इंडो-कैरिबियन अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।



फार्मास्युटिकल अनुसंधान में उत्कृष्टता को स्वीकार करने के लिए वभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार में प्रथम स्थान डॉ. नितीश और पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार में पहला स्थान आकांक्षा को मिला। इसमें फार्मास्युटिकल विज्ञान में नवीनतम नवाचारों और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए शिक्षा जगत, उद्योग और अनुसंधान संस्थानों के विशेषज्ञ एक साथ आए।

सम्मेलन का उद्घाटन अध्यक्ष इंजी. एसके पुंज, एसएसजीआई प्रबंध निदेशक तृप्ता पुंज, एसएसजीआई डीन और निदेशक अकादमिक रणजीत सिंह, प्रख्यात वक्ता प्रो. राजीव दहिया, प्रो. एस. सदीश, प्रो. दीपक कुमार, प्रिंसिपल एसएससीपी डॉ. राजेश गुप्ता और डीन और निदेशक डॉ. गिरीश गुप्ता एसएससीपी के अनुसंधान निदेशक प्रो. (डॉ.) गिरीश कुमार गुप्ता शामिल थे। इस सम्मेलन में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से लगभग 300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और यह फार्मास्युटिकल विज्ञान के निरंतर विकसित क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रगति और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एक बहु-विषयक मंच के रूप में कार्य किया। ( अनंत ज्ञान )

### अनाथ बच्ची को भेजी 10 हजार रुपए की मदद

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर की पंचायत फतेहपुर के गांव डकियाड़ा की अनाथ एक बेटी को जय मां संतोषी के एक भगत ने 10 हजार रुपए की आर्थिक मदद भेजी है। रेहन के समाजसेवी रजिन्द्र सिंह धनोआ ने बताया पठानकोट निबासी जय मां संतोषी के भक्त ने दस हजार की आर्थिक मदद भेजी है जिसे उक्त बेटी सुखप्रीत कौर के बैंक अकॉउंट में जमा करवा दिए है। बता दें बेटी के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भलाड**
विकास खण्ड नगरोटा सूरियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

प्रस्ताव सख्या:-04 दिनांक- 11/03/2025

आज दिनांक 11/03/2025 को ग्राम पंचायत भलाड की बैठक प्रधान श्री मंगल सिंह जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित कार्यवाही अम्ल में लायी गई।

**विषय - वर्ष 2025-26 हेतु मनरेगा व अन्य मदों हेतु मैटीरियल की निविदाएँ आमंत्रित करने बारे**

बैठक में प्रधान ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव रखा और समस्त उपस्थित सदस्यों को इस बारे अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत में मनरेगा व अन्य मदों के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्य करवाए जाने है अतः इनके लिए मैटीरियल क्रय करने के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाएँ। कोटेशनर के पास GST नंबर व बिलिंग भुगतान के समय HP Mineral Rules 2015 के अंतर्गत फार्म X व Y फार्म प्रस्तुत करना अनिवार्य है। कोटेशन दिनांक 20/03/2025 तक सीलबंद लिफाफे में डाक द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए, सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।

1. क्रेशर रेत - प्रति घन मीटर, 2. क्रेशर बजरी 10/20/40एमएम- प्रति घन मीटर, 3. क्रेशर 63/90 एमएम- प्रति घन मीटर, 4.पत्थर (बोल्डर) दुलाई पहुंच सहित- प्रति घन मीटर, 5. सीमेंट बैग दुलाई पहुंच सहित सिविल सप्लाई फतेहपुर से लेकर कार्यस्थल तक (लोडिंग व अनलोडिंग सहित)- प्रति बैग, 6. शटरिंग किराया (स्टील)- प्रति स्केयर मीटर, 7. शटरिंग किराया (लकड़ी) - प्रति स्केयर मीटर, 8. कंक्रीट मिक्सचर किराया- प्रति दिन, 9. पानी के टैंकर का किराया- प्रति टैंकर, 10. डुलाई जी0 आई0 वायर व स्टील 10एमएम, 12एमएम जसूर एग्रो (Govt. Firm) से ग्राम पंचायत भलाड तक (लोडिंग व अनलोडिंग सहित-प्रति फेयर, 11. कंक्रीट का बैंच - प्रति यूनिट, 12. लोहे का बैंच-प्रति यूनिट, 13. खेल सामग्री व व्यायाम हेतु इक्विपमेंट - प्रति यूनिट, 14. जे0 सी0 बी0 मशीन किराया - प्रति घंटा, 15. कार्य स्थल बोर्ड लिखवाई-प्रति यूनिट, 16. पक्की ईंट दुलाई पहुंच सहित ग्रेड-ए.बी.सी- प्रति यूनिट, 17. आर0 सी0 सी0 ह्यूम पाइप 300 एम, 250, 300, 400 600 एमएम (पहुंच सहित) - प्रति यूनिट, 18. स्थापना वाटर कूलर 15/40, 20/40, 40/80 लीटर क्षमता आयरन फ्रेम, टंकी व प्लंबिंग सहित (पहुंच सहित)- प्रति यूनिट 19. स्थापना वाटर टैंक आयरन स्टैंड 2000, 1000 लीटर क्षमता व स्टैंड (पहुंच सहित) - प्रति यूनिट

निविदाएँ इसके लिए गठित कमेटी के समक्ष दिनांक 24/03/2025 को खोली जाएंगी न्यूनतम रेट वाले निविदादाता की कोटेशन स्वीकृत की जाएगी। निविदाएँ वर्ष 2025-26 के लिए मान्य होंगी। मेटीरियल सप्लाई ना करने की दशा में, घटिया मैटेरियल सप्लाई करने की दशा, विलम्ब से सप्लाई करने की दशा, कोटेशन प्रस्तुत करने वाले फर्म की अनुपस्थिति में (कोटेशन खोलने के समय) अन्य किसी कारण से पंचायत के पास निविदाएं रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

सचिव ग्राम पंचायत भलाड
विकास खण्ड नगरोटा सूरियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत नरगाला**
विकास खंड नगरोटा सूरियां , तह. ज्वाली, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

प्रस्ताव संख्या 06 अध्यक्षता प्रधान श्री शिव कुमार दिनांक 5/03/2025

आज दिनांक 5/03/2025 को ग्राम पंचायत नरगाला की बैठक प्रधान श्री शिव कुमार जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित कार्यवाही अम्ल में लायी गयी ।

**विषय:- वर्ष 2025-26 हेतु मनरेगा व अन्य मदों हेतु मेटीरियल की निविदाएँ आमंत्रित करने बारे**

बैठक में प्रधान ग्राम पंचायत नरगाला ने प्रस्ताव रखा और समस्त उपस्थित सदस्यों को इस बारे अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत में मनरेगा व अन्य मदों के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्य करवाए जाने है अतः इनके लिए मैटीरियल क्रय करने के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाएँ। कोटेशनर के पास TIN/GST नंबर होना अनिवार्य है कोटेशन दिनांक 20/03/2025 तक सीलबंद लिफाफे में डाक द्वारा / स्वयं पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। अतः दिनांक 21/3/2025 को जिस दिन कोटेशन खोली जाती है उस दिन निविदाकर्ता भी उक्त दिनांक को आमन्त्रित है ताकि पारदर्शिता के साथ कोटेशन खोली जाए अगर निवि कर्ता उक्त दिनांक को नहीं पहुंचते तो निविदाओं उनके बिना ही खोल दी जाएगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र.सं. | विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | रेत, बजरी क्रशर M FORM व F.O.R सहित सभी साइज | फुट में |
| 2 | पत्थर (बोल्डर) दुलवाई F.O.R सहित | फुट में |
| 3 | ईंट पक्की A,B,C ग्रेड F.O.R सहित | प्रति हजार |
| 4 | सीमेंट दुलवाई HPSCSC फतेहपुर से नरगाला पंचायत तक | प्रति बैग |
| 5 | शटरिंग लोहे की | SFT |
| 6 | स्टेशनरी कार्यालय प्रयोगार्थ | मद वार |
| 7 | J.C.B मशीन किराया (लॉग बुक सहित) | प्रति घंटा |
| 8 | पानी का टैंकर किराया | प्रति टैंकर |
| 9 | मैटीरिअल मिक्सर किराया तेल सहित | प्रतिदिन |
| 10 | साईन बोर्ड बनवाई, पेन्टिंग, व लिखवाई | प्रति बोर्ड |
| 11 | पंचायती पार्क हेतु खेल सामग्री | मद वार |
| 12 | बैठने के लिए बैंच सार्वजनिक स्थानों हेतु (RCC AND IRON) | प्रति बैंच |
| 13 | एल्युमिनियम व स्टील के दरवाजे | प्रति फुट |
| 14 | लकड़ी के दरवाजे व खिड़कियाँ | प्रति फुट |
| 15 | सरिया सभी साईज | प्रति किलो ग्राम |
| 16 | WATER COOLER सभी साइज | |
| 17 | पानी की मोटरें | |

निविदाएँ इसके लिए गठित कमेटी के समक्ष दिनांक 21/03/2025 को दोपहर 1:00 बजे खोली जाएगी न्यूनतम रेट वाले निविदादाता की कोटेशन स्वीकृत की जाएगी । निविदाएँ वर्ष 2025-26 के लिए मान्य होंगी। मेटीरिअल सप्लाई ना करने की दशा में वो अन्य किसी कारण से पंचायत के पास निविदाएं रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा ।

नोट : उपरोक्त निवेदिताएं सरकारी दर पर प्रकाशित की जाएं ।

ग्राम पंचायत नरगाला वि.ख. नगरोटा सूरियां (कांगड़ा)

**कार्यक्रम** राजपुर कॉलेज में 'कृषि में उद्यमिता व रोजगार के अवसर' पर किया जागरूक

# कृषि व्यवसाय से अच्छी आजीविका कमा सकते हैं युवा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज राजपुर में 'कृषि में उद्यमिता और रोजगार के अवसर' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रगतिशील कृषि उद्यमी सुरेश चौधरी रहे। कृषि विभाग से डिप्टी डायरेक्ट एग्रीकल्चर डॉ. कुलदीप सिंह धीमान, सब्जेक्ट मैटर स्पेशलिस्ट डॉ. नगेंद्र नाग और एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ऑफिसर डॉ. अंकित पठानिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को कृषि व्यवसाय से जोड़ना था।

कृषि उद्यमी सुरेश चौधरी ने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि कैसे आज के युवा अपने कृषि व्यवसाय से ही अच्छी आजीविका कमा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी शिक्षा का लाभ लेते हुए खेती को केवल परंपरागत तरीके से नहीं, बल्कि एक उन्नत और लाभकारी व्यवसाय के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा आपको कल्टीवेशन, वैरायटी और ब्रांडिंग की सही जानकारी देती है और कृषि में ये बहुत उपयोगी है। कॉलेज के निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि आज के समय में कई युवा विदेशों और बहुराष्ट्रीय आईटी कंपनियों को छोड़कर खेती-बाड़ी को अपना रहे हैं बेहतर आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेती को एक सफल व्यवसाय बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. नगेंद्र नाग ने छात्रों को स्किल डेवलपमेंट और सरकार द्वारा किसानों को कई योजनाओं और अनुदानों की जानकारी दी और कृषि को एक सफल स्टार्टअप के रूप में अपनाने की सलाह दी।



### ऐसे खेती को बना सकते लाभकारी व्यवसाय

**डिप्टी** डायरेक्ट एग्रीकल्चर डॉ. कुलदीप सिंह धीमान ने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य का कार्यक्रम आयोजन के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आज के युवा खेती से दूर हो रहे हैं, लेकिन अगर वे नई तकनीक, ग्रीनहाउस तकनीक, वर्मीकम्पोस्टिंग और जैविक खेती अपनाएं, तो वे खेती को एक लाभकारी व्यवसाय बना सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एक देश एक चुनाव समय की जरूरत : प्यार सिंह

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश भाजपा के सह मीडिया संयोजक कंवर प्यार सिंह ने बताया की एक देश एक चुनाव समय की आवश्यकता है। लोकतंत्र में चुनाव एक अनिवार्य प्रक्रिया है वर्तमान समय में देखा जाए तो आज देश में आए दिन किसी न राज्य में चुनाव हो रहे होते हैं जिसके कारण देश हर समय चुनावी मोड में रहता है परिणाम स्वरूप प्रशासनिक व नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं । और देश के खजाने पर भारी बोझ पड़ता है। बार-बार चुनाव आचार संहिता लगने से कार्य प्रभावित होते हैं विभिन्न योजनाओं को लागू करने में समस्या आती है और देश का विकास रुकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा तथा विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करने का विचार बनाया है। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह खुले दिल से देशहित में इस पर गंभीर विचार करें और देश को आगे ले जाने वाले ऐसे निर्णय में भागीदार बने।

### सरकार से ग्रेच्युटी लागू करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** आंगनबाड़ी वर्कर्ज एवं हैल्पर्ज यूनियन संबंधित सीटू हिमाचल प्रदेश की राज्य कमेटी की बैठक सीटू राज्य कार्यालय किसान मजदूर भवन शिमला में सम्पन्न हुई। बैठक के उपरांत मिनी आंगनबाड़ी व अन्य आंगनबाड़ी कर्मियों के वेतन सहित अन्य मुद्दों पर 29 सूत्रीय मांग पत्र महिला एवं बाल कल्याण विभाग के निदेशक पंकज कुमार ललित व अतिरिक्त निदेशक मोहन दत्त को सौंपा। अधिकारियों ने तुरंत मांगों के समाधान का आश्वासन दिया। यूनियन की राज्य कमेटी बैठक को विजेंद्र मेहरा, नीलम जसवाल व वीना शर्मा ने सम्बोधित किया। उन्होंने प्रदेश सरकार से सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार ग्रेच्युटी लागू करने की मांग की।

### साक्षी को मिली राज्य सचिव की कमान



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** मानवाधिकार परिषद की भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा इकाई द्वारा साक्षी को परिषद की राज्य सचिव मनोनित किया गया गया है। परिषद के प्रदेशाध्यक्ष हरि सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के निरमंड से संबंध रखने वाली साक्षी को भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की राज्य सचिव मनोनीत किया गया है। उन्होंने कहा कि मोर्चे द्वारा महिला विंग की इस ताजपोशी से संस्था तथा समाज हित के कार्यों को गति प्रदान होगी।

### शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल को मिली बड़ी उपलब्धि

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग जुब्बल-नावर-कोटखाई की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय जुब्बल में संपन्न हुई। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों ने बैठक में संयुक्त रूप से माननीय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में पहली बार केरल को पछाड़ हिमाचल प्रदेश को नंबर एक पर आने पर खुशी जताई। विभाग के पदाधिकारियों ने कहा कि एक ओर जहां शिक्षा के क्षेत्र में मिली उपलब्धि से हिमाचल प्रदेश गौरवान्वित हुआ है वहीं जुब्बल-नावर-कोटखाई की प्रबुद्ध जनता का भी मान-सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि के लिए रोहित ठाकुर को बधाई दी।

### टीबी मुक्त भारत के तहत निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** कोटखाई में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के बच्चों द्वारा एक जागरूक रैली निकाली गई, जिसमें स्कूल के लगभग डेढ़ सौ बच्चों ने भाग लिया, साथ ही कोटखाई स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। बच्चों द्वारा विभिन्न नारों और पोस्टरों के माध्यम से टीबी जैसे रोग के विषय में जानकारी दी।

### बच्चों ने किया कोटखाई एसडीएम से संवाद



**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** कोटखाई सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के शिष्यों ने एसडीएम कोटखाई मोहन शर्मा से मुलाकात कर संवाद किया। बातचीत के दौरान बच्चों ने एसडीम महोदय के जीवन की उतार-चढ़ाव और बाल्य काल के विषय में जानकारी एकत्रित की। एसडीएम मोहन ने सभी बच्चों को नशे से दूर रहने को कहा। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य सूरजपाल चौहान भी उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय में दो छात्र गुटों में खूनी संघर्ष, सात जख्मी

## ढाबे पर किसी बात को लेकर हुई बहस, उसके बाद हुआ एक-दूसरे पर हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



खूनी टकराव के दौरान घायल कार्यकर्ता।

विधानसभा सत्र के बीच ही प्रदेश विश्वविद्यालय में एक खूनी झड़प के तहत दो छात्र गुटों में खूनी टकराव हो गया। एडम ब्लॉक के समीप बने ढाबे के पास एबीवीपी और एसएफआई आपस में भिड़ गए। इस झड़प में सात छात्र जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस का भारी दल घटनास्थल पर पहुंच गया था और बारदात की असली वजह जानने की जांच में जुट गया था।

जानकारी मिली है कि मंगलवार सुबह दस बजे के करीब हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कैंपस में यह भिड़ंत देखने को मिली। एसएफआई के कार्यकर्ता एडम ब्लॉक के समीप बने एक ढाबे में सुबह का नाश्ता कर रहे थे, तो इसी दौरान यहां एबीवीपी के कार्यकर्ता भी आ पहुंचे और दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बाद में यह कहासुनी देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई और इसमें लगभग सात कार्यकर्ता गंभीर जख्मी हुए हैं। घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में माहौल तनावपूर्ण हो गया है।

विधानसभा सत्र के दौरान ऐसी वारदातें परेशान करने वाली है । पुलिस इस घटनाक्रम के अहम साक्ष्यों की पड़ताल में जुट गई है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कर आगामी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### एसएफआई कार्यकर्ताओं ने किया तेज हथियारों से वार : अभाविप

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के इकाई मंत्री आशीष शर्मा ने कहा कि 10 से 15 दिनों से विश्वविद्यालय में एसएफआई द्वारा एबीवीपी की छात्रा कार्यकर्ताओं के ऊपर गलत कमेंटिंग एवं कार्यकर्ताओं के ऊपर गाली गलौच एवं धमकी दी जा रही थी। विद्यार्थी परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में सिक्योरिटी को न हटाने के लिए कुलपति एवं डीएसपी से मिलना हुआ था। जिसमें विद्यार्थी परिषद ने यह मांग रखी थी कि विश्वविद्यालय में सिक्योरिटी होना अत्यंत आवश्यक है लेकिन इसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा कोई सिक्योरिटी विश्वविद्यालय में नहीं लाई गई एवं पूरी फोर्स को हटा दिया गया था। जिस कारण एसफआई के कार्यकर्ता उपद्रव मचाते रहते हैं।

### चरस तस्करी के आरोपी की जमानत याचिका रद्द

**पुष्पेंद्र, शिमला।** न्यायाधीश विरेंद्र सिंह ने चरस तस्करी के आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी पर मादक पदार्थों के प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए कोर्ट का मानना है कि आवेदक बीएनएसएस की धारा 482 के तहत किसी भी राहत का हकदार नहीं है।

पुलिस के अनुसार 4 मार्च 2025 को मामले के जांच अधिकारी अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ वाहन चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम नीरज (आवेदक) बताया। जांच के दौरान आरोपी ने वाहन से एक सफेद रंग का पैकेट सड़क के निचले हिस्से की ओर फेंक दिया और मौके से भाग गया। उसके द्वारा फेंके पैकेट को खोला गया तो उसमें चरस पाई गई, जिसका वजन करने पर 477 ग्राम पाया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी (आवेदक) ने कथित तौर पर 477 ग्राम चरस वाले पैकेट को फेंक दिया और उसके बाद अपने वाहन को चलाते हुए मौके से भाग गया। पुलिस का कहना था कि आवेदक मामले की जांच में शामिल नहीं हो रहा है। इसलिए, आवेदन को खारिज करने की प्रार्थना की गई थी। (अनंत ज्ञान)

# कठिन परिस्थितियों के बावजूद रख रहे आत्मनिर्भर हिमाचल की नींव : सीएम

**अनंत ज्ञान, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार कठिन परिस्थितियों के बावजूद आत्मनिर्भर हिमाचल की नींव रख रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए महज कुछ लोगों पर राज्य की संपदा लुटाना उचित नहीं है, बल्कि प्रत्येक वर्ग को अधिकार मिलना चाहिए।

सुक्खू ने यहां शिमला के कॉलेज कोटशेरा में यह बातें कही और कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए राज्य सरकार अगले शैक्षणिक सत्र से जिला मुख्यालयों पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में को-एजुकेशन शुरू की जाएगी। राज्य सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोल रही है और अगले सत्र से दस ऐसे स्कूल कार्य करना शुरू कर देंगे।

इन स्कूलों में स्वीमिंग पूल, इनडोर स्टेडियम और खेल गतिविधियों के लिए बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम छह महीने में 900 संस्थान खोल दिए, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने पर जोर दे रही है ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें।

उन्होंने कहा कि जिन शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों की संख्या कम है या जहां पर छात्रों को क्वालिटी एजुकेशन नहीं मिल पा रहा है, उन्हें अगले शैक्षणिक सत्र से बंद कर दिया जाएगा और ऐसे शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए निकट के अच्छे संस्थानों में सीटें बढ़ाई जाएगी और विद्यार्थियों को आने-जाने का खर्च भी राज्य सरकार द्वारा प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान कॉलेज में सेंट्रल हीटिंग सिस्टम लगाने के साथ-साथ कॉलेज में अगले शैक्षणिक सत्र से इकोनोमिक्स, पॉलिटिक्ल साइंस और इंग्लिश की पीजी कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

# विदेशों से आ रहे पौधों में वायरस बागवानी इंडस्ट्री पर संकट : बरागटा

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बागवानी उद्योग पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। विदेशों से लाखों की संख्या में सेब के पौधे बिना उचित जांच और क्वॉरनटीन प्रक्रिया के लाए जा रहे हैं, जिससे घातक वायरस और कीट हमारे बागानों में फैल चुके हैं।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने कहा कि प्रदेश सरकार नियमों को सही तरीके से लागू नहीं करवा पा रही है, जिसके कारण अब तक विभिन्न प्रकार के वायरस की पहचान हो चुकी है और कई तरह के वायरस सेब के पौधों में आ चुके हैं। यह स्थिति हिमाचल की बागवानी इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। बरागटा ने बताया कि पहले हिमाचल के बागानों में न देखे गए कीट अब तेजी से फैल रहे हैं, जैसे डॉग हेड बोरर और फ्रूट फ्लाई, जो सेब के पौधों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

विदेशों से आने वाले पौधों के लिए 2003 के तहत एक साल का क्वॉरनटीन जरूरी है। इन पौधों को नर्सरी साइट पर विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों की निगरानी में रखा जाता है, जहां उनकी गहन जांच के बाद संक्रमित पौधों को नष्ट किया जाना चाहिए। लेकिन कांग्रेस सरकार के संरक्षण में बिना किसी प्रक्रिया के ही संक्रमित पौधे खुलेआम बेचे जा रहे हैं।(अनंत ज्ञान)

### पोस्टर मेंकिग में निर्मला प्रथम

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी में महिला दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतिस्पर्धा करवाई गई, जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निर्मला ने प्रथम और मुस्कान दूसरे स्थान तथा नारा लेखन में महक ने प्रथम और निर्मला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सृष्टि ग्राम संगठन की प्रधान कांता शर्मा, सत्यम ग्राम संगठन की सचिव आशा शर्मा और बैंक सखी प्रतिभा ने स्वयं सहायता समूह के कार्यों एवं उद्देश्यों बारे विद्यार्थियों को अवगत करवाया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने बताया कि महिलाओं को एकजुट होकर काम करने से उन्हें कभी कोई मुश्किल नहीं आएगी।

# बंदरों व कुत्तों की समस्या को लेकर नागरिक सभा ने बुलंद की आवाज

**अनंत ज्ञान, शिमला**

बंदरों व कुत्तों की समस्या को लेकर शिमला नागरिक सभा का एक प्रतिनिधिमंडल नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान से मिला व उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। नागरिक सभा ने इस समस्या का समाधान मांगा है। नागरिक सभा ने चेताया है कि अगर समस्या से निजात न मिली तो शिमला शहर की जनता को लामबंद करके आंदोलन तेज किया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल में नागरिक सभा के सह संयोजक विजेंद्र मेहरा, जगत राम, समरहिल के पार्षद विरेंद्र ठाकुर, विवेक कश्यप, डॉ राजेंद्र चौहान, डॉ. विजय कौशल, किशोरी, रंजीव, सुनील वशिष्ठ, राजीव चौहान व राम प्रकाश शामिल रहे।

विजेंद्र मेहरा, जगत राम व विवेक कश्यप ने कहा कि शिमला शहर में बंदरों व कुत्तों का आतंक भयंकर रूप धारण कर चुका है। नगर निगम शिमला को प्रदेश व केंद्र सरकार से बंदरों को वर्मिन घोषित करके उनकी वैज्ञानिक कलिंग का मुद्दा उठाना चाहिए। नगर निगम को जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जनता को बताना चाहिए कि लोग बंदरों व कुत्तों को खाने की चीजें न दें व कोई फीडिंग एरिया न बनाएं। बंदरों व कुत्तों के मुद्दे पर आगामी नगर निगम सदन में एक प्रस्ताव पारित करके कोई ठोस समाधान तलाशना चाहिए।

### सुन्नी स्कूल में अध्यापकों ने स्वयं के लिए लगाया ड्रेस कोड

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** पीएम श्री राजकीय आदर्श उत्कृष्ठ बरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में प्रधानाचार्य विपिन रघुवंशी की अध्यक्षता में विद्यालय स्टाफ की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अध्यापकों ने निर्णय लिया कि शैक्षणिक सत्र 2025 से सभी अध्यापक विद्यालय में निर्धारित वर्दी में आएंगे। इस दौरान पुरुष वर्ग के लिए पेंट, कमीज और टाई तथा महिलाओं के लिए साड़ी और सूट का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है, जबकि केवल पुरुष वर्ग प्रत्येक शनिवार को ट्रैक सूट में स्कूल आएंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि शिक्षा सचिव द्वारा स्कूलों में बच्चों की संख्या को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। 29 मार्च को समिति की आम बैठक आयोजित की जाएगी।

# एम्स के बाहर कांग्रेस नेताओं का धरना

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ की नारेबाजी, अस्पताल निर्माण में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



एम्स अस्पताल बिलासपुर के निर्माण में भ्रष्टाचार होने व कर्मचारियों को निर्धारित वेतन से आधा वेतन दिए जाने के मामले पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में एम्स अस्पताल के मुख्य गेट के सामने सांकेतिक धरना दिया और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामलाल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस सांकेतिक धरने में बिलासपुर सदर से पूर्व विधायक बंबर ठाकुर व हिमाचल कांग्रेस पूर्व महासचिव विकास ठाकुर भी मौजूद रहे। एम्स अस्पताल के गेट के सामने करीब दो घंटे तक चले इस सांकेतिक धरने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नये भवन निर्माण स्थल इस संबंध में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामलाल ठाकुर ने कहा कि एम्स अस्पताल की चार दीवारी के नाम पर 18 करोड़ का टेंडर हुआ मगर चार दिवारी के नाम पर केवल सीमेंट पोल व तारे लगा दी गई हैं।

**रामलाल ठाकुर ने हाईकोर्ट व सीएम सुक्खू से कड़ा संज्ञान लेने की उठाई मांग**

इसके साथ ही लैंड स्केविंग के लिए चोरी छुपे दिल्ली में ही 18 करोड़ का टेंडर कर दिया गया है। मगर धरातल पर केवल एक जीसीवी लगाकर जमीन को समतल किया जा रहा हैं जबकि भवन निर्माण के लिए 260 करोड़ का टेंडर किए बिना ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बिलासपुर दौरे के दौरान इसकी आधारशिला रख दी है। जिससे साफ हो रहा है कि एम्स अस्पताल बिलासपुर में निर्माण के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है। साथ ही रामलाल ठाकुर ने कहा कि एम्स अस्पताल में भवन निर्माण से संबंधित सभी टेंडर दिल्ली में ही किए जा रहे हैं और हिमाचल प्रदेश के ठेकेदारों को दरकिनार कर दिया गया है। इसके साथ ही एम्स अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों को निर्धारित वेतन से आधा वेतन दिया जा रहा है जिससे उनका शोषण हो रहा है। इसके साथ ही पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामलाल ठाकुर ने एम्स अस्पताल निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से जांच की मांग करते हुए प्रदेश के सीएम सुक्खू से मामले का कड़ा संज्ञान लेने की मांग की है।

### इस विषय पर कल करेंगे प्रेसवार्ता : बंबर

**पूर्व** विधायक बंबर ठाकुर ने कहा की एम्स में हो रहे भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर एम्स अस्पताल के गेट के सामने सांकेतिक धरना दिया गया है । इसके बाद 13 मार्च को शिमला में रामलाल ठाकुर के साथ मिलकर वह प्रेसवार्ता करेंगे, जिसके बाद बिलासपुर में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा ताकि इस मामले की जांच हो सके।

# इंडियन करियर डिफेंस अकादमी के सात छात्र प्रादेशिक सेना में चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।**



इनका हुआ चयन



**चयनित** छात्रों की सूची में अजय कुमार, पवन केलांटा, रवि कांत, सनी कुमार, विशाल, सुमित शर्मा व कुलदीप (सन्नी) शामिल हैं

**इंडियन** करियर डिफेंस अकादमी बिलासपुर के सात छात्रों ने प्रादेशिक सेना में चयनित होकर संस्थान का नाम रोशन किया है। अकादमी के प्रबंधक मनोज चंदेल ने इस सफलता पर छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, संकल्प और संस्थान के उच्चस्तरीय प्रशिक्षण का परिणाम है। अकादमी के कोच हरीश सूर्य ने भी सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं और उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल छात्रों बल्कि अकादमी के लिए भी गर्व का विषय है।

चंदेल ने बताया कि अब तक 1800 से अधिक छात्र इंडियन आर्मी, पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स, फॉरेस्ट गार्ड और अन्य सरकारी विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अकादमी में छात्रों को न केवल शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाता है बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की भी बेहतरीन तैयारी करवाई जाती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस सत्र के लिए अकादमी में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक उम्मीदवार अकादमी से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का सपना साकार कर सकते हैं।

### नलवाड़ी मेला : 105 कलाकारों ने दिया ऑडिशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नलवाड़ी मेले के दौरान आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्याओं के लिए कलाकारों के ऑडिशन का सिलसिला जारी है। किसान भवन, बिलासपुर में आयोजित ऑडिशन में 105 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल की अध्यक्षता में आयोजित इस ऑडिशन में सहायक लोक संपर्क अधिकारी, असिस्टेंट प्रोफेसर (संगीत-वोकल) मनोहर लाल शर्मा और बॉयज स्कूल बिलासपुर के संगीत अध्यापक नरेंद्र उपस्थित रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि 12 मार्च को उपमंडल सदर और उपमंडल कुमारसैन के कलाकारों का ऑडिशन लिया जाएगा, जबकि 13 मार्च को इंडियन सेमी-क्लासिकल और क्लासिकल डांस के ऑडिशन आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, 15 मार्च को 'मिस कहलूर' प्रतियोगिता के लिए भी ऑडिशन रखा गया है।

### गांव के ही व्यक्ति ने युवती के साथ किया दुराचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला के एक गांव में एक युवती के साथ पहचानने वाले व्यक्ति द्वारा दुराचार किया गया। यह घटना गत 21 फरवरी को घटित हुई है। महिला पुलिस थाना बिलासपुर ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध दुराचार का मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने शिकायत में कहा है कि वह गत 21 फरवरी को घर पर अकेली थी। दिन को करीब 11 बजे उसके घर पर उसी के गांव का एक व्यक्ति आया और उसे आंगन से पकड़कर जबरदस्ती कमरे में ले गया। जहां पर आरोपित ने उसके साथ जबरदस्ती दुराचार किया। आरोप लगाया कि इस दौरान उनके पड़ोसी जब वहां पर आए तो आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

### शीला को उत्कृष्ट कार्य करने पर मिलेगा सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश की प्रमुख सामाजिक संस्था रेनबो स्टार क्लब के अध्यक्ष अजय कौशल एवं संस्थापक इशान अख्तर ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष में रेनबो स्टार क्लब के संरक्षक शीला सिंह वरिष्ठ साहित्यकार, कवयित्री को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कोठीपुरा में 12 मार्च को सम्मानित किया जाएगा। रेनबो स्टार क्लब के अध्यक्ष अजय कौशल एवं संस्थापक इशान अख्तर ने बताया कि कई वर्षों से रेनबो स्टार क्लब के साथ जुड़कर नशा निवारण अभियान, महिला सशक्तिकरण हेतु सक्रिय कार्य कर रहे हैं।

### पात्रों तक समय पर पहुंचे योजनाओं का लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक तय समय सीमा के भीतर पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन होना आवश्यक है, ताकि समाज के जरूरतमंद वर्गों को इनका पूरा लाभ मिल सके। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नया 15 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में कुल 229 अल्पसंख्यक जॉब कार्ड धारक पंजीकृत हैं। इनमें से 43 लोगों ने रोजगार की मांग की थी, जिन्हें मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध करवाकर लाभान्वित किया गया है।

# गोबिंदसागर झील को विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभरा जाएगा : अख्तर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कहलुर एडवेंचर्स वाटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्टस सोसाइटी की बैठक पंचायत डमली ऋषिकेश, धराडसानी में की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हिमाचल एडवेंचर्स वाटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्टस एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव इशान अख्तर एवं राज्य सह सचिव दिव्यांगना मेहता ने शिरकत की। इशान अख्तर एवं दिव्यांगना मेहता ने कहा कि गोबिंदसागर झील को विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभरा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश अपनी स्थलाकृति और इलाके के कारण ट्रेकर्स, पर्वतारोहियों और रोमांच की भावना के अन्य उत्साही भक्तों के लिए एक स्वर्ग है। जिला बिलासपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं हैं। जिसके लिए वह पिछले कई वर्षों से प्रयासरत है।

# होटलों और गेस्ट हाउसों में सभी मेहमानों के पहचान पत्र अनिवार्य

**शुभम राही, बिलासपुर**

**जिले** में बढ़ती आपराधिक घटनाओं और सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर एसपी संदीप धवल ने स्पष्ट किया कि अब किसी भी होटल या गेस्ट हाउस में बिना पहचान पत्र के किसी को भी एंट्री नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब एक व्यक्ति के पहचान पत्र पर सभी की एंट्री नहीं होगी, बल्कि हर मेहमान को अपना पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। सभी थाना और चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे इस नियम को सुनिश्चित करें। अगर कोई होटल संचालक इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि अब तक होटल और गेस्ट हाउस संचालकों द्वारा केवल समूह के किसी एक व्यक्ति का पहचान पत्र दर्ज किया जाता था, लेकिन अब सभी लोगों के पहचान पत्र दर्ज करने होंगे। यदि किसी होटल संचालक ने इस नियम का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### बिना पहचान पत्र के ठहराया तो होटल संचालक होंगे जिम्मेदार

**बिलासपुर** में दर्जनों होटल और गेस्ट हाउस संचालित हो रहे हैं, जहां स्थानीय लोगों के अलावा बाहरी राज्यों से भी पर्यटक और यात्री आते हैं। पुलिस ने होटल संचालकों को स्पष्ट कर दिया है कि यदि बिना पहचान पत्र किसी को ठहराया गया और कोई घटना घटी, तो इसके लिए होटल संचालक जिम्मेदार होंगे।

### नियमों का पालन जरूरी : एसपी



**एसपी** संदीप धवल ने स्पष्ट किया कि होटल और गेस्ट हाउस मालिकों को यह नियम तत्काल लागू करने होंगे। पुलिस प्रशासन जनता से भी अपील करे कि वे इस नियम का पालन करें और सहयोग करें।

**जागरूकता** गुंजन संस्था एवं अडानी फाउंडेशन ग्रुप के सहयोग से चलेगा व्यापक जनजागरण अभियान

# नशामुक्ति के लिए 'प्रहार' अभियान की शुरुआत पहली से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



**जिला** प्रशासन, अडानी फाउंडेशन ग्रुप और गुंजन संस्था के संयुक्त प्रयास से 1 अप्रैल से 'प्रहार' अभियान की शुरुआत की जा रही है, जिसका उद्देश्य जिले को नशामुक्त बनाना और समाज को इस गंभीर समस्या के प्रति जागरूक करना है। इस संबंध में उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने मंगलवार को बचत भवन में आयोजित जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विस्तृत जानकारी दी।

उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में नशा एक ज्वलंत सामाजिक समस्या बन चुका है, जिससे विशेष रूप से युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिले को नशामुक्त बनाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए आगे आना होगा। प्रशासन इस दिशा में विभिन्न विभागों और गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से लगातार कार्य कर रहा है ताकि नशे की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकें। उन्होंने बताया कि नशे के दुष्प्रभावों को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में विशेष प्रयास किए जाएंगे। इस कड़ी में 'प्रहार' अभियान 1 अप्रैल से शुरू होकर पूरे जिले में एक वर्ष तक चलेगा। इस अभियान के तहत गुंजन संस्था द्वारा एक मास्टर प्लान तैयार किया गया है, जिसके अनुसार शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि स्कूलों और कॉलेजों में बनाए गए क्लबों को सक्रिय किया जाए।

# घुमारवीं कॉलेज में मंत्री के चहेते कैंटीन संचालक ने मचाई लूट खसोट : राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने तकनीकी शिक्षा मंत्री पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपने चहेते व्यक्ति को डिग्री कॉलेज घुमारवीं की कैंटीन दिलवाकर लूट-खसोट की खुली छूट दे रखी है। गर्ग ने कहा कि कैंटीन संचालक मनमाने दामों पर सामान बेच रहा है, जबकि टेंडर में निर्धारित रेट से इसका कोई मेल नहीं है। यही नहीं, कैंटीन में अनधिकृत सामान भी बेचा जा रहा है। यदि कोई इसका विरोध करता है, तो संचालक मंत्री के प्रभाव का इस्तेमाल कर धमकी देता है। गर्ग ने कहा कि तकनीकी शिक्षा मंत्री ने पहले कॉलेज स्टाफ पर दबाव डालकर अपने करीबी को कैंटीन दिलवाई, जिसके बाद अब वहां मनमानी हो रही है। कैंटीन की सुविधा छात्रों, प्रोफेसरों और अन्य स्टाफ के लिए होती है, लेकिन वर्तमान में यह व्यक्तिगत लाभ का जरिया बन गई है। उन्होंने कहा कि यदि इस लूट-खसोट पर जल्द रोक नहीं लगाई गई तो भाजपा मजबूरन विरोध प्रदर्शन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी

**पूर्व मंत्री ने तकनीकी शिक्षा मंत्री पर लगाए गंभीर आरोप**

### कांग्रेस को नहीं भा रहा एम्स का विकास : चंदेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा कार्यालय बिलासपुर में जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि एम्स जैसा बड़ा स्वास्थ्य संस्थान बिलासपुर के लिए गर्व की बात है, जो हिमाचल के साथ ही पड़ोसी राज्यों के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवा रहा है। कांग्रेस सरकार और संगठन में हाशिये पर धकेले जा चुके दोनों नेता पुत्रमोह में सोचने-समझने की शक्ति भी गंवा बैठे हैं। हाल ही में बिलासपुर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एम्स के लिए 100 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। सच्चाई यह है कि इससे कांग्रेस के इन दोनों नेताओं की लार टपकने लगी है। एम्स में धरना-प्रदर्शन के पीछे उनका मकसद दबाव बनाकर अपने बेटों के लिए टेंडर हासिल करना है।

### झंडूता कॉलेज में मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल के राजकीय महाविद्यालय झंडूता में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को मेहनत व लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि विवेक कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से 1.270 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** उपमंडल रोहड़ू के पुलिस थाना चिड़गांव के अंतर्गत बडियारा में पुलिस टीम ने पैट्रोलिंग के दौरान तंदाली निवासी 29 वर्षीय युवक दीपक राजटा से 1.270 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बडियारा में वाहन एचपी 10सी-0753 की जांच पड़ताल करने पर गाडी के डैशबोर्ड से चिट्टा बरामद किया है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया गया है।

### शिमला में नाबालिग से किया दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में एक नाबालिग लड़की से रेप का मामला सामने आया है। 17 वर्षीय पीड़िता ने 28 वर्षीय युवक पर किडनैप कर और यौन शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत के अनुसार, आरोपी उसे 15 दिसंबर 2024 को टैक्सी में बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। वहां उसने 24 फरवरी तक करीब दो महीने तक बंधक बनाकर रखा। इस दौरान आरोपी ने उससे जबरन शारीरिक संबंध बनाए। 24 फरवरी की सुबह पीड़िता किसी तरह आरोपी के घर से भागने में सफल रही। वह बस से अपने घर पहुंची। इसके बाद आरोपी अपने परिवार के साथ पीड़िता के घर पहुंचा। वहां उसने पीड़िता और उसकी मां के साथ मारपीट की। आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता 2022 से आरोपी को जानती थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी फरार है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### ह्युण गांव में 96.93 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की द्रुब्बल पंचायत के ह्युण गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर 96.93 ग्राम चरस बरामद की। इस मामले में 51 वर्षीय दान सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। बस्सी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि नशे के कारोबारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस क्षेत्र में नशे के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है और अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### समारोह में मेधावियों को किया सम्मानित



**कविता, पधर।** राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर मेधावियों को सम्मानित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कल्याण चंद मंढोत्रा ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से महाविद्यालय में एमए हिंदी और राजनीतिक विज्ञान की कक्षाएं शुरू की जाएगी। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन के लिए अपनी ओर से पच्चीस हजार रुपए की नगद राशि महाविद्यालय प्रबंधन को भेंट की। इस अवसर पर एसडीएम सुरजीत सिंह ठाकुर, एचपीएमसी निदेशक जोगिंद्र गुलेरिया, केहर सिंह ठाकुर, भूप सिंह धरवाल, पीटीए प्रधान जीवन ठाकुर, आईएमसी चेयरमैन मोहिंद्र शर्मा, बीडीसी सदस्य लेख राम, एडवोकेट वीणा भाटिया, घनश्याम सहित विभिन्न पदाधिकारी और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। समारोह दौरान अकादमिक में बीए प्रथम वर्ष में रीना कुमारी, विज्ञान संकाय से योगेश और वाणिज्य में प्रिया को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### विधायक इंद्र सिंह एक जुझारू व कर्मठ नेता : कलदीप

**विनोद, नेरचौक।** छेश्चू मेला सम्मापन समारोह में पूर्व मंत्री द्वारा बल्ह विधायक के ऊपर की गई बयानबाज़ी पर भाजपा बल्ह मंडल की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है भारतीय जनता पार्टी नेरचौक मंडल के अध्यक्ष कलदीप ठाकर, महामंत्री पवन कुमार और मनीष सैनी, उपाध्यक्ष कर्म सिंह ठाकर, चेत सिंह ठाकर, केदारनाथ शर्मा, डॉ. वंदना जग्गी ने कहा की पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी की बढ़ती लोकप्रियता व जनता का उनके ऊपर विश्वास देख कर अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और जब भी कभी उन्हें कहीं मंच पर बोलने का मौका मिलता है तो वह उनके खिलाफ तथ्यहीन बयानबाजी कर डालते हैं। विधायक इंद्र सिंह गांधी के प्रति इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करके प्रकाश चौधरी ने अपनी घटिया मानसिकता का परिचय दिया है । विधायक इंद्र सिंह गांधी एक ईमानदार, साफ सुथरी छवि व जमीन से जुड़े नेता है पिछले सात सालों में उन्होंने जनता के बीच रहकर उनके हर दुःख दर्द में शामिल होकर उनके विश्वास को हासिल किया है विधायक इंद्र सिंह गांधी एक जुझारू व कर्मठ नेता हैं व उन्होंने बल्ह में पिछली भाजपा सरकार में ही साढ़े सात अरब रुपए के लगभग कार्य धरातल में उतारे है अगर उन कार्यों की बात करे तो उसमें सबसे बड़ी सौगात बल्ह वासियों के लिए मिनीसचिवालय नेरचौक का निर्माण, लोकनिर्माण विभाग का कार्यालय नेरचौक,पॉलिक्लिनिक वेटनरी हॉस्पिटल नेरचौक, बागवानी विभाग का कार्यालय व आवास भंगरोटू, कैंसर हॉस्पिटल नेरचौक, ट्रॉमासेंटर मेकशिफ्ट हॉस्पिटल नेरचौक, मिल्क चिलिंग/ प्रोसेसिंग प्लांट चक्कर, गागल में आईटीआई भवन का निर्माण कार्य शुरू करवाना, नगर परिषद नेरचौक में 86 करोड़ रुपए का सीवरेज के लिये अवार्ड करवाना, बल्ह विधानसभा क्षेत्र में पिछले कई सालों से लोगों की मांग 12 नई पंचायतों का गठन करनाजरलू सब्जी मंडी को बजट सहित स्वीकृति करवाना, रिवालसर बस स्टैंड, रिवालसर में बिजली बोर्ड का रेस्टहाउस व कार्यलय, सिविल अस्पताल रिवालसर, डिग्री कॉलेज रिवालसर के भवन का निर्माण,जमा दो भंगरोटू व मैरामसित स्कूलों में साइंस क्लासिक देना, सर्किधार स्कूल को हाईस्कूल का दर्जा दिलवाना, पीएचसी लेदा का निर्माण, मुख्यमंत्री लोकभवन जो कांग्रेस सरकार में शराबियों का अड्डा बना हुआ था का कार्य, लुहाखर, पलाही, बेरी, सर्किधार,व बैहना में आयुवैदिक डिस्पेंसरी देना सहित आदि कार्य किए हैं।

जिले की जनता परेशान, स्वयं बीमार पड़ी स्वास्थ्य प्रणाली, आखिर जिम्मेदार कौन ?

# अल्ट्रासाउंड टेस्ट के लिए 4 माह का इंतजार

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हिमाचल प्रदेश का चंबा जिला, जिसे आकांक्षी जिलों में शामिल किया गया है, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति इतनी दयनीय है कि आम जनता को बुनियादी चिकित्सा सेवाएं भी समय पर उपलब्ध नहीं हो रही हैं। हालात यह हैं कि अल्ट्रासाउंड टेस्ट करवाने के लिए मरीजों को तीन से चार महीने तक इंतजार करना पड़ता है।

वहीं, गंभीर मरीजों को टांडा मेडिकल कॉलेज या पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया जाता है, जिससे आम लोगों को भारी आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ती है।

सरकार ने नए मेडिकल कॉलेज और आधुनिक भवन जैसी योजनाएं देकर चंबा की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने की कोशिश की है, लेकिन व्यवहारिक रूप से कोई बड़ा परिवर्तन नहीं दिख रहा है। सोशल मीडिया पर लगातार वीडियो और पोस्ट वायरल होती रहती हैं, जो जिले की चिकित्सा सेवाओं की पोल खोलती हैं।( अनंत ज्ञान)

### अस्पतालों में नहीं मरीजों की कोई सुनवाई

अनंत ज्ञान विशेष

**चंबा** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविकता को समझने के लिए कुछ हालिया घटनाओं पर गौर करना आवश्यक है। बाथरी के युवक की दर्दनाक घटना हाल ही में बाथरी क्षेत्र के एक युवक की मशीन में हाथ की उंगलियां कट गईं, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद चंबा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। लेकिन वहां भी उचित इलाज न मिलने के कारण उसे टांडा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। अगर चंबा में बेहतर उपचार की व्यवस्था होती, तो युवक को इतनी परेशानी का सामना न करना पड़ता। हाल ही युवती ने सोशल मीडिया पर खोली पोल एक अन्य मामले में, एक युवती ने अपनी बहन की स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी को लेकर सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य विभाग की पोल खोली। उसने आरोप लगाया कि जिले के अस्पतालों में मरीजों की कोई सुनवाई नहीं होती और चिकित्सकों की लापरवाही के चलते आम जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की इस बदतर स्थिति के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है? यह सवाल आज चंबा जिले के हर निवासी के मन में उठ रहा है।

### क्या विधानसभा में उठाई जाएगी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं

**जिले** के लोग अपने चुने हुए जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछना चाहते हैं कि क्या उन्होंने विधानसभा और सरकार के समक्ष चंबा की स्वास्थ्य समस्याओं को सही तरीके से उठाया है? अगर उठाया भी है, तो अब तक कोई ठोस समाधान क्यों नहीं मिला? क्या उन्होंने चंबा की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार लाने के लिए कोई ठोस प्रयास किया है?

### रेडियोलॉजिस्ट भी नहीं

**आरटीआई** से सामने आया है कि जिले के कुछ अस्पतालों-नागरिक अस्पताल किलाड़, भरमौर, तीसा और चुवाड़ी में अल्ट्रासाउंड मशीनें उपलब्ध हैं, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण करोड़ों की लागत से खरीदी गई ये मशीनें धूल फांक रही हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकारी सुविधाएं उपलब्ध तो कराई जा रही हैं, लेकिन उनको सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक मानव संसाधन नहीं दिया जा रहा है।

### कब बदलेगी चंबा की तस्वीर?

**स्वर्णिम** इतिहास का साक्षी रहा जिला चंबा, जिसने न केवल रियासत काल में बल्कि प्रदेश के गठन के बाद भी राजनीति में अहम भूमिका निभाई, वह अपनी जर्जर स्वास्थ्य प्रणाली से आज भी संघर्षरत है। यह इस बात का प्रमाण है कि जिला चंबा के आत्मघोषित दिग्गज नेताओं की बड़ी विफलता अब जगजाहिर हो चुकी है।

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए जरूरी कदम

1. स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए।
2. चंबा मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई जाए।
3. अल्ट्रासाउंड और अन्य जरूरी जांचों की सुविधा में सुधार किया जाए ताकि मरीजों को लंबी वेटिंग लिस्ट का सामना न करना पड़े।
4. छोटे कस्बों और गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अधिक संसाधन और स्टाफ प्रदान किया जाए।
5. जनप्रतिनिधि और प्रशासन जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें और उन्हें जल्द से जल्द हल करें।

# राज्यसभा में दुर्गम घाटी पांगी में सुरंग निर्माण का मुद्दा उठाया

- डॉ. सिकंदर कुमार ने बुलंद की आवाज, अति दुर्गम होने का लाभ दिया जाए
- मांग पूरा होने पर पांगी घाटी के लोगों को मिलेगी राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने राज्यसभा में जिला चम्बा की दुर्गम घाटी पांगी में सुरंग निर्माण का मामला उठाया। उन्होंने राज्यसभा में कहा कि हिमाचल की भोगौलिक परिस्थितियों से सभी भली-भांति परिचित है।

उन्होंने कहा कि पांगी घाटी का मुख्यालय चंबा में है और पांगी के लोगों को अपने महत्वपूर्ण कार्यों को करवाने के लिए चम्बा आना पड़ता है। चूंकि पांगी घाटी एक अति दुर्गम घाटी है इसलिए यहां सड़कों की स्थिति भी अच्छी नहीं है जिस कारण यहां के लोगों को चंबा आने-जाने में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। डॉ. सिकंदर ने संसद को बताया कि पांगी से चम्बा पहुंचने के लिए 14500 फीट की उंचाई पर स्थित साच पास को पार करना पड़ता है और अत्यधिक बर्फबारी के कारण यह रास्ता साल के 4-5 महीने ही खुला रहता है और बाकि समय में पांगी वासियों को चम्बा आने के लिए वाया जम्मू या लाहौल स्पिति, अटल टनल, मनाली होते हुए 500-700 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है जिसमें पैसा और समय दोनो ही अधिक लगता है। दूसरी ओर साच पास से बर्फ हटाने में भी सरकार का हर साल करोड़ों रू0 खर्च हो जाता है। ऐसे में यदि चैहणी जोत से सुरंग का निर्माण कर पांगी को चम्बा मुख्यालय से जोड़ा जाता है तो पांगी घाटी के लोगों को जिला मुख्यालय चम्बा आने-जाने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि पांगी वासियों की यह मांग आज की नहीं बल्कि पिछले 50 वर्षों से यहां के लोग इस मांग के पूरा होने की राह देख रहे हैं।

केंद्र सरकार ने अटल टनल बनाकर लाहौल वासियों के जीवन को बेहतर बनाने का कार्य किया है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार पांगी वासियों की इस चिरलम्बित मांग को पूरा कर पांगी घाटी के समस्त जनजातीय लोगों को राहत प्रदान करेगी।

## पुखरी चौक पर बस और कार की टक्कर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पुखरी चौक पर बस और एक कार के बीच टक्कर हो गई। घटना उस समय हुई जब बस रुकी हुई थी और अचानक चलने पर साइड में खड़ी कार से टकरा गई।



सौभाग्यवश हादसे में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन टक्कर के चलते सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई, जिससे जांच में मदद मिलेगी।

प्रशासन ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सतर्कता बरतने की अपील की है, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# डॉ. कविता को राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



शिक्षा सागर फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय महिला दिवस के आभासी समारोह में महिला सक्रिय सहभागिता हेतु डॉ. कविता बिजालवान को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया गया है।

डॉ. कविता बिजालवान जिला महिला साहित्यकार संस्था, जिला चंबा की अध्यक्ष हैं और साहित्यिक क्षेत्र में उनकी कविताएं विभिन्न काव्य संग्रहों में प्रकाशित हुई हैं, जिनमें ज्ञान सरिता बाल काव्य संग्रह और काव्य कोकिला साझा शिक्षक साहित्य संग्रह प्रमुख हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका बहुमूल्य योगदान है। वर्तमान में वह जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सरू चंबा में मीडिया समन्वयक के रूप में कार्यरत हैं और इस पद पर कार्य करते हुए उन्होंने तीन पुस्तकों-बाल ज्ञान तरंग सामान्य ज्ञान पुस्तिका, उड़ान बेटियों के हौसलों की और बदलती तस्वीर शिक्षा की के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डॉ. कविता बिजालवान को इससे पूर्व भी हिमोत्कर्ष संस्था द्वारा 'हिमाचल श्री' प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

# कॉलेजों और स्कूलों को डीनोटिफाई करना गलत : शिशु

**आरके सहगल, चंबा**



हिमाचल प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सरकार ने पहले ही 1094 प्राथमिक और मध्य विद्यालयों को बंद कर दिया था, और अब 19 सरकारी कॉलेजों को डीनोटिफाई करने की घोषणा कर दी गई है। इसके अलावा, कम छात्र संख्या के आधार पर कई सेकेंडरी स्कूलों और कॉलेजों को भी बंद करने की योजना बनाई जा रही है। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी शिशु गुप्ता ने इस निर्णय पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा, सरकार के इस फैसले से हिमाचल प्रदेश के हजारों छात्र प्रभावित होंगे। जो कॉलेज और स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को मजबूत कर रहे थे, उन्हें डीनोटिफाई करना सरकार की शिक्षा नीति की विफलता को दर्शाता है। यह फैसला छात्रों के लिए बड़ा झटका है।

इन कॉलेजों में दाखिला ले चुके छात्रों को अब नए कॉलेजों की तलाश करनी होगी, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी। शिशु गुप्ता ने महिला शिक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव पर चिंता जताई। दूरस्थ कॉलेजों में जाने की मजबूरी के कारण कई परिवार अपनी बेटियों को पढ़ाई से वंचित कर सकते हैं। यह फैसला न शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए गए प्रयासों को भी कमजोर करेगा। (अनंत ज्ञान)

### फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए

**शिशु** गुप्ता ने कहा कि सरकार को इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए और संसाधनों की कमी का कोई व्यावहारिक समाधान निकालना चाहिए। कॉलेज और स्कूल बंद करना कोई स्थायी समाधान नहीं है। इससे हिमाचल प्रदेश का शिक्षा तंत्र कमजोर होगा और हजारों छात्रों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा। सरकार को चाहिए कि वह छात्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले, न कि केवल आंकड़ों के आधार पर। अब यह देखना होगा कि सरकार इस बढ़ते विरोध को देखते हुए अपने फैसले पर पुनर्विचार करती है या नहीं। एक बात स्पष्ट है शिक्षा के साथ समझौता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सहकारी सभा युवकों को रोजगार के अवसर कर रही सृजित : मनोज

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

दि जनहित ऋण एवं बचत सहकारी सभा सीमित नेरचौक का सामान्य अधिवेशन सभा के उप प्रधान अशोक वालिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सभा सचिव मनोज बहल ने सभा की गतिविधियों की रिपोर्ट सभा पटल पर प्रस्तुत की। सचिव ने बताया कि जुलाई 2013 से गठित समिति ने विशिष्ट पहचान बनाई है। सभा की पूंजी लगभग 8 करोड़ के आसपास पहुंच चुकी है।

इस वर्ष सभी शेयर होल्डरों को 16 प्रतिशत लाभांश प्रदान कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। सचिव मनोज कमार ने बताया कि सभा का उद्देश्य बेरोजगार युवकों को रोजगार के अवसर सृजित करना है। इस समय सभा के विस्तार पटल लेदा, कंसाचौक, मैरामसीत, लूनापानी तथा मुख्यालय नैर चौक में संचालित है। सभा के चार एजेंट कार्यरत हैं जो घर द्वार धन का संग्रह कर अपनी आजीविका अर्जित कर रहे हैं।

उप प्रबंधक भावना राणा ने बताया कि वर्तमान में सभा के 1819 शेयर होल्डर बन चुके हैं। निदेशक मंडल से डॉक्टर सीताराम वर्मा, अशोक बलिया, करम सिंह, मेहरचंद, डॉक्टर दुर्गादास, गुरी सिंह दुनी चंद शर्मा, भावना राणा, गीता शर्मा आदि भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# खिलाड़ियों को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश थांग-ता एसोसिएशन द्वारा होली हिमालयन पब्लिक स्कूल, चंबा में विश्व थांग-ता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व चीफ कोच (ओझा) मास्टर भुवनेश सिंह कटोच ने किया, जिन्होंने खिलाड़ियों को आत्मरक्षा और थांग-ता की विशेष तकनीकों की जानकारी दी।

इस अवसर पर कोच विपन कुमार, खेलो इंडिया यूथ गेम्स के कांस्य पदक विजेता, 29वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता (श्रीनगर) व 30वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता (हरिद्वार) के स्वर्ण पदक विजेता कार्तिकेय कटोच सहित चंबा जिले के थांग-ता खिलाड़ियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में खिलाड़ियों को हाथों की विशेष स्किल्स सिखाई गईं और समाज में आत्मरक्षा के महत्व पर जोर दिया गया। इस दौरान प्रियांशी जोशी, निखिलेश, पीयूष ठाकुर और आंचल जोशी भी मौजूद रहे।

थांग-ता दिवस का यह आयोजन न सिर्फ खेल को बढ़ावा देने बल्कि युवाओं को आत्मरक्षा और अनुशासन के प्रति जागरूक करने में भी सफल रहा।

## रावी नदी के किनारे मिला भरत भूषण का शव

**अनंत ज्ञान, चंबा।** परेल पुल के पास रावी नदी के किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान भरत भूषण चोना के रूप में हुई है, जो सपरी मोहल्ला, चंबा का निवासी था।

भरत भूषण 10 मार्च की शाम 6:45 बजे से लापता थे। परिवार ने उन्हें हर जगह तलाशा, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। आज सुबह स्थानीय निवासी संजय अत्री ने परेल पुल के पास नदी किनारे शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, भरत भूषण 2024 की मनिमहेश यात्रा के दौरान अपने बेटे को खो चुके थे, जिसके बाद से वे गहरे सदमे और मानसिक तनाव में थे। अपने बेटे की मौत ने उन्हें अंदर से पूरी तरह तोड़ दिया था, और वे पिछले 7-8 महीनों से मानसिक रूप से परेशान थे। भरत भूषण बालू पुल के पास शटरिंग का काम करते थे।

भरत भूषण की रहस्यमयी मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच के अनुसार, घटनास्थल से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस हर पहलू की गहन जांच कर रही है ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

### सूडोकु नवताल- 7367

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7366 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

12 मार्च, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : अमांत, **तिथि** त्रयोदशी (09:04): **नक्षत्र** मघा (04:06), **पक्षः** शुक्ल, **योग** : सुकर्मा (12:59) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:31-02:00)।

**विशेष दिन**

- 12 मार्च 2025 : दक्षिण भारत में माघीमासम आज।
- नेशनल गर्ल स्काउट दिवस आज।

**मेषः** व्यावसायिक संदर्भ में अपने आप को साबित करने के लिए आज आपको कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता हो सकती है।

**वृषभः** व्यापारिक क्षेत्र में आप अधिकारियों से पूर्ण सहयोग प्राप्त करेंगे और कमाई में उन्नति संभव है। आप अत्यधिक लोकप्रिय होंगे।

**मिथुनः** व्यावसायिक रूप से आज का दिन शुभ रहेगा। आप भौतिक सुख संबंधी वस्तुओं के क्रय की ओर आकर्षित होंगे।

**कर्कः** आज रचनात्मक लोग आपके जीवन में अच्छा करेंगे। अपनी कल्पना और रचनात्मकता आपको प्रगति में मदद करेगी।

**सिंह :** आज नौकरी करने वाले और व्यवसायी कुछ नई योजनाओं या प्रोजेक्ट में शामिल होंगे। प्रेम संबंध मजबूत होंगे और आपके जीवन में प्रेम प्रवेश कर सकता है।

**कन्या** आज आपको कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इस समय संसाधनों की कमी के कारण कुछ व्यावसायिक योजनाओं को रोकना पड़ सकता है।

**तुलाः** आज भाग्य आपका साथ देगा। आप नई परियोजनाओं पर काम करेंगे। इस संबंध में विदेश यात्रा भी हो सकती है।

**वृश्चिकः** नए काम और नौकरी बदलने के लिए यह अच्छा वक्त है। नौकरी ढूंढने वालों को अच्छा परिणाम मिलेगा। परिवार में खुशियां दस्तक देंगी।

**धनुः** आज मानसिक पीड़ा और विचारों में अस्थिरता बढ़ेगी, जिस कारण निर्णय लेने में आप कठिनाई का अनुभव करेंगे।

**मकर :** आज आप दृढ़ निश्चय होकर पूरे लगन से अपने कार्यों को क्रियान्वित करेंगे, परिणाम सार्थक और सकारात्मक होगा। आपके व्यक्तिगत जीवन में तनाव कम रहेगा।

**कुंभ :** इस समय लिए गए निर्णय आपको लाभ देंगे। यह एक नई साझेदारी या एसोसिएशन में प्रवेश करने का एक अच्छा समय है।

**मीन :** आज आपकी रचनात्मकता चरम पर रहेगी, जो जातक कला, लेखन जैसे रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े हैं वह लोकप्रियता प्राप्त कर सकते हैं।

# शिक्षा की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें अध्यापक : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने आज राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय जडेरा का दौरा कर विद्यालय में उपलब्ध विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ शिक्षा और खेल गतिविधियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में संवाद किया। उपायुक्त ने बच्चों को बताया कि सब के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है शिक्षित होने के पश्चात ही जीवन को उज्जवल किया जा सकता है। उपायुक्त ने विद्यालय के छात्रों से विभिन्न विषयों से जुड़े सवाल किये और कहा कि अंग्रेजी विषय को लेकर बच्चों में सुधार लाने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों को निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित बनाए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विषय विद्यार्थियों के लिए जरूरी है इसलिए हर विषय में एक सामान रुचि होना अवश्यक है। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि अगली कक्षाओं में बढ़ाने के साथ पिछली कक्षा का ज्ञान रखना बहुत ही जरूरी होता है।

# घनागुघाट टीम ने जीता पार्वती कप

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

सुन्नी में पार्वती कप का फाइनल मैच घनागुघाट और रियोग के मध्य खेल गया । सुन्नी कॉलेज मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में टॉस जीत कर रियोग टीम ने क्षेत्ररक्षण चुना जबकि घनागु घाट की टीम ने पहले बल्लेबाजी की ।

घनागु घाट ने 85 रन का लक्ष्य रखा । इसके पश्चात दूसरी इनिंग में रियोग ने केवल 46 रन ही बना पाए और घनागु घाट ने 38 रन से मैच जीत कर ट्रॉफी अपने नाम की। इस दौरान सेवानिवृत अधिकारी रतन सिंह कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल सुन्नी के अध्यक्ष टेक चंद ठाकर, पूर्व प्रधान जुनी कुंदन लाल, पूर्व उपप्रधान ओम प्रकाश, नन्द लाल मौजूद रहे।

## नाम परिवर्तन

**मैं, किरन (26)** पत्नी पंकज कमार निवासी गांव छलखी, डाकघर दियारगी, तहसील बल्ह, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे का असली और सही नाम अधर्व (Adhrav) के बजाए अथर्व (Athrav) है। सभी संबंधित नोट करें।

**आरोप** ब्लास्टिंग से भेड़ी-सजाओ में घरों में आई दरारें, भूपेंद्र बोले-

# मनमर्जी से कर रहे हैं गैरकानूनी विस्फोट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट से धर्मपुर होते हुए मंडी को ओर बन रहे राष्ट्रीय उच्च मार्ग नंबर 3 की निर्माण कंपनी का काम शुरू से ही विवादों में है और ये कम्पनी और उसके ठेकेदार अपनी मनमर्जी से निर्माण कार्य कर रहे हैं। यह बात पूर्व जिला पार्षद व माकपा नेता ने मीडिया में कही है।

उन्होंने बताया कि कंपनी व ठेकेदार द्वारा ढांक की कटिंग पिछले दो महीने से चल रही है और इसे काटने के लिए ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे सजाओ पीपलु ग्राम पंचायत के भेड़ी गांव के दो दर्जन परिवारों के मकानों व गौशालाओं में दरारें आ गई हैं और खिड़कियों के शीशे और फर्श की टाइलें टूट गई हैं। भूपेंद्र सिंह व किसान सभा के खंड अध्यक्ष रणताज राणा ने इस गांव का दौरा किया और क्षतिग्रस्त घरों का अवलोकन करने के बाद बताया कि निर्माण कंपनी जो विस्फोटक इस्तेमाल कर रही है उससे तीन-चार सौ मीटर दूर बने घरों को नुकसान हुआ है। ब्लास्टिंग निर्धारित नियमों के अनुसार नहीं कि जा रही है और न ही कंपनी ने अनुमति स्थानीय प्रशासन से ली है। जिसके लिए स्थानीय प्रशासन को इस कंपनी पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और घरों को हुए नुकसान का मुआवजा देना होगा। वहीं ठेकेदारों द्वारा मलवे की डंपिंग निर्धारित जगहों के बजाए हर कहीं की जा रही है और बनाल क्षेत्र में तो स्थिति और भी चिंताजनक है जहां पर हर कहीं मलवा फेंका जा रहा है।

### ठेकेदार को कर रहे हैं तलब : एसडीएम

**धर्मपुर** के उपमंडल अधिकारी जोगिंदर पटेल ने कहा कि ब्लास्टिंग से लोगों के घरों को गिरने का खतरा या दरारें पड़ी है तो वह कंपनी के ठेकेदारों को तलब करेंगे । अवैध डंपिंग कहां हो रही है इसका भी निरीक्षण किया जाएगा।

### करेंगे प्रोजेक्ट का दौरा : इंजीनियर

**प्रोजेक्ट** इंजीनियर जितेंद्र पांडे ने कहा कि जहां ब्लास्टिंग हो रही है, वहां से गांव काफी दूर है फिर भी इसका दौरा करेंगे। मिनिस्ट्री से उन्हें डंपिंग की चार साइट पर मंजूर हुई थी, परंतु काम नहीं चल रहा था। प्राइवेट डंपिंग पर जमीन मालिकों से एग्रीमेंट किया है।

## ग्राम पंचायत धवाला विकास खंड देहरा जिला.कॉंगड़ा (हि.प्र.)

ग्राम पंचायत धवाला में (2025-26) के विकास कार्यों को करवाने हेतु निविदा आमन्त्रित की जानी है

1.रेता धुला प्रति मीटर क्यूबिक , 2.बजरी क्रशर 10mm, 20mm 40 प्रति मीटर क्यूबिक, 3. दरयाई बजरा, प्रति मीटर क्यूबिक, 4.बोल्डर पत्थर /सोलिंग , प्रति मीटर क्यूबिक, 5. मिक्सर मशीन तेल सहित प्रति दिन 6. शटरिंग लकड़ी प्रति मीटर वर्ग 7. शटरिंग स्टील प्लेट प्रति मीटर वर्ग 8. टूटा पत्थर प्रति पत्थर 9. रेता क्रशर प्रति मीटर क्यूबिक 10. ईट(अबवल, दोयम ) प्रति नंबर 11. 40mm, 60mm, 80mm इंटरलॉक टाइल्स प्रति टाइल्स ( WITH ISI MARK ) 12. दीवार व् फर्श टाइल्स प्रति पेटी ,13. पानी का टैंक प्रति टैंक, 14. Jcb प्रति घंटा, 15. सीमेंट बैंच व सीमेंट के कूड़ा दान, 16. लैंटर डालना सरिया बांधना शटरिंग करना, 17. सीमेंट ढुलान लोडिंग व अनलोडिंग सहित देहरा सिविल सप्लाई से पंचायत घर तक, 18. वाटर डिस्पेंसर, वाटर कूलर, 19. ह्यूम पाइप, 20. लोकल मैटिरियल व माल ढुलवाई इत्यादि, 21. सीमेंट ढूलाई पंचायत घर से कार्य स्थल तक, 22. सीमेंट बोर्ड लिखवाई व फोटो सहित कार्य स्थल पर, 23. dual sky stepper, 24. cross trainer, 25. air walker, 26. shoulder press, 27. chest press, 28. shoulder wheel, 29. hip twister, 30. cycle, 31. hyper back extension, 32.legextension, 33. sea saw with seats, 34. slide, 35. double seater swing, 36. six seater merry go round, 37. boat racker six seater, 38. horizontal bar 2", 39. sit ups bench, 40.way see saw .

नियम व शर्ते :-- उपरोक्त हेतू विक्रेता से निविदा 20/03/2025 तक पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे या डाक द्वारा आमन्त्रित हैं। यह निविदा एक वितीय वर्ष हेतु मान्य होंगी। यह निविदा 22/03/2025 को 11.00 AM पर सबके समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी व निविदा खुलने के समय बोलीदाता का उपस्थित होना आवश्यक होगा। उपस्थित न होने की स्थिति में उस की निविदा निरस्त कर दी जाएगीं ।इच्छुक फर्म या ठेकेदार का जी.एस.टी.नंबर होना अनिवार्य हैं व include CGST , SGST with Carriage क्षेत्र में F.O.R. । यह निविदा एक वितीय वर्ष हेतु मान्य होंगी। यदि मटिरियल की गुणवता सही नही पाई जाती हैं , या समय पर नही पहुंचाया जाता हैं और दर्शायी गयी जगह पर नही पहुंचाया जाता हैं और कार्य में व्यवधान पैदा होते हैं तो आपूर्ति कर्ता को पंचायत द्वारा 15 दिन का नोटिस देने के उपरांत किसी भी समय निविदा को रद्द किया जा सकता हैं। फाइनल पेमेंट तकनीकी मूल्यांकन उपरान्त दी जायेगी। किसी भी कार्य के किए एडवांस पेमेंट नही की जाएगी। यदि सरकार द्वारा सामग्री की दरों में वृद्दि होती हैं और आपूर्ति कर्ता सामग्री उपलब्ध करवाने में मना करता है जिसकी बजह से विकास कार्य प्रभावित होते हैं तो उसकी निविदा को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जाएगा और अगले निविदाता को आपूर्ति हेतु चयनित किया जायेगा ।जिसकी निविदा सबसे कम दर वाली होगी वह पास की जाएगी । जिस सप्लायर की निविदा पास होगी , उसे धरोहर राशि एफडीआर के रूप में जमा करवानी होगी जो की पंचायत द्वारा मौके पर बताई जाएगी । निविदायें स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार पंचायत का होगा।

**प्रधान/पंचायत सचिव**
**ग्राम पचायत धवाला**

अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो तो पहले सूरज की तरह जलो। –डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

## संपादकीय

# कशमल की बेखौफ तस्करी

हिमाचल प्रदेश में कई जगह वन भूमि से कशमल की जड़ें अवैध रूप से निकालने का धंधा बेखौफ जारी है, जो अब एक गंभीर समस्या बन चुका है। इससे न केवल पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि राज्य के वन्य जीवों और वन संपदा की भी हानि पहुंच रही है। कशमल की जड़ों का अवैध रूप से निकालना और उसकी तस्करी करने वाले गिरोहों की गतिविधियां वन विभाग और पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। चंबा जिले के सलूणी में फॉरेस्ट गार्ड और चौकीदार को तस्करों की ओर से घसीटना और अपहरण करने की घटना ने इस मसले को और भी जटिल बना दिया है। यह घटना इस बात का संकेत है कि तस्करों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि अब वे खुलेआम सरकारी कर्मचारियों को भी अपनी ताकत के आगे नतमस्तक कर रहे हैं। इस घटना ने यह दिखाया कि तस्कर अब सिर्फ वन संपदा की तस्करी ही नहीं कर रहे, बल्कि वे प्रशासन और सुरक्षाबलों को भी चुनौती दे रहे हैं। जब फॉरेस्ट गार्ड ने तस्करों को चेतावनी देने की कोशिश की, तो उन्होंने शर्त रखी कि यदि वह उन्हें रोकने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें छोड़ने का सवाल ही पैदा नहीं होता।

यह स्थिति सरकार और सुरक्षाबलों के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि यह घटना यह दर्शाती है कि तस्कर अब सीधे तौर पर सरकारी कर्मचारियों को भी अपहृत करने और उनका शोषण करने की कोशिश कर रहे हैं। कशमल एक झाड़ीदार औषधीय पौधा होता है जो हिमालयी क्षेत्र में पाया जाता है। इसकी जड़ों का इस्तेमाल आयुर्वेदिक दवाइयां बनाने में किया जाता है। पीलिया, मधुमेह और आंखों के संक्रमण के इलाज के लिए कशमल की जड़ों से दवाइयां बनाई जाती हैं। कैंसर के इलाज के लिए भी इस पर शोध किया जा रहा है। कशमल की जड़ें काफी महंगी बिकती हैं। यही वजह है कि वन माफिया अपना पैसा बनाने के चक्कर में रात के अंधेरे में वन संपदा को तहस-नहस करने में जुटा है। कशमल सबसे ज्यादा वन भूमि पर पाया जाता है। कशमल निकालने के लिए कुछ कानून बनाए गए हैं। सरकारी जमीन से कशमल उखाड़ना अपराध है। सिर्फ परमिट लेकर ही निजी भूमि से ही कुल उपज का केवल 40 प्रतिशत कशमल उखाड़ने की अनुमति है।


इस बढ़ते संकट को देखते हुए, सरकार को इस पर सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है। वन विभाग और पुलिस प्रशासन को इस तरह के तस्करी के मामलों में सख्ती से कदम उठाने चाहिए। हालांकि, इस समय तस्करों का नेटवर्क इतना मजबूत हो चुका है कि वे आसानी से पकड़ में नहीं आते। ऐसे में सरकार को वन सुरक्षा के लिए एक समग्र योजना बनानी होगी, जिसमें अधिक से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाए और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए विशेष सुरक्षा उपायों की योजना बनाई जाए। सरकार को तस्करों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाना चाहिए और तस्करी की जड़ों तक पहुंचने के लिए सूचना एकत्र करने पर जोर देना चाहिए। इसके अलावा, स्थानीय समुदायों को भी इस तरह की तस्करी के खिलाफ जागरूक करना आवश्यक है। लोगों को यह समझाना होगा कि वन संपदा और वन्य जीवन के संरक्षण से ही उनका भविष्य सुरक्षित रहेगा।

हिमाचल में बड़े पैमाने पर कशमल की जड़ों की तस्करी होना बेहद चिंताजनक है। कई बार इस तस्करी के मामलों का खुलासा नहीं हो पाता, लेकिन जब भी यह सामने आता है, तो यह बड़ी मात्रा में होती है। तस्कर कई बार इन जड़ों को बाहर के राज्यों और देशों में भी भेजते हैं, जिससे यह एक अंतरराष्ट्रीय तस्करी का रूप ले ले रही है। कशमल की तस्करी का यह सिलसिला केवल एक पर्यावरणीय संकट ही नहीं, बल्कि एक सामाजिक और आर्थिक संकट भी बन चुका है। इससे न केवल वन विभाग के कर्मचारियों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है, बल्कि स्थानीय समुदायों के लिए भी यह खतरे की घंटी है। यदि यह सिलसिला इसी तरह चलता रहा, तो आने वाले समय में राज्य की वन संपदा और पारिस्थितिकी तंत्र को भारी नुकसान हो सकता है। सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना होगा और प्रभावी कार्रवाई करनी होगी। तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और कड़ी सजा का प्रावधान होना चाहिए, ताकि तस्करी गिरोहों को नियंत्रित किया जा सके। वन विभाग, पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों को तस्करी के मामलों में अधिक ताकतवर और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। स्थानीय लोगों को तस्करी के खतरे और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए, ताकि वे इस अपराध में शामिल होने से बचें। आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन और सैटेलाइट इमेजिंग का उपयोग कर तस्करों के गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सकती है। यदि समय रहते इस संकट को कंट्रोल नहीं किया गया, तो यह राज्य की वन संपदा को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के पांचवें उपप्रधानमंत्री

**यशवंतराव** बलवंतराव चह्वाण भारत के पांचवें उपप्रधानमंत्री और महाराष्ट्र के प्रथम मुख्यमंत्री थे। एक समय भारत देश के प्रमुख राजनेता और केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण विभागों के सफल मंत्री थे। ये 'आम आदमी के नेता' के रूप में लोकप्रिय थे। यशवंतराव बलवंतराव चह्वाण का जन्म महाराष्ट्र के सातारा जिले के एक किसान परिवार में हुआ था। बचपन में ही इनके पिताजी का देहांत हो गया था, इसलिए इनका लालन पालन इनके चाचा और मां ने किया था। अपने बचपन से ही भारत के स्वतंत्रता संघर्ष से प्रभावित थे। पुणे से कानून की डिग्री लेने के बाद वे वकालत करने लगे। 1932 के सविनय अवज्ञा आंदोलन में गिरफ्तारी के साथ उनका सार्वजनिक जीवन आरंभ हुआ। भारत छोड़ो आंदोलन में कुछ समय भूमिगत रहकर सतारा के आंदोलन में सहायता देते हुए 1943 में वे फिर पकड़ लिए गए। जेल से रिहा होने के बाद चह्वाण मुंबई विधानसभा के सदस्य चुने गए। 1952 के चुनाव में सफल होने पर उन्हें मंत्रिमंडल में लिया गया। फिर वे मुंबई के मुख्यमंत्री और गुजरात के पृथक् राज्य बनने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। 1962 के चीनी आक्रमण के समय जब कृष्ण मेनन को रक्षा मंत्री का पद छोड़ना पड़ा तो यशवंतराव चह्वाण को देश के रक्षा मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया। 1966 तक वे इस पद पर रहे। फिर उन्होंने क्रमश : गृहमंत्री, वित्त मंत्री और विदेश मंत्री के पद संभाले। ■



यशवंतराव बलवंतराव चह्वाण
जन्म :12 मार्च, 1913
मृत्यु : 25 नवंबर, 1984



कविता

## मार्च

अनिल शर्मा नील, भटेड़, बिलासपुर ( हि प्र )

*बदलते मौसम का रंग है मार्च*
*उदास पेड़ों का उमंग है मार्च।*
*सर्द पड़े इंसानियत के रिश्तों में*
*होली के रंगों की तरंग है मार्च।*
*साल भर नहीं की कोई मेहनत*
*धूप अगरबत्ती का ढंग है मार्च।*
*पास फेल वाले पतंगें पर यारो*
*भाग्य आजमाने का पतंग है मार्च।*
*खोने पाने में उलझा बही खाता*
*हिसाब किताब का ढंग है मार्च।*
*टूटते ठेकों की बदलती है सरदारी*
*पीने वालों का रंग है मार्च।*
*हंसी ठिठोली है जहां पहली अप्रैल*
*मार्च ही मार्च का ढंग है मार्च।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# धूम्रपान की लत जहर से भी ज्यादा घातक, छोड़ना ही बेहतर



धूम्रपान निषेध दिवस विशेष

हर साल मार्च के दूसरे बुधवार को धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को धूम्रपान के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और इसे छोड़ने के लिए प्रेरित करना है। धूम्रपान न केवल शरीर के लिए हानिकारक है, बल्कि यह समाज में भी नकारात्मक प्रभाव छोड़ता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल दुनियाभर में लाखों लोग धूम्रपान से जुड़ी बीमारियों के कारण असमय मृत्यु का शिकार हो जाते हैं।

यह फेफड़ों, मुंह, गले और अन्य अंगों के कैंसर तथा हृदय रोगों का कारण बन सकता है। धूम्रपान छोड़ना आसान नहीं है, लेकिन यह संभव है। यदि आप धूम्रपान छोड़ने की इच्छा रखते हैं, तो ऐसे में यह दिन उन लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर होता है, जो तंबाकू की लत से छुटकारा पाना चाहते हैं। इस साल, नो स्मोकिंग डे 2025 की थीम है 'अपील को उजागर करना' जो विशेष रूप से इस विचार पर केंद्रित है कि कैसे धूम्रपान छोड़ना न केवल व्यक्तिगत, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी एक आकर्षक और प्रेरणादायक पहल बन सकता है। इसका अर्थ है कि हम धूम्रपान मुक्त जीवन की सुंदरता, स्वास्थ्य और सकारात्मकता को उजागर करें और इसे समाज में एक आकर्षक और अनुकरणीय पहल के रूप में प्रस्तुत करें। यह संदेश देता है कि धूम्रपान छोड़ने वाले व्यक्ति सिर्फ अपने स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का भला कर रहे हैं। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक नई सोच और जीवनशैली को अपनाने का आह्वान है।



लेखक : रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी

यदि धूम्रपान छोड़ना समाज में गर्व की बात बने, तो निश्चित रूप से अधिक लोग इसे अपनाएंगे। नो स्मोकिंग डे 2025 हमें यह अवसर देता है कि हम अपने स्वास्थ्य और समाज की भलाई के लिए इस अपील को जोरदार तरीके से उजागर करें, लेकिन चिंताजनक बात यह है कि आज के युवा तेजी से धूम्रपान की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

सिगरेट और ई-सिगरेट का सेवन अब सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि एक 'ट्रेंड' बनता जा रहा है। सोशल मीडिया, फिल्मों और साथियों के दबाव के कारण किशोर और युवा इसे एक स्टाइल स्टेटमेंट मानने लगे हैं। कई बार वे इसे तनाव कम करने का साधन भी मान बैठते हैं, जबकि वास्तविकता इसके बिलकुल विपरीत है। मित्रों का प्रभाव, सोशल मीडिया और फिल्मों का आकर्षण, पारिवारिक माहौल, और जीवन की बढ़ती प्रतिस्पर्धा- ये सभी कारण मिलकर युवाओं को इस खतरनाक आदत की ओर धकेल रहे हैं। स्कूल और कॉलेज जाने वाले छात्र भी इससे अछूते नहीं हैं। सिगरेट हाथ में लेते समय उन्हें अहसास भी नहीं होता कि यह एक लत में बदल सकती है, जिससे छुटकारा पाना बाद में कठिन हो जाता है। सिगरेट में मौजूद निकोटिन और अन्य जहरीले तत्व न केवल फेफड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि दिल, दिमाग और अन्य अंगों को भी गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। हृदय रोग, कैंसर, उच्च रक्तचाप, मानसिक तनाव और स्मरण शक्ति में कमी-ये सभी धूम्रपान के घातक परिणाम हैं।

धूम्रपान केवल उसी व्यक्ति के लिए खतरनाक नहीं है जो सिगरेट पीता है, बल्कि उसके आसपास मौजूद लोग भी इससे प्रभावित होते हैं। इसे निष्क्रिय धूम्रपान कहा जाता है। इससे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं खासकर छोटे बच्चे जो इस धुएं के संपर्क में आते हैं, उनमें फेफड़ों की बीमारियों और अस्थमा का खतरा बढ़ जाता है। रोजाना व्यायाम करने से तनाव कम होता है और शरीर में सकारात्मक ऊर्जा आती है। जब भी धूम्रपान करने की इच्छा हो, गहरी सांस लें और पानी पिएं, सकारात्मक जीवनशैली अपनाते हुए अच्छे मित्र बनाएं, नई हॉबी विकसित करें और खुद को व्यस्त रखें, और परिवार और दोस्तों का सहयोग लेते हुए धूम्रपान छोड़ने का प्रयास करें धूम्रपान केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक समस्या भी है। सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाए हैं, लेकिन समाज की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। क्योंकि निष्क्रिय धूम्रपान भी उतना ही खतरनाक है, जिससे बच्चे, गर्भवती महिलाएं और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। अगर हम आने वाली पीढ़ी को बचाना चाहते हैं, तो सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर सख्ती होनी चाहिए, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए और युवाओं को तंबाकू उत्पादों से दूर रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। 'नो स्मोकिंग डे' केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि यह एक संकल्प लेने का अवसर है। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने और अपने प्रियजनों की भलाई के लिए धूम्रपान छोड़ सकते हैं? जवाब 'हां' है, क्योंकि यह मुश्किल जरूर है, लेकिन नामुमकिन नहीं।

युवाओं को अब यह समझना ही होगा कि धूम्रपान कोई स्टाइल नहीं, बल्कि एक धीमा जहर है। इसे जितनी जल्दी छोड़ा जाए, उतना ही बेहतर है। धूम्रपान छोड़ना कठिन हो सकता है, लेकिन यह असंभव नहीं है। हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना होगा और समाज को भी इस दिशा में प्रेरित करना होगा आइए, इस धूम्रपान निषेध दिवस पर हम सभी संकल्प लें कि न केवल खुद धूम्रपान से दूर रहेंगे, बल्कि दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। याद रखें, जीवन अनमोल है— इसे बर्बाद मत कीजिए! और हां अगली बार सिगरेट जलाने से पहले यह जरूर सोचें कि कहीं यह आपके सपनों को तो नहीं जला रही है?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# महिलाओं के प्रति समाज में सम्मान की भावना हो उत्पन्न

सृष्टि की जब से ही रचना हुई है इस पूरे संसार को सजाने व संवारने का काम मात्र दो ही प्राणियों ने किया है और वे दो प्राणी हैं पुरुष एवं स्त्री। परंतु समस्त संसार की रचना में दो प्राणियों में भी अगर सबसे अधिक महत्वपूर्ण योगदान है तो वह एक स्त्री का, एक औरत का, एक नारी का, क्योंकि वह समस्त संसार की जननी है समस्त संसार की उत्पत्ति उसकी कोख से होती है या यूं कह लें कि स्त्री के बिना सांसारिक रचना की कल्पना मात्र भी नहीं की जा सकती है। क्योंकि यह भी कहा जाता है कि हर एक कामयाब पुरुष के पीछे एक सफल औरत का हाथ होता है।



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

संसार भर में औरतों के सम्मान के लिए एवं औरतों के महत्वपूर्ण योगदान के लिए एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के लिए समर्पित है और वह दिन है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस। प्रत्येक साल आठ मार्च को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। ऐसे में हम सब का फर्ज बनता है कि खुद से जुड़ी हर उस महिला को विशेष समझा जाए चाहे वह किसी की माता है पत्नी है बहन है या फिर बेटी है, जिन्होंने आपको जीवन में आगे बढ़ने पर किसी न किसी तरह से उन्होंने मदद की है और मदद का यह क्रम लगातार जीवन पर्यन्त जारी रहता है। भारतीय संस्कृति में पुरातन काल से ही स्त्रियों के सम्मान धार्मिक ग्रंथों की इन बातों से साबित होता है कि किसी भी पुरुष देवता का नाम लेने से पहले उनकी अर्धांगिनी का नाम लिया जाता रहा है जैसे राधा कृष्ण, सीता राम तथा लक्ष्मी नारायण आदि। आधिकारिक तौर पर दुनिया ने सबसे पहली बार महिला दिवस 1975 में मनाया था।

यूनाइटेड नेशन यानी संयुक्त राष्ट्र ने आठ मार्च के दिन को दुनिया भर की महिलाओं को समर्पित किया था। इसके दो साल बाद यानी 1977 में संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली ने आठ मार्च को आधिकारिक तौर पर वीमेंस डे घोषित किया। सबसे लोकप्रिय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रतीक शुक्र स्त्री प्रतीक है, जो एक क्रॉस हैंडल वाला एक चक्र है। यह अक्सर एक उठी हुई मुट्ठी, संख्या 8, एक ग्लोब, एक फूल और एक दिल जैसे अन्य प्रतीकों के साथ दिखाई देता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस दुनियाभर के कई देशों में मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जब महिलाओं को राष्ट्रीय, जातीय, भाषाई, सांस्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक भेदभाव की परवाह किए बिना उनकी उपलब्धियों के लिए पहचाना जाता है।



उन शुरुआती वर्षों से ही, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस ने विकसित और विकासशील देशों में महिलाओं के लिए एक नया वैश्विक आयाम ग्रहण कर लिया है। चार वैश्विक संयुक्त राष्ट्र महिला सम्मेलनों द्वारा मजबूत किए गए बढ़ते अंतरराष्ट्रीय महिला आंदोलन ने इस स्मरणोत्सव को महिलाओं के अधिकारों और राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में भागीदारी के लिए समर्थन जुटाने का एक केंद्र बनाने में मदद की है।

1977 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पहली बार उत्तरी अमेरिका और पूरे यूरोप में बीसवीं सदी के अंत में श्रमिक आंदोलनों की गतिविधियों से उभरा। न्यूजीलैंड महिलाओं को वोट देने की अनुमति देने वाला पहला स्वशासित देश था। अपनी तरह के पहले ज्ञात अभियान में, मिस्र के चिकित्सकों की सोसायटी ने महिला जननांग विच्छेदन के नकारात्मक प्रभावों की घोषणा करके परंपरा के विरुद्ध कदम उठाया। यह 1920 में हुआ था।

इस साल के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के लिए अभियान की थीम "Accelerate Action" (कार्रवाई में तेजी लाना) है। इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य है, महिलाओं के प्रति समाज में सम्मान की भावना उत्पन्न करना और उन्हें सबके समान अधिकार दिलाना तथा महिला दिवस को दुनियाभर में धूमधाम और बहुत चहल-पहल से मनाया जाता है। चूंकि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है और यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई का आह्वान भी करता है। ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूं कि पुरुष और स्त्री का यह युगों से चलता हुआ क्रम निरंतर इसी प्रकार से जारी रहे, जिनके प्रेम पूर्वक जीवनी यापन से इस सृष्टि का सृजन होता आया है। भविष्य में भी यह कम इसी प्रकार से अनावरत जारी रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**पुलिस** विभाग को प्रदेश में मादक पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए अगले कुछ माह तक व्यापक अभियान चलाना चाहिए। सरकार स्पष्ट रूप से मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यह कदम निश्चित रूप से राज्य में मादक पदार्थों की समस्या से निपटने में मदद करेगा और नागरिकों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगा। पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों को मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना बेहद लाजिमी है। नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। नशा हमारे समाज को कई तरह से खोखला कर रहा है। दरअसल, नशा इस कदर हिमाचल की शांत वादियों में कोलाहल मचा रहा है, जिसकी चर्चा अब हर घर में होने लगी है। चर्चा जरूर हो रही है, लेकिन आमजन में नशे के खिलाफ उठ खड़ा होकर लड़ने की कुव्वत अभी पैदा नहीं हो रही और जब तक यह भावना अपने चरम तक नहीं पहुंच जाती तब तक नशे का समूल नाश नहीं हो सकता। **रविंद्र कुमार, भड़वाल**

# स्कूलों में सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली कर सकती है एनईपी 2020 के सपनों को पूरा?

**सीबीएसई द्वारा 10वीं की परीक्षा में बदलाव :** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2026 से 10वीं की परीक्षा पैटर्न में कुछ बदलाव करने जा रहा है। नि:संदेह हमारे शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों के भले के लिए ही सुधारात्मक कदम उठाने की सिफारिश की होगी। जब हम अपने समय के पाठ्यक्रम और परीक्षा प्रणाली की तुलना आज के समय से करते हैं तो अनुभव करते हैं। कि विद्यार्थी विज्ञान और गणित जैसे अंडरस्टैंडिंग आधारित विषयों में पिछड़ रहे हैं।



लेखक : राजेंद्र कुमार शर्मा
देहरादून, उत्तराखंड

**व्याकरण के बिना भाषा ज्ञान अधूरा है :** इसी तरह से किसी भी भाषा का मूलाधार व्याकरण होता है। जिसका पहले अलग से विस्तृत अध्ययन करवाया जाता था ताकि विद्यार्थी शुद्ध भाषा पर अपनी पकड़ बना सके पर आज विद्यार्थियों की न तो इंग्लिश में पकड़ है और न ही हिंदी भाषा में। कई प्रदेशों में तो विद्यार्थी अपनी मातृ भाषा में भी पास नहीं हो रहें है। यह कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि व्याकरण या ग्रामर के गहन अध्ययन के अभाव में विद्यार्थियों की वाकपटुता एवं लेखन आत्मभिव्यक्ति क्षमता क्षीण हुई हैं जिसके कारण परीक्षाओं में तो उनकी उपलब्धि घटी है साथ ही उनकी पब्लिक स्पीकिंग / जन संप्रेषण बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इंग्लिश, भारत की नेटिव भाषा कभी भी नहीं बन सकती

**एनईपी 2020 के निर्देश / सुझाव :** नई शिक्षा नीति 2020 की धारा 4.37 तथा 4.38 को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, कक्षा 10वीं की परीक्षा प्रणाली में कई बदलाव लाने के प्रस्ताव पर कार्य कर रहा है। नई शिक्षा नीति की उपरोक्त धाराओं के अंतर्गत कोचिंग की आवश्यकता को समाप्त करने, समग्र विकास को प्रोत्साहित करने के लिए, रटने की प्रक्रिया को हतोत्साहित करने हेतु, छात्र की अपनी व्यक्तिगत रुचियों को तरजीह देने,बोर्ड परीक्षा बिना अधिक मेहनत के पास कर सकेंगे और अच्छे अंक प्राप्त कर सके,बोर्ड परीक्षा के 'उच्च दबाव' को समाप्त करने हेतु दो बार परीक्षाओं का प्रावधान, 'सर्वश्रेष्ठ दो प्रयासों में से सर्वश्रेष्ठ' के चुनाव की छूट आदि। विषयों और संबंधित मूल्यांकन में भी सुधार किए जाएंगे। उदाहरण के लिए, गणित को दो स्तरों पर प्रस्तुत किया जा सकता है



**परीक्षा बदलाव के संभावित प्रभाव :** उपरोक्त बदलाव स्कूली शिक्षा की मूल्यांकन पद्धति में कई सकारात्मक परिवर्तन लेकर आ रहा है, परंतु हमें यह नहीं भूलना चाहिए परीक्षा चाहे एक बार हो या दो बार, परीक्षाओं में मानसिक दबाव रहना प्राकृतिक है। वर्तमान परीक्षा प्रणाली में एक मुख्य बोर्ड परीक्षा ( फरवरी मार्च) और उसके बाद पूरक / अंक सुधार परीक्षा ( जुलाई ) में होती है। चूंकि यहां दोनों परीक्षाओं में से सर्वश्रेष्ठ के चुनाव का कोई विकल्प नहीं है। अत: केवल दो विषयों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी या फिर किसी एक या दो विषयों में बहुत कम अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी अंक सुधार हेतु ही पूरक परीक्षा में शामिल होते हैं। परंतु यदि बोर्ड दो में से 'सर्वश्रेष्ठ' का चयन करेगा, तो 100 फीसदी अंक लेने वाले को छोड़कर सभी विद्यार्थी दूसरी परीक्षा में इस आशा के साथ भाग लेंगे कि शायद उनके भी हर विषय में 100 में से 100 अंक आ जाए?

**11वीं और 12वी के लिए अधिक समय की जरूरत :** दूसरे नई परीक्षा प्रणाली के अनुसार बोर्ड एक परीक्षा फरवरी मार्च में आयोजित करेगा और दूसरी परीक्षा मई में। पहली परीक्षा का परिणाम अप्रैल के अंत तक और मई परीक्षा का परिणाम जून के अंतिम सप्ताह में आएगा। अर्थात विद्यालय और विद्यार्थी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से 5 माह तक ( फरवरी से लेकर जून तक ) परीक्षाओं में ही व्यस्त रहने वाला है। चूंकि 10वीं के बाद विद्यार्थी को कक्षा 11वीं का अध्ययन शुरू करना होता।

**क्या सेमेस्टर सिस्टम एक अच्छा विकल्प है? :** एक शिक्षाविद होने के नाते मेरा मानना है कि कक्षा 9वीं से लेकर कक्षा 12वीं तक की परीक्षा प्रणाली को सेमेस्टर सिस्टम में परिवर्तित कर देना चाहिए, जिसके कारण एक नहीं, बल्कि अनेक लाभ विद्यार्थियों को मिलेंगे। विद्यार्थी को सारा पाठ्यक्रम एक साथ तैयार करने से छूट मिलेगी। पाठ्यक्रम दो सेमेस्टर में विभाजित होने से विद्यार्थी विषयों का गहनता से अध्ययन कर सकेगा। परीक्षाओं का मानसिक दबाव कम होगा। कम पाठ्यक्रम के कारण, परीक्षाओं में प्राप्तांक में सुधार होगा, दोनों सेमेस्टर मार्च तक समाप्त हो जाएंगे अत: परीक्षा परिणाम भी अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक तैयार हो जाएंगे, जिसके कारण विद्यार्थी कक्षा 11वीं तथा 12वीं का अध्ययन जुलाई के स्थान पर मई में ही शुरू कर सकेगा।

**क्या लाभ होगा सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली का? :** जब पूरा पाठ्यक्रम दो भागों में विभाजित होगा तो विद्यार्थियों को दो भागों में परीक्षा देनी होगी। अर्थात परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम तैयारी में कम समय लगेगा, टॉपिक कम होंगे तो उन्हें अच्छे से समझने हेतु पूरा समय मिलेगा और इसके परिणामस्वरूप विद्यार्थियों के पास प्रतिशत में वृद्धि होगी। अत: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को दो परीक्षाओं के स्थान पर सेमेस्टर सिस्टम पर विचार करना चाहिए, जिससे स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ नकल और कोचिंग जैसी समस्याओं का समाधान भी हो सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आओ इन खुशियों के रंगों से हम अपना व दूसरों का जीवन रंगीन बनाएं

भारत त्योहारों का देश है। इन त्योहारों में होली एक महत्वपूर्ण रंगोत्सव त्योहार है। यह रंगों का हास परिहास का पर्व है। रंग भरी होली जीवन की रंगीनी को प्रकट करती है। यह पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। रंगों का यह त्योहार पारंपरिक रूप से मनाया जाता है। इस पर्व पर रंगों से होली खेली जाती है और होलिका दहन किया जाता है।



लेखिका : विद्या शर्मा
नसलोह जिला मंडी

होली के त्योहार का प्रचलन आर्यों के समय से है। इसका वर्णन नारद पुराण और अन्य प्राचीन पुराणों से भी मिलता है। मुगल काल में भी अकबर का जोधाबाई के साथ तथा जहांगीर का नूरजहां के साथ होली खेलने का वर्णन मिलता है। कृष्ण गोपियों की होली तो अद्भुत है।

इसका वर्णन मध्यकाल के हिंदी साहित्य में मिलता है। इसके अतिरिक्त मथुरा की होली, वृंदावन की होली और बरसाने की लठमार होली पूरे देश में मशहूर है। प्रचलित मान्यता के अनुसार यह त्योहार हिरण्यकशिपु की बहन होलिका के मारे जाने की समृति में मनाया जाता है। पुराणों में वर्णित है कि हिरण्यकशिपु की बहन होलिका वरदान के प्रभाव से नित्य अग्नि स्नान करती थी और जलती नहीं थी। हिरण्यकशिपु अपनी बहन होलिका से प्रहलाद को गोद में लेकर अग्निस्नान करने को कहा।



उसने समझा कि ऐसा करने से प्रहलाद अग्नि में जल जाएगा और होलिका बच जाएगी। होलिका ने ऐसा ही किया। किंतु वह जल गई और प्रहलाद बच गया। प्रहलाद भगवान विष्णु का भक्त और हिरण्यकशीपु भगवान विष्णु विरोधी था। दशचरित में होली का उल्लेख मदनोत्सव के नाम से किया जाता है। राग रंग का यह त्योहार बसंत का संदेश वाहक है। होली बसंत ऋतु का यौवन काल है। ग्रीष्म के आगमन का सूचक है। फल फूलों की नई सृष्टि के साथ ऋतु भी अमृत प्राण हो जाती है। प्रकृति की सुंदरता अपने चरम पर होती है। ऐसे में होली पर गुलाल के लाल, पीले, हरे व नीले रंग जब हवा में बिखरते हैं तो वातावरण रंगीन हो जाता है।

मन खुशी से झूम उठता है। चारों तरफ रंगों की फुहार फूट पड़ती है। लोग एक दूसरे पर रंग अबीर गुलाल इत्यादि फैंकते हैं। ढोलक की थाप पर होली के गीत गाए जाते हैं। होली के दिन लोग सभी तरह की कटुता, क्रोध भुला कर बुरा न मानो होली है की ध्वनि में डूब कर घुल मिल जाते हैं। एक दूसरे के गले मिलते हैं। इस पर्व पर तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं। उत्तर भारत में गुझिया मिष्ठान के तौर पर विशेष रूप से बनाई जाती है। होलिका दहन के साथ यह पर्व पूर्ण होता है। होली दुराचार पर सदाचार का प्रतीक भी है। रंग-बिरंगे गुलाल की जगह रासायनिक रंग आ गए हैं।

होली के अवसर पर गाए जाने वाले धार्मिक गीतों का स्थान अब आधुनिक गीतों ने ले लिया है जिससे पर्व की पवित्रता और अनुभूति को तिरोहित कर दिया है। आज की आधुनिक व व्यस्तता के दौर में अपनी संस्कृति और परंपराओं को न भूलें। अपनी आने वाली पीढ़ी को इन पर्वों व त्योहारों के महत्व से अवगत करवाएं। कहीं ऐसा न हो कि हमारे यह पर्व फेसबुक और व्हाट्सएप के संदेशों पर ही सीमित होकर रह जाएं। होली का रंग खुशियों का प्रतीक है। आओ इन खुशियों के रंगों से हम अपना व दूसरों का जीवन रंगीन बनाएं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

## गाड़ियों की पासिंग वाला मैदान खस्ताहाल



**अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर में गाड़ियों की पासिंग एवं ट्राई को लेकर मैदान बदलने का सिलसिला लंबा हो चला है। प्रशासन का यह निर्णय इस मैदान के सूरत-ए-हाल को देखकर बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता। वर्तमान में ताम्रकूट पर्वत (त्रांबड़ी) के निकट बीबीएमबी परियोजना सुंदरनगर कॉलोनी स्थल में यह गाड़ियों एवं ड्राइविंग का सही गलत संबंधी सरकारी तौर पर देखा जाने वाला कार्य निर्धारित की जाने वाली तिथि को होता तो जरूर है, मगर इस मैदान की हालत बहुत ही दयनीय है जहां जगह-जगह गड्ढे एवं खाइयां पड़ी हैं वहीं कीचड़ का आलम साफ देखा जा सकता है। बुद्धिजीवी लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही उक्त मैदान का सुधार करने के लिए स्तरीय ढंग का आधुनिकीकरण किया जाए।

## संस्कृत कॉलेज सुंदरनगर में मेधावी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य संसदीय सचिव व पूर्व विधायक सुंदरनगर सोहनलाल ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की पत्रिका शिवा मंजरी का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा शीघ्र ही महाविद्यालय के नवीन भवन के निर्माण का शुभारंभ करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. खुशवंत सिंह द्वारा मुख्यातिथि व अन्य उपस्थित गणमान्यों का धन्यवाद किया।

## नशा माफिया पर प्रहार की दरकार : एनआर ठाकुर

**अनंत ज्ञान, गोहर।** जिला बाल संरक्षण इकाई मंडी द्वारा गोहर में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने कहा कि आज नशा बच्चों का नाश और समाज का विनाश कर रहा है। बच्चे और नौजवान नशे के मकड़जाल में फंसते जा रहे हैं। सिंथेटिक नशा या चिट्टा बच्चों की जान का दुश्मन बन गया है। नशे के चलते हर दिन किसी न किसी युवा की जान जा रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक परिवार को प्रण लेकर नशा तस्करों के खिलाफ रण का ऐलान करना होगा। ठाकुर ने इस मौके पर बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल यौन उत्पीड़न और बाल भिक्षावृत्ति जैसी सामाजिक बुराइयों पर भी जानकारी सांझा की तथा जनमानस से इसे खत्म करने के लिए सहयोग का आह्वान किया।

## चिट्टे के खिलाफ शुरू करना होगा जन अभियान

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** डॉक्टर जोगिंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि मौजूदा हालत में हिमाचल प्रदेश में चिट्टा एक भयंकर जानलेवा नशे के रूप में विशेष कर युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है। चिट्टे के सेवन करने वाले रोज कहीं ना कहीं पकड़े जा रहे हैं, लेकिन इसके सरगना सप्लायर पुलिस की पकड़ में नहीं आ रहे हैं। इसके लिए आम जनमानस को आगे आना ही होगा। हालांकि बहुत से गांव में लोग जागरूक हो गए हैं मगर अभी 90 प्रतिशत जनता को जगाना बाकी है। इसके लिए सामाजिक संगठनों को आगे आना होगा। सहारा एनजीओ तन मन धन से चिट्टे के खिलाफ है। सहारा एनजीओ के डायरेक्टर राजेंद्र चौहान ने कहा कि चिट्टा माफिया के खिलाफ समाज में जागरूकता लाने के लिए प्रयास निरंतर जारी है। इसे एक जन अभियान का रूप दिया जाएगा।

## 19 को होगी वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, पधर।** वाहन पंजीयन व अनुज्ञप्ति अधिकारी पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि उपमंडल पधर में 19 मार्च को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट की तिथि निर्धारित की गई है। ड्राइविंग टेस्ट और वाहन की पासिंग हरड़गलू मैदान में की जाएगी। इसके लिए स्लॉट खोल दिए गए हैं। वाहनों की पासिंग के लिए संपूर्ण औपचारिकताएं जैसे फीस और टैक्स की ऑनलाइन रिसिप्ट ही मान्य होगी। साथ ही यह भी अवगत करवाया है कि सभी संबंधित निर्धारित तिथि को वांछित दस्तावेजों सहित 10 बजे प्रातः निश्चित स्थान पर पहुंच जाएं।

## वाटर हार्वेस्टिंग व हाईजीन पर चलेगा जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर अब वाटर हार्वेस्टिंग और हाईजीन को लेकर स्थानीय उपभोक्ताओं को जागरूक करेगा। इस विशेष अभियान के लिए स्थानीय प्रशासन, जलशक्ति विभाग और नगर परिषद से पत्राचार शुरू हो गया है। शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को शारीरिक स्वच्छता और जलजनित रोगों से बचाने के लिए 15 मार्च से 31 मार्च तक पूरे उपमंडल में अभियान चलाया जाएगा।रोटरी क्लब की अर्धमासिक बैठक में इस अभियान को लेकर निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल और चार्टर अध्यक्ष अजय ठाकुर ने की। इस दौरान बताया गया कि रोटरी क्लब के 35 सक्रिय सदस्य वार्ड स्तर पर टीम बनाकर इसमें जागरूकता अभियान का संचालन करेंगे।

## सड़क सुरक्षा पर निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में सड़क सुरक्षा क्लब के तत्वावधान में एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के विद्यार्थियों और क्लब के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. मुनीष ठाकुर ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है, और युवा पीढ़ी को इसके प्रति संवेदनशील होने की जरूरत है। कार्यक्रम संयोजक प्रो. पंकज कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की सड़क सुरक्षा जागरूकता पहल सराहनीय है।

## धमच्याण क्लस्टर में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

**कविता, पधर।** विकासखंड द्रंग में चयनित क्लस्टर धमच्याण में आज बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर संयुक्त निदेशक डॉ. बीएस बैंस ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। उनके साथ जिला मंडी के उपनिदेशक डॉ. संजय गुप्ता, उद्यान विकास अधिकारी डॉ. कविता शर्मा, उद्यान प्रसार अधिकारी पूजा लोहिया, फैसिलिटेटर अभिषेक, फील्ड ऑपरेटर मोहित, पंचायत सदस्य शुभकरण, पूर्व पंचायत प्रधान मंगल सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय बागवान उपस्थित रहे। जिला मंडी उपनिदेशक डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि धमच्याण में लगभग 10 हेक्टेयर भूमि पर जापानी फल के पौधे लगाए जा रहे हैं।

## बिजणी में खंड स्तरीय जागरूकता शिविर लगाया

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बाल विकास परियोजना अधिकारी मंडी सदर के तत्वावधान में 'वो दिन' योजना के अंतर्गत खंड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन 'सम्पति देवी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज, बिजणी मंडी में किया गया, जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के निदेशक, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने की। जागरूकता शिविर में स्वास्थ्य तथा आयुष विभाग से प्रतिनियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा उपस्थित छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा साफ-सफाई बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। शिविर में चित्रकला तथा नारा लेखन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। चित्रकला प्रतियोगिता में कुमारी सोनल ने प्रथम, सिमरन ने द्वितीय तथा श्रुत कृतिका ने तृतीय स्थान और नारा लेखन में कुमारी हिमाक्षी ने प्रथम, वर्णिका ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### विधानसभा में गूंजा नागरिक अस्पताल सरकाघाट का मुद्दा, विधायक दिलीप ठाकुर ने मांगा जवाब

# 10 साल से नहीं मिले डॉक्टर, दो साल से सात मंजिला हॉस्पिटल का काम बंद

**रितेश चौहान, सरकाघाट**


विधायक दलीप सिंह ठाकुर ने वर्ष 2013 से निर्माणाधीन नागरिक अस्पताल सरकाघाट के भवन के अब तक ना पूर्ण होने और विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी का मुद्दा उठाया है। विधायक के प्रश्न का उत्तर देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सरकाघाट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नागरिक अस्पताल, सरकाघाट के भवन का निर्माण कार्य 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण होने की संभावना है। नागरिक अस्पताल सरकाघाट की दैनिक ओपीडी में लगभग 400-450 मरीज आते हैं। वर्तमान में नागरिक अस्पताल सरकाघाट, 100 बिस्तरों के साथ पुराने भवन में कार्यशील है।

इसके अतिरिक्त नए भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत उक्त अस्पताल में दैनिक ओपीडी व बढ़ती तादाद के मद्देनजर बिस्तरों की संख्या बढ़ाने के लिए विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि सरकाघाट अस्पताल में 4 विशेषज्ञ चिकित्सक हैं, जिनमें 1 रेडियोलॉजिस्ट, 1 ईएनटी विशेषज्ञ और 1 स्त्री रोग विशेषज्ञ व 1 एनेस्थीसिया विशेषज्ञ अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा 7 पद लगभग 2-2 वर्षों से रिक्त चल रहे हैं।



दलीप ठाकुर ने विधानसभा में कहा कि अस्पताल में प्रतिदिन 400 से अधिक ओपीडी होती है और वर्तमान में अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के चलते रोगियों को घंटों तक बारी का इंतजार करना पड़ता है। विधायक ने बताया कि अस्पताल से सात डॉक्टरों के तबादले हुए हैं और उनकी जगह कोई भी डॉक्टर नहीं आया है, लेकिन सरकार ने विधायक को बताया कि शीघ्र ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी।

विधायक ने कहा कि आमजन पहले भी सरकार व विभाग के समक्ष इस समस्या को विभिन्न मंचों के माध्यम से उठा चुका है, लेकिन अभी तक प्रदेश सरकार चिकित्सकों को नियुक्त नहीं दे पाई।(अनंत ज्ञान)



### ठेकेदार को नहीं किया पैसे का भुगतान

अनंत ज्ञान खास खबर

**जर्जर** और पुराने अस्पताल भवन को नई ओपीडी ब्लॉक में शिफ्ट करने के लिए बनाए जा रहे सात मंजिला आधुनिक अस्पताल भवन का काम पिछले 2 सालों से बंद पड़ा है। ठेकेदार ने पैसों का भुगतान न होने के कारण मशीनरी भी यहां से दूसरी जगह शिफ्ट कर दी है। अस्पताल का बंद पड़ा निर्माण सत्ता के कार्यकर्ताओं का मुंह चिढ़ा रहा है।

### जंग खा रहे हैं ऑपरेशन थियेटर में औजार

**एनेस्थीसिया** और सर्जन न होने के चलते सरकाघाट अस्पताल में बना ऑपरेशन थियेटर वर्षों से वीरान पड़ा है। यहां पर लाखों रुपए के खरीदे गए हजार पड़े पड़े जंग खा रहे हैं। बिना विशेषज्ञ डॉक्टर के इस ऑपरेशन थियेटर का कोई भी काम नहीं है और महज सफेद हाथी साबित हो रहा है।

# जानलेवा मारपीट के आरोपियों को 3 वर्ष का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



35,500 रुपए लगा जुर्माना

जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडी की अदालत ने एक अहम मामले में आरोपी रामलाल और बलबीर सिंह निवासी दरकोहल डाकघर तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी हिमाचल प्रदेश को मारपीट करने और जानलेवा हमला करने के मामले में दोषी ठहराया गया है। दोषी को विभिन्न धाराओं के तहत सजा सुनाई गई है।

दोनों को 3 वर्ष का कठोर कारावास और 25 हजार रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना न देने पर दोनों को 6 महीने का साधारण कारावास का दंड भोगना पड़ेगा। धारा 325 उपधारा 34 के तहत दोनों को 2 वर्ष का कठोर कारावास और 10 हजार रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना न देने पर प्रत्येक को 3 महीने का साधारण कारावास भुगतना पड़ेगा।

धारा 341 की उपधारा 34 के तहत दोनों को महीने का साधारण कारावास और 500 रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना न देने पर दोनों को एक सप्ताह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने बताया कि 13 नवंबर 2015 को सुबह 9 बजे शिकायतकर्ता चौधरी राम पुत्र कैथ राम के घर मजदूर रेत बुलाई करने आए थे। मजदूरों को राम लाल नामक व्यक्ति ने रोक दिया। इस पर शिकायतकर्ता ने अपने बेटों से पुलिस को सूचित करने के लिए कहा। वह स्वयं घटनास्थल पर गया और रेत को अपने घर ले जाने लगा, जिस पर राम लाल और बलबीर सिंह ने उसे गलत तरीके से रोका और डंडों व पत्थरों से पीटना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता की पत्नी ने उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाने की कोशिश की, जिस पर आरोपियों ने उसे भी पीटा।

आरोपी रामलाल ने डंडे से शिकायतकर्ता की पत्नी के सिर पर वार किया, जिससे खून बहने लगा। शिकायतकर्ता और उसकी पत्नी दोनों को मुंह, नाक और शरीर के अन्य भागों पर चोटें आई। इस घटना की एफआईआर पुलिस थाना सरकाघाट में दर्ज की गई थी।

अभियोजन पक्ष ने अदालत में 19 गवाहों के बयान कलमबंद करवाए थे। अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत द्वारा आरोपी रामलाल और बलबीर सिंह का अपराध, संदेह की छाया से परे सिद्ध पाया गया और दोषियों को भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत सजा सुनाई है।

## पुलिस ने 40 ग्राम चिट्टे सहित हरियाणा का युवक किया काबू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर थाना पुलिस ने मंगलवार दोपहर किरतपुर- मनाली फोरलेन पर सुंदरनगर के पुंघ में नाके के दौरान एक कार चालक युवक से 40 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी की दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना पुलिस ने एएसआई दौलत राम और हेड कांस्टेबल हंसराज के नेतृत्व में नाका लगा रखा था। इसी दौरान हरियाणा नंबर एचआर - 33डी-5646 कार को पुलिस ने जांच के लिए रोका। कार की तलाशी के दौरान उसमें सवार गुरलाल सिंह (34) पुत्र गुरमेल सिंह गांव झिड़ी डाकघर झिड़ी तहसील कालावाली थाना बड़ा गुड़ा जिला सिरसा हरियाणा के पास से 40 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी सिरसा से चिट्टा लेकर मंडी व कुल्लू की तरफ विभिन्न स्थानों पर बेचने के लिए जा रहा था। एसपी साक्षी वर्मा ने चिट्टा बरामद करने की पुष्टि करते बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## मंडी जिला सीनियर क्रिकेट टीम का चयन 16 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी सीनियर क्रिकेट टीम का चयन 16 मार्च को राजकीय बहुतकनीकी के खेल मैदान में सुबह 10 बजे किया जाएगा।

मुख्य चयनकर्ता कौल सिंह ठाकुर ने बताया कि टीम 4 अप्रैल से शुरू हो रही अंतर जिला एक दिवसीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। खिलाड़ी कलर ड्रेस पहन कर इस ट्रायल को देंगे। मंडी जिला की टीम अपना पहला मैच 4 अप्रैल को किनौर के साथ, 6 को बिलासपुर के साथ, 9 को ऊना के साथ, 10 अप्रैल को हमीरपुर के साथ व 11 अप्रैल को चंबा के साथ खेलेगी। यह सभी मैच पेखूबेला और संतोषगढ़ के मैदान में खेले जाएंगे।

## सदन में गूंजा बल्ह घाटी सिंचाई योजना का मसला

**आदर्श, नेरचौक**

विधानसभा सत्र के दौरान बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने जल शक्ति विभाग पर सदन को झूठे आंकड़े पेश कर गुमराह करने का आरोप जड़ा है।

विधायक इंद्र सिंह गांधी ने प्रश्न संख्या 1061 में बल्ह घाटी मध्यम सिंचाई परियोजना (राइट बैंक) को लेकर विभाग से प्रश्न पूछा था जिसमें विभाग के बग्गी डिवीजन की ओर से इस योजना के तहत बीबीएमबी नहर से 12 किलोमीटर दूरी पर स्थित मलवाणा गांव तक पानी की आपूर्ति कर किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया करवाने की सदन को जानकारी दी। जिस पर आपत्ति दायर करते हुए विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि इस योजना के तहत सकरोहा गागल तक ही किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया करवाई जा रही है।

**इंद्र सिंह गांधी ने झूठी जानकारी देने का जड़ा आरोप**

उन्होंने सरकार से करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई इस परियोजना के माध्यम से मलवाणा व भड़याल के अंतिम छोर तक सभी किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया करवाने की मांग की है। इंद्र सिंह गांधी ने 41 करोड़ 81 लाख रुपए की एशियन डेवलपमेंट बैंक की योजना के तहत ऊपरी बल्ह रिवालसर के लिए बनाई जा रही उठाउ पेयजल योजना के तहत हल्याटर, बुराहली व गजेहड़ा गांव को भी जोड़ने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि करोड़ों की इस योजना का विभाग के मुताबिक 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है मगर क्षेत्र के यह गांव अभी भी इस पेयजल योजना के दायरे से बाहर है।

वहीं विधायक ने नाबार्ड के तहत जल शक्ति विभाग द्वारा बनाई गई बहाव सिंचाई योजना ढांगू कुहल को लेकर भी सवाल उठाए। ढांगू कुहल के निर्माण व सुधार कार्यों को कई बार लाखों रुपए खर्च किए गए हैं। मगर धरातल पर इस कुहल की हालत बहुत ही खराब है।

## महिला को किए गंदे इशारे, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना बीएसएल कालोनी में दुकानदार महिला को गंदे इशारे करने को लेकर एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी अनुसार थाना में दर्ज कराई एफआईआर में लोअर बैहली निवासी पीड़ित महिला ने कहा है कि वह शाम करीब 5 बजे एक व्यक्ति उसकी दुकान पर आया और तेल को बोतल मांगने लगा। जब उसने पूछा की कौन सी बोतल चाहिए तो उसने आपत्तिजनक जवाब दिया। डीएसपी भारत भूषण ने बताया एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

## चंपा पर बेतुकी बयानबाजी से बाज आएं आश्रय शर्मा : एनके पंडित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी सदर ब्लॉक कांग्रेस के प्रवक्ता और कांग्रेसी नेता एनके पंडित ने आश्रय शर्मा को नसीहत दी है कि वो मंडी कांग्रेस की नेत्री चंपा ठाकुर पर ओछी बयानबाजी न करके अपने गिरेबान में झांक कर देख ले।



एनके पंडित ने कहा कि इनका इतना बड़ा कद नहीं है कि वो चंपा ठाकुर के बारे में कुछ बोल सकें। चंपा ठाकुर कांग्रेस पार्टी की जमीन से जुड़ी हुई नेत्री है और वो दिन रात जनता के बीच में रहकर लोगों की समस्याओं को सुनती है।

एनके पंडित ने कहा कि वह समय गया जब कभी कांग्रेस और कभी बीजेपी में आना जाना लगा रहता था, लेकिन अब जनता इसका करारा जवाब देनी वाली है। आने वाले समय में चंपा ठाकुर ही विधायक होंगी। आश्रय शर्मा द्वारा जो टिप्पणी चंपा ठाकुर पर की है वह सिर्फ ट्रांसफर करवाने के लिए शिमला जाती हैं, ऐसी अनाप शनाप बयानबाजी न करें।

## दिव्यांग युवती के इलाज व शेल्टर होम में रखने की मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमालयन दिव्यांग कल्याण एसो. ने उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से मुलाकात कर एक मानसिक रूप से दिव्यांग युवती के इलाज और शेल्टर होम में रहने की व्यवस्था की मांग की है।

संस्था के पास हाल ही में गणित प्रवक्ता सविता से जानकारी पहुंची कि लता देवी (34), पुत्री स्व. वासुदेव, जो 70 प्रतिशत मानसिक दिव्यांगता से ग्रसित है, गंभीर संकट में है। संस्था ने प्रशासन से अपील की है कि युवती का उचित इलाज करवाया जाए और उसे महिला शेल्टर होम में सुरक्षित आश्रय दिया जाए।

## मंडी की सांसद कंगना ने सदन में उठाया बिजली समस्या का मसला

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी सांसद कंगना रनौत ने संसद में मंडी संसदीय क्षेत्र में मौसमी परिवर्तन से प्रभावित बिजली की समस्या को जोरदार ढंग से उठाया है। सांसद कंगना रनौत ने कहा कि केंद्र सरकार ने गांवों को ध्यान में रखते हुए दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत बहुत बेहतर काम किया है, आज गांव में विद्युतीकरण हुआ है, लेकिन मैं मंडी संसदीय क्षेत्र में बिजली की समस्या से अवगत करवाना चाहती हूं। मंडी संसदीय क्षेत्र में बहुत से ऐसे विधानसभा क्षेत्र हैं, जहां मौसम परिवर्तन से बार बार ट्रांसफार्मर उप हो जाते हैं, जिस कारण पहाड़ के लोगों का जीवन प्रभावित होता है।

छोटे छोटे लघु कुटीर उद्योग ठप हो जाते हैं, सराज, कुल्लू, बंजार और आनी इत्यादि क्षेत्रों में बारिश और तूफान के कारण बिजली बार बार आंख मिचौनी खेलती रहती है। कंगना ने कहा कि विद्युत मंत्रालय व हिमाचल विद्युत विभाग मिल कर इस समस्या से जल्द से जल्द निजात दिलाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

## धर्मपुर कॉलेज के 16 छात्रों की हुई जॉब प्लेसमेंट



**रितेश, सरकाघाट**

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण राजकीय महाविद्यालय, धर्मपुर में जॉब कोच द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 16 छात्र-छात्राओं का पहले चरण के लिए चयन किया गया।

चयनित विद्यार्थियों की सूची में बैंकिंग सेक्टर के लिए वर्षा, कंचना, प्रिया, भारती, साहिल, अजीत, मोनिका एवं अर्चना, फाइनेंस सेक्टर के लिए, तनुजा, एरोन एवं मंदीप, टेलीकॉम सेक्टर के लिए महक एवं मुस्कान, रिटेल सेक्टर के लिए रजत एवं रिया और रियल एस्टेट सेक्टर के लिए अंकुश का चयन हुआ है। इस दौरान प्राचार्य डॉ. रमेश धलारिया ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।


## मारपीट करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना बीएसएल कालोनी में गाली गलौज व मारपीट करने पर एफआईआर दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई शिकायत में जोगिंद्र कुमार पुत्र चांद राम निवासी लोअर बैहली तहसील सुंदरनगर ने कहा है कि गांव का एक व्यक्ति शाम को उसके घर पर आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। जब उसने गाली गलौज का विरोध जताया तो वह उसके साथ मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। डीएसपी भारत भूषण ने बताया थाना में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

## नशे से दूर रहे युवा पीढ़ी : वीरेंद्र भट्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



नगर निगम मंडी के वार्ड नंबर 14, बैहना वार्ड स्थित एनआर मेमोरियल प्राइवेट लिमिटेड आईटीआई व दीनदयाल उपाध्याय प्राइवेट लिमिटेड आईटीआई में नशा (चिट्टा) और केमिकल नशे के दुष्प्रभाव पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और छात्रों को नशे के खतरों के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे इसके दुष्प्रभावों से बच सकें और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ा सकें।

कार्यक्रम में माननीय महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा, डी.एस.पी दिनेश कुमार, स्थानीय पार्षद कृष्ण भानु, वीरेंद्र सिंह आर्य और हरदीप सिंह, अशोक प्रधानाचार्य एन.आर. मेमोरियल प्राइवेट लिमिटेड आई.टी.आई सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने अपने उद्घाटन भाषण में छात्रों को नशे के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आज के युवा कल के राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और नशे जैसी बुराई से दूर रहकर ही वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकते हैं।

हरदीप सिंह माननीय पार्षद ने कहा कि इस मुद्दे पर गंभीरता से बात करते हुए बताया कि नशे की आदत केवल व्यक्तिगत जीवन को ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र को भी नष्ट कर देती है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपनी पढ़ाई और करियर को प्राथमिकता दें और नशे से दूर रहें। पार्षद वीरेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। पार्षद कृष्ण भानु ने कहा कि समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है।

बजट

## सिविल अस्पताल लडभड़ोल की रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित

# 14.69 लाख रुपए का बजट पारित

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

सिविल अस्पताल लडभड़ोल की रोगी कल्याण समिति की बैठक मंगलवार को सिविल अस्पताल परिसर लडभड़ोल में समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में रोगी कल्याण समिति के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को अनुमोदित किया गया। बैठक का संचालन कार्यकारी बीएमओ एवं वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. विजय कुमार ने किया। इस बात की पुष्टि करते हुए स्वास्थ्य शिक्षक लडभड़ोल शेर सिंह वर्मा ने बताया

**ईसीजी मशीन खरीदने को मिली स्वीकृति**

कि सिविल अस्पताल लडभड़ोल की रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में रोगी कल्याण समिति सिविल अस्पताल लडभड़ोल का वित्तीय वर्ष 2024-25 का लगभग 14.69 लाख रुपए का बजट अनुमोदित किया गया।

बैठक में सिविल अस्पताल लडभड़ोल में ईसीजी मशीन खरीदने को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त अस्पताल परिसर में उपलब्ध विभिन्न चिकित्सीय मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में विभिन्न युजर शुल्क को बढ़ाने की अनुमति प्रदान की गई। जिनमें दांतों में स्थाई फिलिंग करवाने पर अब 80 रुपए के बजाए, 100 रुपए शुल्क देना होगा। स्केलिंग करवाने के लिए 120 के बजाए 150, आरसीटी के अब 150 के बजाए 200 रुपए शुल्क देना होगा। मेडिकल के लिए 150 रुपए, प्राइम उपचार को 300 रुपए तथा सरकारी नौकरी के लिए मेडिकल बनाने पर 300 रुपए शुल्क अदा करना होगा। (अनंत ज्ञान)

**कई मदों पर की चर्चा**

**बैठक** का संचालन कार्यकारी बीएमओ एवं एसएमओ डॉ. विजय कुमार ने किया तथा रोगी कल्याण समिति सिविल अस्पताल लडभड़ोल से संबंधित विभिन्न मदों को चर्चा के लिए बैठक में प्रस्तुत किया। बैठक में चिकित्साधिकारी डॉ. रजत शर्मा, डॉ. निखिल शर्मा, डॉ. मीनाक्षी अवस्थी, सीडीपीओ चौंतड़ा बी.आर. वर्मा, स्वास्थ्य शिक्षक शेर सिंह वर्मा सहित समिति के अन्य सरकारी व गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना बीएसएल कालोनी में जमीन की निशानदेही को लेकर विवाद के चलते मारपीट व जान से मारने की धमकी देने को लेकर क्रॉस प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में सोहन लाल (75) पुत्र हरिदत्त निवासी गांव व डाकघर डैहर ने कहा कि राजस्व विभाग ने मलकियती भूमि की निशानदेही करने बाद तथा विवादित भूमि का फैसला उसके पक्ष में दिया गया, लेकिन प्रतिवादी धीरज ने निशानदेही न मानी और गाली गलौज करने लगा।

दूसरे पक्ष की ओर से दर्ज प्राथमिकी में दीप कुमार पुत्र प्रेम लाल ने कहा है कि जब निशानदेही हो चुकी तो वह उन्हें मान्य नहीं थी। जैसे ही वह अपने घर के अंदर जाने लगा को सोहन लाल के बेटे राजीव ने इसे पकड़ा और मारपीट शुरु कर दी। डीएसपी भारत भूषण ने बताया दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

## राकेश पराशर सिंगापुर में सीखेंगे जल प्रबंधन के गुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

जल शक्ति विभाग के शिमला स्थित मुख्यालय में अधीक्षण अभियंता कम नोडल ऑफिसर राकेश पराशर देश के 24 इंजीनियरों में शामिल प्रदेश के इकलौते इंजीनियर हैं, जो सिंगापुर में शहरों में जल प्रबंधन के गुर सीखेंगे।



राकेश पराशर भारत सरकार के हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स डिपार्टमेंट और सिंगापुर कार्पोरेशन इंटरप्राइसेस की ओर से एक अप्रैल से पांच अप्रैल 2025 तक शहरी जल प्रबंधन पर आयोजित होने वाले स्टडी टूर और एक्सपोजर विजिट में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में दोनों देशों के विशेषज्ञ शहरी क्षेत्रों में पेयजल के लिए किए जा रहे प्रबंधों पर नॉलेज शेयर करेंगे। जल और प्रदूषित जल का प्रबंधन भी इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के केंद्र में होगा।

ग्रामीण परिवेश और सैन्य पृष्ठभूमि वाले परिवार से संबंध रखने वाले राकेश पराशर की गिनती विभाग के होनहार इंजीनियरों में होती है।

## वल्लभ कॉलेज मंडी में नृत्य विभाग ने दी विदाई पार्टी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के नृत्य विभाग में मंगलवार को बीए तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस भावभीना अवसर पर नृत्य, संगीत और पर्यटन विभाग के छात्रों ने संयुक्त रूप से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सुरीना शर्मा ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। नृत्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष सांवरिया ने छात्रों को प्रेरित करते हुए भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने की सलाह दी। इस मौके पर कशिश को मिस पर्सनैलिटी, लखविंदर को मिस्टर पर्सनैलिटी, मिस दीवा इशु शर्मा तथा श्वेता मिस व राजेंद्र शर्मा को मिस्टर फेयरवेल चुना गया।

## न्यूज ब्रीफ

### मोबाइल कैंटीन कल रायपुर मैदान में पहुंचेगी

अनंत ज्ञान, ऊना। पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 13 मार्चको सुबह 10 बजे तक मोबाइल कैंटीन, आकाश कैंटीन ऊना के तत्वावधान में पंचायत रायपुर मैदान के प्रांगण में पहुंचेगी। इस मोबाइल कैंटीन द्वारा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए आवश्यक किराना (ग्रोसरी) सामग्री, जिससे वे किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण सामान प्राप्त कर सकेंगे। यह जानकारी देते हुए मैनेजर आकाश कैंटीन ऊना कमांडर विजय कुमार (रि.) ने बताया कि यह सुविधा पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों (जिनके पास कैंटीन कार्ड है) की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए प्रदान की जा रही है। बिल भुगतान एटीएम के माध्यम से लिया जाएगा। इंडियन एक्स सर्विसेज लीग के चेयरमैन कैप्टन शक्ति चंद, वरिष्ठ वाइस चेयरमैन राजेंद्र शर्मा एवं लेफ्टिनेंट एसपी शर्मा ने रायपुर मैदान और इर्द-गिर्द सभी पूर्व सैनिकों से अपील की है कि वे समय पर पहुंच कर इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं और कैंटीन स्टाफ के साथ पूर्ण सहयोग करें।

### पूर्व अर्धसैनिक बल एसोसिएशन का गठन

अनंत ज्ञान, ऊना। पूर्व अर्धसैनिक बल एसोसिएशन ऊना तहसील के चुनाव बहडाला के एक होटल में संपन्न हुए। यह चुनाव तहसील के वरिष्ठ सदस्यों सरवन सिंह और श्रीराम तथा राकेश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें सुनील शारदा अध्यक्ष (टक्का), चीफ पैटर्न मोहिंद्र सिंह (चलोला), सचिव रमन कुमार (सुनेहरा), महासचिव रमन कुमार (टक्का), कोषाध्यक्ष कुलदीप कुमार बनाए गए हैं। सभी सर्वसम्मति से चुने गए। इस मौके पर गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### कांगड़ा के जत्थे ने संतोषगढ़ में टेका माथा



अनंत ज्ञान, टाहलीवाल। ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर संतोषगढ़ में मंगलवार को जिला कांगड़ा से श्रद्धालुओं का जत्था माथा टेकने पहुंचा। मंदिर कमेटी ने जत्थे का स्वागत किया और उन्हें सिरोपा देकर सम्मानित भी किया। मंदिर में सुशोभित गुरु रविदास महाराज की मूर्ति को सभी ने माथा टेक मनोकामनाएं भी मांगी। श्रद्धालुओं ने मंदिर से संबंधित वर्ष 2005 के प्रकरण बारे जानकारियां हासिल की। संगत की अगुआई कर रहे हिमाचल प्रदेश श्री गुरु रविदास महासभा के प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश चंद भाटिया ने बताया कि इस मंदिर के इतिहास को सुनकर हर किसी के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। गुरु की कृपा के साथ-साथ गुरु रविदास नामलेवा संगत के संघर्ष के बलबूते इस मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है। इस मौके पर संतोषगढ़ गुरु रविदास मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों में प्रधान एडवोकेट कुलविंदर बैंस, कोषाध्यक्ष अशोक बसन, सचिव मनोहर लाल भिसि, उपप्रधान बचन चंद पटेल व जत्थे में कमल सरोच, जीवन, राजपाल, हरिराम हीर, पुरुषोत्तम चंद, प्रताप चंद, ज्ञान चंद, ब्रह्मदास, मदन लाल, जसविंदर सिंह, हरजिंदर सिंह, मंगल दास, अनिता सरोच, अंजना देवी, अनिता देवी, कृष्णा देवी, हेम लता सिहोत्रा, स्वर्ण लता, महासभा ऊना इकाई की प्रधान शकुंतला संधू, सचिव बलदेव चंद, परसराम सहित अन्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### मिक्स्चर प्लांट लगाने के पहले निशानदेही की मांग

अनंत ज्ञान, हरोली। कांगड़ धर्मपुर सीमा पर लगने वाले मिक्स्चर प्लांट और क्रशर से पहले निशानदेही करने की मांग उठाई गई है। ग्राम पंचायत प्रधान सुभद्रा देवी उपप्रधान राजीव शर्मा ने जिलाधीश ऊना से ज्ञापन सौंपकर यह मांग की है। ज्ञापन में कहा कांगड़ धर्मपुर सीमा पर लगने वाला मिक्स्चर प्लांट व लाल सिंगी धर्मपुर सीमा पर लगने वाला क्रेशर दोनों ही हिमाचल प्रदेश सरकार की भूमि पर लगाया जा रहा है। अतः ग्राम पंचायत धर्मपुर आपसे निवेदन करती है की लगने वाले दोनों प्लांटों से पहले कांगड़ धर्मपुर सीमा तथा लाल सिंगी धर्मपुर सीमा की निशानदेही लेकर सीमा निर्धारित की जाए ताकि किसी प्रकार के विवाद से बचा जा सके।

# ग्रामीणों ने खुद ही लगा लीं एलईडी लाइटें

## सरकार, प्रशासन से बार-बार मांग करने के बावजूद कार्रवाई न होने पर लिया फैसला



हीना पठानिया, बड़ूही

**लोगों ने अपने पैसों से चमकाया चम्बोआ गांव**

विकास खंड बंगाणा की डीहर पंचायत के गांव चम्बोआ के स्थानीय गांववासियों ने इकट्ठे होकर अपने पैसों से एलईडी इलेक्ट्रिक लाइटें लगाकर गांव को चकाचौंद कर दिया है।

यह एक अनूठी पहल स्थानीय गांव चम्बोआ की पंचायत सदस्य संदला देवी के पति रिटायर्ड शास्त्री ओंकार दास, सतपाल शर्मा, डॉक्टर रत्न चंद, रिटायर्ड सूबेदार जय लाल शर्मा के प्रयासों एवं सहयोग से संभव हो पाई है। ओंकार दास शास्त्री ने बताया कि एलईडी लाइटें लगने से गांव की गलियों में चारों तरफ रोशनी ही रोशनी हो गई है। वहीं, इस पुण्य काम में अपना सहयोग देने के लिए वन विभाग से रिटायर्ड डिप्टी रेंजर तिलक राज शर्मा गांव खैरियां ने बाबा बालक रूपी मंदिर चम्बोआ के लिए एक एलईडी लाइट दान में दी है।

शास्त्री ओंकार दास ने बताया कि गांव में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से रात के समय गांववासियों को आवागमन में परेशानी होती थी और कई बार संबंधित विभाग और सरकार को इस बारे में अवगत करवाया, लेकिन आज दिन तक यह लाइटें नहीं लग पाई। इसलिए सभी गांव के बुद्धिजीवी लोगों ने यह फैसला लिया कि वह स्वयं अपने गांव में एलईडी लाइटें लगाएंगे और उन्होंने यह काम कर दिखाया है। गांववासियों ने कहा कि कई बार सरकार और प्रशासन से सोलर लाइटें लगाने की मांग की गई लेकिन आज दिन तक उनकी मांग को पूरा नहीं किया गया, इसलिए उन्होंने यह कदम उठाया है। (अनंत ज्ञान)

## मैड़ी मेले के लिए आपदा मित्र तैनात

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

ऊना जिले के उपमंडल अंब में चल रहे प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक मैड़ी होली मेले के दौरान 21 आपदा मित्र वालंटियर्स को भीड़ प्रबंधन और आपदा जागरूकता के कार्यों के लिए तैनात किया गया है। इनमें 8 महिला और 13 पुरुष वालंटियर्स शामिल हैं। उपायुक्त ऊना एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष जतिन लाल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए स्वयंसेवकों को स्थानीय प्रशासन, पुलिस और होमगार्ड के साथ मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इस ऐतिहासिक मेले में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा से हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। भारी भीड़ के दृष्टिगत, मेले के दौरान आपदा प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और आपात स्थिति में त्वरित सहायता के उद्देश्य से आपदा मित्र स्वयंसेवकों की सेवाएं लेने का निर्णय लिया गया है। ये सभी स्वयंसेवक पहले ही भारत सरकार की आपदा प्रबंधन योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।



उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि आपदा मित्र स्वयंसेवकों की तैनाती से मेले के दौरान भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही, यह वालंटियर्स स्वच्छता एवं आपदा से संबंधित जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की जानकारी और सहायता के लिए जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक राजन कुमार शर्मा के मोबाइल नं. 94597-79314 और 01975-225049 पर संपर्क किया जा सकता है।

# स्वां नदी तटीकरण से गगरेट क्षेत्र में रि-क्लेम की गई 3569 बंजर भूमि

**विधायक राकेश कालिया ने दी जानकारी**

अनंत ज्ञान, गगरेट

स्वां नदी तटीकरण से विधानसभा क्षेत्र गगरेट में 3569 बंजर भूमि को फिर से रि-क्लेम कर कृषि योग्य बनाया जा सका है। इस भूमि पर फिर से किसान कृषि कर सकेंगे। हालांकि अभी तक रि-क्लेम की गई भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं है, लेकिन जल शक्ति विभाग इस भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए पूर्व व्यवहार्यता देख रहा है। जिले में भूमिगत जलस्तर नीचे गिर जाने से यहां बोरवेल लगाना अब मुमकिन नहीं है, ऐसे में सिंचाई के लिए पानी पोंग बांध से उठाया जाए या फिर गोबिंद सागर झील से विभाग इस पर माथापच्ची कर रहा है। स्वां नदी तटीकरण से संबंधित विधानसभा में विधायक राकेश कालिया द्वारा प्रश्न पूछे जाने पर यह जानकारी उपलब्ध करवाई गई है।

विधायक राकेश कालिया ने विधानसभा में उठाए गए प्रश्न में पूछा था कि स्वां नदी के तटबांधों को सुरक्षित रखने के लिए कितने बजट का प्रावधान है और हर साल कितना बजट इस पर खर्च किया जाता है। इसके जवाब में बताया गया है कि स्वां नदी तटीकरण की मरम्मत के लिए वर्ष 2021-22 में 107.25 लाख रुपए, वर्ष 2022-23 में 109.25 लाख रुपए, वर्ष 2023-24 में 111.20 लाख रुपये, वर्ष 2024-25 में 95.48 लाख रुपए का बजट खर्च किया गया है। विधायक राकेश कालिया के प्रश्न के उत्तर में बताया गया है कि स्वां नदी तटीकरण से गगरेट क्षेत्र में 3569 हैक्टेयर भूमि रि-क्लेम की गई है।

हालांकि अभी तक इसकी सिंचाई का कोई प्रावधान नहीं है। जल शक्ति विभाग इस भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने की संभावनाएं तलाश कर रहा है। हालांकि अभी तक इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार नहीं हुई है।

## अकोई की धार में कटान करते पकड़े गए दो लोगों को किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, बड़ूही

जोल उपतहसील के सोहारी फॉरेस्ट बीट के अकोई की धार में बीती देर रात मामला सामने आया जिसमें कटान करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ पुलिस चौकी जोल में वन विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है।



निशान दिखाते प्रभावित।

गौर हो कि ऊना जिले में बड़े स्तर पर खैर के पेड़ों का कटान किया जाता है। कई बार तो चोरी से इन पेड़ों का कटान कर दिया जाता है। इसको लेकर वन विभाग के जिला फॉरेस्ट ऑफिसर सुशील राणा गंभीर नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि पेड़ काटने के लिए वन विभाग से अनुमति अवश्य लें, बगैर अनुमति के पेड़ काटने पर वन विभाग के ऑफिसर अपने कार्यालय में ही मुकदमा दर्ज करते हैं। यदि पेड़ चोरी से काटे जाते हैं तो पुलिस थानों में मुकदमा दर्ज कराया जाता है। वन परिक्षेत्र बंगाणा के अधिकारी अंकुश आनंद ने बताया कि हाल ही में वन विभाग जोल क्षेत्र के सोहारी फॉरेस्ट बीट की अकोई की धार में वन विभाग की टीम और पुलिस की सहायता से 13 पेड़ काटे जाने और 75 खैर के मौछे वन कादुओं को रंगे हाथों खैर के पेड़ों को काटते हुए मौके पर पकड़ा गया है।

उन्होंने बताया कि दो लोग जनक सिंह पुत्र कमल कृष्ण और जुगल किशोर पुत्र रोशन लाल गांव टकारला डाकखाना बढ़ूही के खिलाफ पुलिस चौकी जोल में मुकदमा दर्ज करवा दिया गया है।

## प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की धनराशि दे प्रशासन : शर्मा

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत घंगरेट पंचायत के प्रधान वीरेंद्र कुमार शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि को जारी करने हेतु जिला प्रशासन से आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि विकास खंड अंब के तहत दो पंचायत का चयन इस योजना के तहत हुआ था। इसमें मैड़ी खास और दूसरी पंचायत घंगरेट को शामिल किया गया था।

उन्होंने बताया कि यह धनराशि विकास के कार्यों पर खर्च की जाती है। वीरेंद्र शर्मा के मुताबिक पूरी प्रक्रिया को पूरा करके खंड विकास अधिकारी से स्वीकृत कर हर प्रकार की औपचारिकताएं पूरी कीं। सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद भी 2 वर्ष बीत जाने पर विभाग केंद्र से प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत द्वारा स्वीकृत धनराशि को जारी नहीं कर सका।

## चिंतपूर्णी में लटक रही प्रसाद योजना दुकानों को लेकर दुकानदार चिंतित

**दुकानदारों को दुकानें खाली करने का दिया जाएगा उचित समय : एसडीएम**

विकास शर्मा, चिंतपूर्णी

चिंतपूर्णी में प्रसाद योजना के तहत मंदिर विस्तारीकरण का काम शुरू करने की तारीख अभी तक तय नहीं हुई है। दुकानदारों को 8 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक दुकानों को खाली करने के कोई नोटिस नहीं दिए गए हैं। केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत 2018 में पहली बार चिंतपूर्णी मंदिर के विस्तारीकरण को मंजूरी दी गई थी। 2021 तक जमीन उपलब्ध न होने के कारण प्रसाद योजना के अंतर्गत आई हुई राशि वापस चली गई थी।

मंदिर न्यास द्वारा 2022 में 1676 वर्ग मीटर एरिया का अधिग्रहण का काम पूरा कर लिया गया था, जिससे कुल एरिया 2791 वर्ग मीटर हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव से पहले 8 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चिंतपूर्णी मंदिर के विस्तारीकरण के काम का वर्चुअल उद्घाटन किया गया था। इसके बाद लोगों को काम शुरू होने की आस हो गई थी परंतु आज तक काम शुरू नहीं हो पाया। अब उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा जल्द विस्तारीकरण का काम शुरू करवाने का आश्वासन दिया गया है, लेकिन अभी तक जमीन पर कोई कार्य नहीं हुआ है। दुकानदारों में इस बात को लेकर चिंता है कि मंदिर न्यास कभी भी दुकानें खाली करने के लिए कह सकता है।

प्रसाद योजना का उद्देश्य भारत में धार्मिक पर्यटन के विकास और संवर्धन का मार्ग प्रशस्त करना है, लेकिन चिंतपूर्णी में इसके क्रियान्वयन में देरी हो रही है। वहीं, एसडीएम सचिन शर्मा ने बताया कि दुकानदारों को दुकान खाली करने के लिए नोटिस देकर उचित समय दिया जाएगा। काम शुरू करने से पहले दुकानदारों को नोटिस दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## गणू मंडवाड़ा में कबड्डी खिलाड़ियों पर होगी धनवर्षा

अनंत ज्ञान, गगरेट। विकास खंड गगरेट की गणू मंडवाड़ा पंचायत में 27 मार्च में शहीद भगत सिंह मेमोरियल कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। अहम बात यह है इस टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमों से कोई एंट्री फीस नहीं ली जाएगी। वहीं यहीं टूर्नामेंट की विजेता व उपविजेता टीमों पर धनवर्षा होगी। पंचायत के उपप्रधान संजीव कुमार ने बताया कि पुरुषों के ओपन वर्ग में विजेता टीम को 51 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 41 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

यही नहीं बल्कि पचपन किलोग्राम भार वर्ग की विजेता टीम को 11 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 71 सौ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। ओपन महिला वर्ग में विजेता टीम को 31 हजार रुपए व उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। दूर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए रहने की तो व्यवस्था होगी ही बल्कि उन्हें बस किराया भी आयोजकों द्वारा ही दिया जाएगा।

# 30 कुत्तों की हुई नसबंदी, रेबीज के लगे फ्री टीके

अनंत ज्ञान, बंगाणा



थानाकलां के छपरोह पशु केंद्र में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

उपमंडल बंगाणा के पशु औषधालय छपरोह में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 80 से अधिक किसानों और पशुपालकों ने भाग लिया। वहीं शिविर में 30 कुत्तों की नसबंदी की गई और रेबीज का टीकाकरण भी फ्री किया गया। इस शिविर का उद्देश्य पशुपालकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं और पशु पालन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी देना था।

शिविर में उपस्थित जिला ऊना के सहायक निदेशक दिनेश कुमार ने किसानों को बेहतर नस्ल के पशुओं को पालने और सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी एवं योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालन एक महत्वपूर्ण व्यवसाय है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक है। उन्होंने कहा कि अच्छी नस्ल के पशु पालने से दूध उत्पादन बढ़ सकता है, जिससे किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा। डॉ. दिनेश ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, दुग्ध उत्पादन प्रोत्साहन योजना, पशु बीमा योजना और नस्ल सुधार कार्यक्रम जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका सीधा लाभ किसानों को मिल सकता है।

इसके अलावा, पशुओं के बेहतर रखरखाव, उनके खान-पान, बीमारियों से बचाव और समय-समय पर टीकाकरण कराने की जरूरत पर भी जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि पशुपालकों को पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धतियों को भी अपनाना चाहिए। उन्होंने किसानों को संकर नस्ल के मवेशी पालने, कृत्रिम गर्भाधान तकनीक अपनाने और हरा चारा उगाने की सलाह दी। उपमंडल बंगाणा के वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा ने कहा कि पशुपालन को बढ़ावा देने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को दूध उत्पादन बढ़ाने, जैविक खाद बनाने और आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर जोर देना चाहिए।

शिविर के अंत में डॉ. जंगा ने किसानों से आग्रह किया कि वे सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं और अपने पशुओं की देखभाल के लिए नियमित रूप से पशु चिकित्सकों से संपर्क करें। इस शिविर के सफल आयोजन में पशुपालन विभाग, स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवी संगठनों का भी सहयोग रहा।

## कुटलैहड़ के विकास कार्यों पर सीएम से होगी चर्चा, कार्यों में लाई जाएगी तेजी : विवेक

अनंत ज्ञान, बंगाणा

**बोले-लोगों की समस्याओं पर घर-द्वार पर किया जा रहा निपटारा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिमला में मुलाकात करके विकास कार्यों की चर्चा करेंगे। इस बैठक में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को और मजबूत करने के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। खासतौर पर जो विकास कार्य लंबे समय से लंबित पड़े हैं, उन्हें जल्द पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

सड़क संपर्क में सुधार, गांव-गांव तक बिजली व पानी की उचित आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है, साथ ही, सरकारी स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने पर भी जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से चर्चा कर कुटलैहड़ के लिए विशेष पैकेज की मांग की जाएगी, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। विवेक शर्मा ने कहा कि कई विकास परियोजनाएं जो बीते वर्षों से रुकी हुई थीं, उन्हें अब तेजी से पूरा किया जाएगा। इसमें ग्रामीण सड़कों के निर्माण और मरम्मत, पेयजल योजनाओं का विस्तार और नए बिजली ट्रांसफार्मरों की स्थापना शामिल है।

विधायक ने कहा कि कुटलैहड़ के लोगों की मांगों को पूरा करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं, कुटलैहड़ में जनता की छोटी-बड़ी समस्याओं का घर-द्वार पर समाधान किया जा रहा है। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड किया जा रहा है।

# बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए चलाया अभियान

अनंत ज्ञान, लठियाणी

उपमंडल बंगाणा के राजकीय उच्च विद्यालय घरवासड़ा के शिक्षकों ने विद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए विद्यार्थियों की संख्या को सरकारी स्कूलों में बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान की चलाया हुआ है। इस अभियान के अंतर्गत स्कूल की मुख्य अध्यापिका विजय पराशर के नेतृत्व में शिक्षकों के साथ गांव-गांव में जाकर लोगों को सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

विजय पराशर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में बहुत ही अच्छी सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ कई प्रकार के सामाजिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि स्कूल में सरकार और शिक्षा विभाग के माध्यम से स्मार्ट रूम भी विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए सुविधा उपलब्ध है। इस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा बहुत ही बहुत ही उपयोगी है। स्कूल के शिक्षक प्रेम चंद ने गांव वासियों को बताया कि विद्यार्थियों को हर प्रकार की सामाजिक गतिविधियों एवं बुराइयों के बारे में अवगत करवाया जाता है। पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल के विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया जाता है।



**घरबासड़ा स्कूल की मुख्य अध्यापिका विजय पराशर शिक्षकों के साथ गांवों का कर रहीं दौरा**

स्कूल की मुख्य अध्यापिका विजय पराशर ने बताया कि स्कूल में विद्यार्थियों को पर्यावरण के बारे में जानकारी दी जाती है। चिट्टे के नशे से युवा पीढ़ी बहुत ही बर्बाद हो रही है और नशे की बुराइयों के बारे में भी अवगत कराया जाता है। सरकार स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कई प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। पढ़ाई करने के लिए मुफ्त में किताबें और वर्दी दी जाती है। स्कूल के शिक्षक हरपाल सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक की गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि वह नशे की ओर अपना ध्यान न देकर पढ़ाई करके अपना उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित हो जाते हैं।

उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि आप अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलवाने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक प्रेमचंद, सुनीता, अलका चौधरी, मीना इत्यादि गांव-गांव में जाकर सभी लोगों को सरकारी स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए जागृत कर रहे हैं।

## चौकीमन्यार कॉलेज के छात्रों ने लोगों को दी यातायात नियमों की जानकारी

अनंत ज्ञान, जोल

**रोड सेफ्टी क्लब ने पंफ्लेट बांट किया जागरूक**

राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों के पंफ्लेट आम जनता में वितरण का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने आम जनता के बीच जाकर यातायात के नियमों के पंफ्लेट बांटकर रोड सेफ्टी के प्रति जागरूकता पैदा की और यातायात नियमों को पालने का अनुरोध किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बलविंदर सिंह राणा ने छात्रों से अपील की है कि वह सुरक्षा के नियमों का पालन करें और इसके महत्व को समझें।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है और इससे छात्रों में जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए बताया कि जागरूकता के साथ-साथ यातायात के बदलते परिवेश के अनुसार भी ढलने की आवश्यकता है। महाविद्यालय के इको क्लब, उर्जा क्लब, एनएसएस इकाई, रेड रिबन, आपदा और रेडक्रॉस एवं स्पोर्ट्स क्लब सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

महाविद्यालय के इस आयोजन के माध्यम से छात्रों द्वारा आम जनता को सुरक्षित सड़क व्यवहार अपनाने की प्रेरणा दी। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर कविता कौशल, डॉ. रामकुमार नेगी, डॉ. रामकुमार, प्रो. सगुन डोगरा, प्रो. निवेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**जायजा** रायपुर मैदान स्कूल का शिक्षा उपनिदेशक ने किया निरीक्षण

# शिक्षा में सुधार करने पर दिया बल



अनंत ज्ञान, लठियाणी

उपमंडल बंगाणा के राजकीय प्राथमिक पाठशाला रायपुर मैदान में उपशिक्षा निदेशक (एलिमेंट्री) सोमपाल धीमान ने औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति और छात्रों की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान उप शिक्षा निदेशक सोमपाल धीमान ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, कक्षाओं की स्थिति और शिक्षण सामग्री की भी जांच करने के उपरांत उन्होंने स्कूल के शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए आधुनिक शिक्षण तकनीकों का उपयोग करें।

उन्होंने छात्रों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई से संबंधित प्रश्न पूछे। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिए, जिससे शिक्षा उपनिदेशक संतुष्ट नजर आए। उन्होंने शिक्षकों को विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने और शिक्षण कार्य को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुछ आवश्यक सुधारों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया, जिनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को आश्वस्त किया कि शिक्षा विभाग विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यालय मुख्याध्यापक रमेश बंगा एवं अन्य शिक्षकों ने शिक्षा उप निदेशक का स्वागत किया और विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

स्थानीय अभिभावकों ने भी इस निरीक्षण को सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि इससे विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में और सुधार होगा।

## अंब चौक से अंब रेलवे स्टेशन मार्ग पर चौपहिया वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से बंद

अनंत ज्ञान, अंब। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने आदेश जारी करते हुए अंब चौक से अंब रेलवे स्टेशन मार्ग पर यातायात को अस्थायी रूप से बंद करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय अंब चौक के समीप पुल निर्माण कार्य को बिना किसी बाधा के सुचारु रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से लिया गया है। आदेशानुसार, 12 मार्च से 6 अप्रैल (24 दिन) तक सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक अंब चौक से अंब रेलवे स्टेशन के बीच चौपहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। अंदौरा से अंब चौक और अठवां से अंब चौक की ओर आने वाले सभी चौपहिया वाहन अब पक्का परोह और कलरुही मार्ग से डायवर्ट किए जाएंगे। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए हैं कि इस निर्णय की पर्याप्त जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रिंट एवं ऑडियो-वीडियो मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा संबंधित मार्गों पर यातायात परिवर्तन के संकेतक बोर्ड पहले से ही लगाए जाएं ताकि वाहन चालकों को असुविधा न हो।

## नायसा मल्टीप्लास्ट के लिए आज 32 पदों के लिए होंगे साक्षात्कार

अनंत ज्ञान, ऊना। मैसर्ज नायसा मल्टीप्लास्ट बेला बाथड़ी में स्टील बफिंग ऑपरेटर, इलेक्ट्रो वाश ऑपरेटर और स्टील मशीन ऑपरेटर के 32 पद नियमित आधार पर भरे जाएंगे।

इन पदों के लिए साक्षात्कार 12 मार्च को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए 98574-45630 पर संपर्क किया जा सकता है।

**नाम परिवर्तन**

मैं, अंकिता शर्मा, उम्र लगभग 27 वर्ष, पुत्री श्री जुगल किशोर निवासी मकान नंबर 65, वार्ड नंबर 01, आर्य नगर ऊना, तहसील एवं जिला ऊना (हि.प्र.), घोषणा करती हूं कि शैक्षिक प्रमाण पत्रों और अन्य रिकॉर्ड के अनुसार मेरा नाम अंकिता है, लेकिन अब मैं अपने नाम को अंकिता से बदलकर अंकिता शर्मा करना चाहती हूं। इसलिए भविष्य में मुझे अंकिता शर्मा के नाम से जाना जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**पंचायत सामुदायिक केंद्र ढनवान**

विकास खण्ड बंगाणा, जिला हमीरपुर (हि. प्र.)

विषय : निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2025-26 (01/04/2025 से 31/03/2026) तक के विकास कार्यों हेतु निर्माण सामग्री रेता क्रेशर, रेता दरिया, रेता धूला, बजरी क्रशर, पत्थर (बोल्डर, तोड़-फोड़ कटपीस) सभी प्रतिभागियों में, पक्की ईंटें (द्वितीय श्रेणी) ईंटें 9"x4.5" प्रति ईंट, स्टरिंग स्टील/सरिया/स्टील ग्रिल ... पाइप, स्ट्रेनर ... बलॉक, पेवर ब्लाक 40, 60, 80mm ... केबल-तारें ... के दाम सहित निविदा दिनांक 22/03/2025 ... नियम व शर्तें कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। सभी निविदा कर्ता G.S.T. नंबर होना चाहिए ... निविदाएं अस्वीकार करने का अधिकार बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार रहेगा।

प्रधान/सचिव

पंचायत सामुदायिक केंद्र ढनवान

## न्यूज ब्रीफ

### स्काउटिंग के मूल्यों को जीवन में अपनाएं : डॉ. मनदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की रोवर्स और रेंजर्स यूनिट ने शास्त्रीनगर में वार्षिक स्काउट समारोह धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं ग्रुप लीडर डॉ. मंदीप शर्मा तथा उनकी पत्नी अनु शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही। स्काउट्स ने मुख्यातिथियों का स्वागत किया और उन्हें फूलों का गुलदस्ता, कुल्लवी टोपी एवं मफलर भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान स्काउट्स ने अपने स्काउटिंग सफर के अनुभव साझा किए, जिससे वातावरण भावनात्मक हो गया और सभी की आंखें नम हो गईं। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उन्हें स्काउटिंग के मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

### सड़क के बीच सभी ब्लैक स्पॉट्स को करें दुरुस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कुल्लू ने मंगलवार को सेना, अर्धसैनिक बल तथा सीमा सड़क संगठन से संबंधित विभिन्न मुद्दों को लेकर समन्वय कमेटी की प्रथम बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कमांडर स्टेशन पलचान में निजी भूमि के अधिग्रहण संबंधी मामले में अधिग्रहण के लिए दिए जाने वाले मुआवजा राशि को जारी करने के लिए कहा तथा बताया कि भूमि कि म्यूटेशन सीमा सड़क संगठन के नाम करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने फॉरेस्ट राइट सर्टिफिकेट जारी कर लंबित पड़े एफसी मामलों का जल्द पूरा करने को कहा। उन्होंने 38 बीरटीएफ को आगामी पर्यटन सीजन के दौरान सड़क के रखरखाव तथा समन्वय के साथ कार्य करने के संबंध में कहा कि रोहतांग से मढ़ी की ओर सड़क की रखरखाव के लिए कार्य करने के समय अवधि को इस प्रकार से निश्चित किया जाए, ताकि आवाजाही के साथ-साथ सड़क रखरखाव का कार्य भी निर्बाध रूप से पूर्ण किया जा सके। डीसी ने सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों को सोलंग तथा पलचान, कोठी की तरफ जाने वाले सड़कों पर पार्किंग क्षेत्र चिह्नित करने को कहा। सोलंग व अटल टनल, रोहतांग सड़क के बीच में सभी ब्लैक स्पॉट्स को दुरुस्त करने के लिए भी कदम उठाने के निर्देश दिए तथा अटल टनल रोहतांग परियोजना के लिए सभी पांच डंपिंग साइट के वापस हस्तांतरण की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

### आनी कॉलेज में नई करियर लाइब्रेरी स्थापित

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में करियर गाइडेंस सेल ने एक नई लाइब्रेरी की स्थापना की है। इस लाइब्रेरी में छात्रों के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित 900 पुस्तकें उपलब्ध हैं। कॉलेज में मंगलवार को करियर गाइडेंस सेल, आईक्यूएसी और लाइब्रेरी कमेटी द्वारा पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने इसका उद्घाटन किया। कॉलेज में विभिन्न पत्र-पत्रिकाएं और रोजगार समाचार नियमित रूप से आ रहे हैं। उन्होंने छात्रों से अध्ययन की आदत विकसित करने का आग्रह किया। आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. नरेंद्र पॉल ने जानकारी दी कि कॉलेज की मुख्य लाइब्रेरी, करियर गाइडेंस सेल, बुक बैंक और रिसर्च सेंटर में कुल 4000 पुस्तकें हैं। छात्र अपने लाइब्रेरी कार्ड से इन किताबों को जारी करवा सकते हैं।

### विभागों के अधिकारी तालमेल से करें कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** कुल्लू से एफसीए तथा एफआरए से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के लिए सभी विभाग आवश्यक औपचारिकताओं को गति प्रदान करें, ताकि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। वन विभाग सहित समस्त संबंधित विभाग के अधिकारी लंबित मामलों को शीघ्रता से निपटाने का प्रयास करें। डीसी कुल्लू ने कुल्लू में जिला स्तरीय एफसीए समिति की बैठक में कहा कि सभी विभागों के अधिकारी तालमेल से कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग किसी भी योजना में पेड़-पौधों के नुकसान के क्षतिपूर्ति के लिए नियमानुसार कंपनसेटरी पलांटेशन कार्य को करने के नियम कि अनुपालना करना भी सुनिश्चित करें।

### कंपोस्ट खरीद से आर्थिक स्थिति को करें मजबूत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** प्रदेश सरकार किसानों व पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए कई योजनाओं के माध्यम से कार्य कर रही है। लाहौल-स्पीति में भी प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण कंपोस्ट खरीद योजना का शुरू किया गया है। लाहौल-स्पीति में अप्रैल माह में इस योजना के तहत कंपोस्ट खरीदी जाएगी, जिससे किसान व पशुपालक अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। अतिरिक्त जिला कृषि अधिकारी लाहौल स्पीति अर्जुन ने बताया कि किसानों और पशुपालकों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कंपोस्ट खरीद योजना 11 दिसंबर, 2024 से शुरू हुई है। इससे अब किसानों व पशुपालकों को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है। इस योजना का पैसा किसानों के सीधे बैंक खातों में भुगतान हो रहा है। अतिरिक्त जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि महत्वाकांक्षी और जनहितैषी कंपोस्ट खरीद गारंटी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और लोगों को पशुधन के महत्व को समझाने के उद्देश्य से चलाई गई है।

### कुल्लवी होली गीत यूट्यूब पर हुआ लांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले की सैंज घाटी के प्रसिद्ध आकाशवाणी लोक गायक करतार कौशल की वीडियो एल्बम कुल्लवी होली गीत राग ध्वनि प्रजेंट्स यूट्यूब चैनल पर लांच हो गई है। मंगलवार को एक सादे समारोह में द लोअर किसान एवं बागवान संगठन भुंतर के अध्यक्ष द्वारा इस वीडियो एल्बम का विमोचन किया गया। इस मौके पर लोक गायक करतार कौशल ने कहा कि यह उनका दूसरा एल्बम है। इससे पहले वाले गाने लूपा छुपिए झुरिए को काफी लोगों ने पसंद किया। इस गीत में संगीत प्रसिद्ध संगीतकार देव नेगी द्वारा दिया गया और इस गाने में उन्होंने खुद अभिनय किया है।

### 2 नए दिव्यांगों का मेडिकल बोर्ड के लिए पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू द्वारा आदर्श जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू के माध्यम से विकास खंड बंजार की पंचायत धाउगी और दुशाहड़ के लिए दिव्यांगता पुनर्वास, आकलन शिविर का आयोजन पंचायत घर नालागढ़ (सैंज) में किया गया। इस शिविर में 23 लोगों का पंजीकरण हुआ। इसमें 15 ऐसे दिव्यांगजन पाए गए, जिनकी दिव्यांगता का आकलन मेडिकल बोर्ड द्वारा हो चुका है तथा उनकी दिव्यांगता को दृष्टिगत उनकी पुनर्वास आवश्यकताओं का आकलन करते हुए 2 व्यक्तियों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए चिह्नित कर उनके केस तैयार किए गए। शिविर में 4 व्यक्तियों की सुनने की क्षमता का आकलन किया। शिविर में लोकमित्र केंद्र की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई तथा 3 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध करवाने के लिए पंजीकरण करवाया गया। इसके अतिरिक्त 2 नए दिव्यांगजनों को चिह्नित करते हुए उन्हें मेडिकल बोर्ड के लिए पंजीकरण करवाया गया।

# पानी के रिसाव से हो रहा भूमि कटाव 20 से अधिक मकानों को हुआ नुकसान

## समस्या के समाधान को लेकर डीसी से मिला इनर अखाड़ा बाजार का प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



इनर अखाड़ा बाजार का प्रतिनिधिमंडल डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से मिला। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को ज्ञापन सौंपा और अपनी समस्या बारे अवगत करवाया।

प्रतिनिधिमंडल में राजेश सूद, रोहित अत्री, राजन सोहल, कुणाल सूद, अमित सूद रमन अत्री व संजीव जैन सहित अन्य ने बताया कि इनर अखाड़ा बाजार वार्ड नंबर-2 में मठ अप्पर सुलतानपुर से गत दिनों बारिश के दौरान हुए पानी के रिसाव के कारण भूमि कटान से उनके मकानों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने मांग रखी कि भूमि कटाव को रोकने के लिए वहां पर सुरक्षा दीवार के माध्यम से सुरक्षित तथा जल निकास का उचित प्रबंध करने बारे निर्देश दिए जाएं। वर्तमान में जल शक्ति विभाग द्वारा जो सीवरेज पाइप लाईन मठ सुल्तानपुर के स्थायी निवासियों के निजी घरों के मल-जल निकासी के लिए बिछाई गई है, वह इनर अखाड़ा बाजार के कुछ घरों के ऊपर से होकर जाती है। इस लाइन में ब्लॉकेज के कारण हुए अधिप्रवाह (ओवर फ्लो) के कारण भारी भूमि कटाव से 20 से अधिक घरों को भारी नुकसान हुआ है। इस कारण गत 28 फरवरी को भारी वर्षा तथा इस सीवरेज लाइन के अधिप्रवाह से रमन अत्री निवासी अखाड़ा बाजार के मकान तथा आसपास के साथ लगते मकानों को भारी भूमि कटाव से नुकसान हुआ है। प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को अवगत करवाया कि जब से मठ अप्पर सुल्तानपुर में भारी निर्माण कार्य हुआ है तथा हो रहा है, तब से भूमि कटाव की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण उपयुक्त जल निकासी का प्रबंध न होना है। लोगों ने बताया कि यह सीवरेज चैंबर तथा उसके नीचे से जल शक्ति विभाग की पीने के पानी की आपूर्ति करने की पाइप हमारे घरों के ऊपर ही है, जो हवा में लटकी हुई है, जो कि अखाड़ा निवासियों के लिए आने वाले दिनों में खतरे की घंटी है, जिससे जान व माल की भारी हानि हो सकती है।

उन्होंने डीसी से जल शक्ति विभाग तथा संबंधित विभाग नगर परिषद कुल्लू को उचित निर्देश जारी करने की गुहार लगाई, ताकि उचित सुरक्षा दीवार व जल निकासी का उपयुक्त प्रबंध कर इस तरह के खतरों को दूर किया जा सके।

वर्तमान में क्षतिग्रस्त एरिया में जो हिस्सा भूमि कटाव से गिर गया, उसका सुरक्षा दीवारों से उपयुक्त समाधान किया जाए, ताकि वह भविष्य में नुकसान करने से बचाव कर सके। वहीं, डीसी कुल्लू ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।

### क्षमता से अधिक कनेक्शन

**मठ** के इन नवनिर्मित मकानों की सारी जल निकासी सीवरेज चैंबर में ही की गई है, जिस कारण यह सीवरेज लाइन अधिप्रवाह करने लगती है। इन सीवरेज चैंबर में क्षमता से अधिक कनेक्शन हैं, जिस कारण अधिक जल प्रवाह होता है और कभी-कभी अधिप्रवाह होने लगता है। लोगों के अनुसार इस बारे में जब जल शक्ति विभाग से बात की गई थी, लेकिन विभाग ने ब्लॉकेज ठीक करने का हवाला देकर और लोगों द्वारा जल निकास का सारा पानी डालने की बात कहकर पल्ला झाड़ते हुए विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होने की बात कही है।

# होली पर्व को लेकर कुल्लू में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू घाटी में गत वर्ष होली पर्व के दौरान बाहरी राज्यों के युवकों द्वारा हुड़दंग मचाने की घटना के मद्देनजर इस बार प्रशासन पहले ही सतर्क है। इस बार शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से होली पर्व मनाने को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। उपमंडलीय मैजिस्ट्रेट कुल्लू विकास शुक्ला की अध्यक्षता में होली पर्व के दौरान उचित सुरक्षा व यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए बैठक हुई।

इस दौरान इस पर्व को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से मनाने के लिए आवश्यक प्रबंधों पर चर्चा की गई। देशभर में जहां होली पर्व 14 मार्च को मनाया जाएगा। वहीं, कुल्ल्रू में हर साल की तरह इस बार भी होली से एक दिन पूर्व यानी 13 मार्च को होली मनाई जाएगी। बैठक में विकास शुक्ला ने बताया कि कुल्लू उपमंडल में होली विशेष रूप से 13 और 14 मार्च को होगी। इस दौरान स्थानीय जनता के साथ-साथ मणिकर्ण साहिब, कसोल व बिजली महादेव आदि पर्यटन और धार्मिक स्थलों पर आने वाले पर्यटकों की सुविधा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुचित व्यवस्था की जाएगी। बैठक में यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई कि होली के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक एवं श्रद्धालु मणिकर्ण साहिब व अन्य पर्यटन स्थलों पर आते हैं। पिछले अनुभवों के आधार पर पाया गया कि कुछ असामाजिक तत्व यातायात नियमों की उल्लंघना करते हुए तेज गति से वाहन चलाते हैं एवं संशोधित साइलेंसर का उपयोग कर अत्यधिक शोर उत्पन्न करते हैं। इसके साथ ही कुल्लू के सभी पुलिस थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि वे सेक्टर मैजिस्ट्रेट को पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाए, जबकि कुल्लू एवं भुंतर शहरी क्षेत्रों में विशेष रूप से ड्रोन के माध्यम से असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिला लोक संपर्क अधिकारी कुल्लू को निर्देश दिए कि वे आम जनता को जागरूक करें कि होली के दौरान केमिकल युक्त रंग, ग्रीस, पेंट एवं अन्य हानिकारक रसायनों का उपयोग न करें क्योंकि इससे त्वचा एवं श्वसन संबंधी बीमारियां हो सकती हैं।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) कुल्लू को 13 एवं 14 मार्च को विशेष पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए, ताकि यातायात सुचारू रूप से संचालित हो और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मैजिस्ट्रेट ने यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## तांदी हेलिपोर्ट होगा विकसित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा ने कहा कि जिला पंचायत तांदी (फुनक्यार) हेलिपोर्ट को विकसित किया जाएगा। इस हेलिपोर्ट के विकास के लिए एफसीए प्रस्ताव (पूर्ण ऑनलाइन और ऑफलाइन) तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिए सभी इच्छुक एफसीए सलाहकार, फर्मों से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए हैं, जिसका क्षेत्रफल 12-07-10 बीघा है। एसडीएम ने बताया कि कोटेशन 17 मार्च तक पंजीकृत डाक, अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए। कोटेशन उसी दिन दोपहर 3 बजे गठित समिति के समक्ष खोले जाएंगे। सफल बोलीदाता द्वारा एफसीए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के बाद वन विभाग द्वारा उठाए गए किसी भी ईडीएस का जवाब सात दिनों के भीतर देना होगा।

# लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट प्रभावितों की मांगों को लेकर खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, आनी**

हिमाचल किसान सभा लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट प्रभावित कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट प्रभावित किसानों की मांगों को लेकर सतलुज जल विद्युत निगम के कार्यालय बायल में प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन को हिमाचल किसान सभा लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट प्रभावित कमेटी के महासचिव देवकी नंद, अध्यक्ष कृष्णा राणा, हिमाचल किसान सभा के राज्य महासचिव राकेश आदि ने संबोधित किया। प्रोजेक्ट प्रभावित किसान पिछले काफी समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अभी बहुत सारी समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई हैं, जिन समस्याओं को कई बार प्रदेश सरकार, प्रशासन व सतलुज जल विद्युत निगम के साथ उठाया है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट के निर्माण से धूल से फसल को काफी नुकसान हो रहा है। अभी तक उस नुकसान का मुआवजा केवल देलठ पंचायत में वर्ष 2021-22 का ही दिया गया है। देहरा व गड़ेच पंचायत के क्षेत्र में सर्वे तो किया, लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है। ब्लास्टिंग से भी जो मकानों में दरारें आई हैं, उसमें अभी तक नीरथ पंचायत में ही मुआवजा मिला है। देहरा, देलठ व शमाथला पंचायतों का सर्वे कर तो दिया, लेकिन मुआवजा नहीं दिया गया। प्रदेश सरकार, प्रशासन व सतलुज जल विद्युत निगम प्रभावितों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है। केवल आश्वासन ही दिए जा रहे हैं। परियोजना में स्थानीय नौजवानों को भी रोजगार नहीं दिया जा रहा है, जिन परिवारों की परियोजना में जमीन लगी है, उनमें से अभी तक 128 परिवारों को एकमुश्त राशि भी नहीं दी गई है।

# तीन जगह हिमस्खलन, बाल-बाल बचे जवान

**कमलेश वर्मा, केलांग/कुल्लू**

मनाली-केलांग नेशनल हाईवे पर मंगलवार दोपहर को तीन जगह हिमस्खलन हुआ। सोलंगनाला से आगे स्नो गैलरी और धुंधी पुल के बीच में तीन जगह हिमस्खलन हुआ। पुलिस की गाड़ी भी हिमस्खलन की चपेट में आ गई। गनीमत यह रही कि कोई जवान इसकी चपेट में नहीं आया। हिमस्खलन की चपेट में आने से पुलिस वाहन को क्षति हुई है। पुलिस जवानों ने बर्फ हटाकर वाहन को निकाला। मनाली से लाहौल घाटी तक जगह-जगह हिमस्खलन का खतरा बरकरार है। पर्यटक वाहनों को सोलंगनाला से आगे जाने की अनुमति नहीं है। केवल जरूरी वस्तुओं को लेकर जा रहे वाहन व आपातकालीन स्थिति में ही लाहौल की ओर फोर बाई फोर वाहन भेजे जा रहे हैं। लाहौल व कुल्लू प्रशासन ने लोगों और पर्यटकों से अपील की है कि हिमस्खलन के संभावित स्थानों की ओर न जाएं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि तीन जगह हिमस्खलन हुआ है। पुलिस जवानों को कोई चोट नहीं आई। वाहन को थोड़ा बहुत नुकसान हुआ है। (अनंत ज्ञान)



### लाहौल-स्पीति में बर्फबारी का क्रम जारी

**लाहौल-स्पीति** में दो दिनों से रुक-रुक कर हल्की बर्फबारी का दौर जारी है। वहीं, कुल्लू की भी ऊंची चोटियों रोहतांग दर्रा, अटल टनल सहित अन्य ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी, जबकि निचले क्षेत्रों में कभी धूप कभी छांव और हल्की बारिश हुई। लाहौल-स्पीति में ताजा बर्फबारी से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। लाहौल में 136 बिजली ट्रांसफार्मर बंद हैं। दोनों जिलों में अभी भी 150 के करीब सड़कें आवाजाही के लिए बंद हैं। लाहौल-स्पीति में भारी बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी हुआ है। उधर, बर्फबारी के बाद करीब दो सप्ताह से जलोड़ी दर्रे से कुल्लू की ओर बाधित एनएच-305 अभी बहाल नहीं हो पाया है। जलोड़ी दर्रे से सोझा की ओर करीब 3 फुट बर्फ सड़क पर जमी है। आनी और कुल्लू के बीच यातायात ठप है और आनी की 69 पंचायतों की हजारों आबादी का जिला मुख्यालय कुल्लू से संपर्क कटा हुआ है। लोगों का कहना कि बर्फबारी के दौरान खनाग से जलोड़ी दर्रे तक और जलोड़ी दर्रे से सोझा, घियाघी के बीच बर्फ जमी होने के कारण हाइवे बंद हो गया था, जबकि एनएच के आनी सब डिवीजन द्वारा खनाग से जलोड़ी दर्रे तक हाइवे पर से बर्फ हटा दी गई है।

# रायसन बाइपास पर लगाए जाएं ब्लिंक लाइट और साइन बोर्ड



**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

रायसन और शिरढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को एनएचएआई के अधिकारी से मिला। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारी से रायसन बाईपास पर ब्लिंक लाइट और साइन बोर्ड लगाने का आग्रह किया।

लोगों ने बताया कि शिरढ़ रोड की ऊंचाई कम होने के कारण वहां से आने वाली गाड़ियों को हाइवे पर आने-जाने वाली गाड़ियां दिखाई नहीं देती हैं, जिससे कई हादसे हो चुके हैं। लोगों ने बताया कि हाइवे की सड़क बाढ़ के कारण टूट गई है और लगभग दो साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी इस सड़क को ठीक नहीं किया गया है। उन्होंने आग्रह किया कि इस सड़क को दो तरफा वाहनों के लिए बनाया जाए। नेशनल हाईवे के कनिष्ठ अभियंता अमन शर्मा ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही चौक पर पीली ब्लिंक लाइट लगा दी जाएंगी। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य शकुंतला देवी, मनोहरी देवी, धर्मी, आशा, पूर्व महासचिव कांग्रेस के महादेव भार्गव और खेम चंद शर्मा शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## बंजार कॉलेज में मेधावी स्टूडेंट्स हुए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बंजार।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में 26वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कॉलेज के सभी छात्र, शिक्षक और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

समारोह में बतौर मुख्यातिथि एपीएमसी चेयरमैन राम सिंह मियां ने शिरकत की। उन्होंने सबसे पहले दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद कॉलेज के प्रॉचार्य डॉक्टर राजेश कुमार सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कॉलेज की पिछले वर्ष की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए, विद्यार्थियों की शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में की गई प्रगति को सराहा। साथ ही, उन्होंने शिक्षकों और उनके योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि कॉलेज के विकास में शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्थन का महत्वपूर्ण योगदान है, जिसके कारण यह कॉलेज इस मुकाम तक पहुंच पाया है। इस कार्यक्रम में अकादमिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्टता दिखाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विजेताओं में विज्ञान संकाय, कला संकाय तथा वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान हासिल करने वाले विजेताओं में विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान अंजलि ने प्राप्त किया। कला संकाय में दवेंदरा कुमारी ने प्राप्त किया।

# विज्ञान विषय को रखा जाए सुचारु

## उदयपुर स्कूल में छह पंचायतों के बच्चे करते हैं शिक्षा ग्रहण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



लाहौल-स्पीति विकास मंच सहित अन्य लोगों का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को एसडीएम उदयपुर मनोज कुमार से मिला।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम के माध्यम से प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा को ज्ञापन भेजा और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उदयपुर में विज्ञान विषय की कक्षाएं फिर से शुरू करने की मांग रखी। उदयपुर स्कूल में विज्ञान विषय की कक्षा सरकार के दिशा-निर्देशों द्वारा बंद कर दी गई हैं। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि में स्कूल में छह पंचायतों के काफी बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। अधिकतर बच्चे गरीब घरों से संबंध रखते हैं, जिनका विज्ञान विषय पढ़ने के लिए कुल्लू जाना मुमकिन नहीं है। सर्दियों के दिनों में कई विद्यार्थी उदयपुर व आसपास किराये के मकान में रहते हैं, जिन्हें विज्ञान पढ़ने का शौक भी है। यहां तिगरेट, सलग्रां, मड़ग्रां, तिंदी, चिमरेट व उदयपुर के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। विज्ञान विषय की कक्षाएं बंद होने से विद्यार्थियों को दिक्कतें झेलनी पड़ेंगी।

लोगों ने मांग की है कि इस विषय को सुचारु किया जाए और जिले के विभिन्न स्कूलों में खाली पड़े शिक्षकों के पदों को भी भरा जाए। इस अवसर पर लाहौल-स्पीति विकास मंच के जिला महामंत्री शमशेर सिंह शंगपा, प्रधान ग्राम पंचायत उदयपुर लक्ष्मण ठाकुर, प्रधान पंचायत मड़ग्रां हीर चंद, उपप्रधान उदयपुर गोपाल गौड अध्यक्ष लाहौल-स्पीति विकास मंच उदयपुर, उदयपुर स्कूल के एसएमसी के अध्यक्ष शेर सिंह व काकू शर्मा मौजूद रहे।

**आयोजन** 27वीं सूत्रधार होली संध्या का धूमधाम से हुआ आयोजन, गोपाल कृष्ण महंत रहे कार्यक्रम के मुख्यातिथि

# ‘आज अवध पुरी में छाई बहार’ होली गीत से गूंजा देवसदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी होली गायन की परंपरा को निभाते हुए 27वीं सूत्रधार होली संध्या कार्यक्रम का आयोजन कुल्लू देवसदन सभागार में धूमधाम से किया गया।

यह कार्यक्रम सूत्रधार कला संगम कुल्लू व भाषा एवं प्रदेश संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस 27वीं सूत्रधार होली संध्या में नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत (काका) ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुभव शर्मा कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद कुल्लू ने की। संस्था द्वारा मुख्यातिथि को कुल्लवी परंपरा अनुसार शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नप कुल्लू के कार्यकारी अध्यक्ष अनुभव शर्मा, जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया, उपाध्यक्ष नगर परिषद कुल्लू चंदन प्रेमी, एसडीओ नगर परिषद अरुण शर्मा, पार्षद राजेश, वीरेंद्र शर्मा व ज्ञान चंद, कनिष्ठ अभियंता नगर परिषद सचिन को को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुल्लू के प्रचलित पारंपरिक होली गीतों के साथ-साथ स्व. राम कुमार कपूर के द्वारा रचित होली गीतों का गायन सूत्रधार कला संगम के कलाकारों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम दौरान कुल्लू दशहरा की लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले सूत्रधार कला संगम के कलाकारों तथा नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस में जयति जय मम भारतम कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों को भी प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने संस्था के सभी सदस्यों का आभार जताया।



### विभिन्न पारंपरिक होली गीतों का किया गायन

**आज** अवध पुरी में छाई बहार, गगर सारी डार गयो, तू वावरी बनाई री बहुए, अब मोरे कष्ट हरो, फाल्गुन के दिन चार, पा लागू कर जोरी, होली मैं खेलूंगी उन संग डटकर, मेरा मुर्शद खेले होली, खेलत हैं। जगदंबे, खेले मशाने में, मैंने रंग ली आज चुनरिया, मत मारो पिचकारी, पिया तोसे नैना लागे रे, धाउगी फागा बै जाणा, रंगी सारी गुलाबी चुनरिया रे, आया होलिया रा मौसम गांवा, रसिया को नार बनावो री, आज किती ना कंते मेरी याद व आया फागुन महिना आदि होली गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।

### इन कलाकारों ने दी प्रस्तुति

**इस** मौके पर ट्विंकल, खुशबू, करिश्मा, सिमरन, रोजी, धनवंती, गौरी, रिया, दुर्गा, चंचल, रचना, वंशिका, विद्या, मंजू, क्षितिज, संजय, सनी, रजनीश, भास्कर, शैलेश, डिंपल, मोहित, दीप, जीवन, राकेश शर्मा व लाल सिंह ने अपनी गायकी से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में दिव्यांगना, विभूति, अनुष्का व रेखा द्वारा नृत्यों की पेशकश दी गई। इस संपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन संस्था के वरिष्ठ सदस्य सुंदर श्याम महंत द्वारा बेहद किया गया। कार्यक्रम के दौरान पं. विद्यासागर, निशांत गौतम, लाल सिंह, अमित महंत, विजय व भूपेंद्र ने संगत की।

## आंगनबाड़ी के पदों के लिए 22 को साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पद व सहायिका के तीन पदों के लिए साक्षात्कार 22 मार्च को होगा। बाल विकास परियोजना अधिकारी बंजार चंपा देवी ने बताया कि बाल विकास परियोजना बंजार के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र बलौन, जगाला, सिहंण में सहायिका के तीन पदों और खाइण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पद को भरने के लिए साक्षात्कार होंगे। यह 22 मार्च को उपमंडलाधिकारी (नागरिक) बंजार कार्यालय में प्रात: 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे। इन पदों के लिए कुल 19 आवेदन पत्र कार्यालय को प्राप्त हुए हैं, जिनसे से 18 आवेदन पत्र सही पाए गए हैं। सभी आवेदनकर्ताओं को साक्षात्कार के लिए कॉल लैटर डाक विभाग तथा संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से प्रेषित कर दिए गए हैं यदि किसी आवेदनकर्ता को कॉल लैटर 20 तक नहीं मिल पाए, तो वह कार्यालय द्वारा जारी रसीद लेकर भी साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। साक्षात्कार के दिन आवेदनकर्ता आवेदन के समय जमा करवाए गए सभी दस्तावेजों की मूल प्रति साथ लाएं।

# लोकमित्र संचालक महासंघ के प्रदेश उपप्रधान बने आशीष



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

हिमाचल प्रदेश लोकमित्र संचालक महासंघ के राज्यस्तरीय चुनाव घुमारवीं के रेन बसेरा में चुनाव प्रभारी सुमन भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुए, जिसमें प्रधान पद पर मीना देवी विजयी रही। उन्हें 150 वोट मिले, जबकि राजेंद्र कौशल को 127 वोट प्राप्त हुए और उपप्रधान पद के लिए आशीष गौड़ और शीतल गौतम के बीच मुकाबला हुआ।

इसमें आशीष गौड़ को 172 और शीतल गौतम को 105 वोट मिले। सुमन भारद्वाज ने बताया कि सहसचिव व कानूनी सलाहकार का चयन सर्वसम्मति से हुआ। अन्य कार्यकारणी के लिए मतदान के माध्यम से चुनाव हुए। नई कार्यकारणी में कोषाध्यक्ष पद के लिए हनी महाजन 137 वोट के साथ विजयी रहे, जबकि भूपेंद्र ठाकुर को 129 वोट मिले। सचिव पद के लिए विटन कौशल को 168 वोट, जबकि जितेंद्र सिंह को 107 वोट मिले। इसके अलावा मुख्य सलाहकार के लिए अजय शर्मा निर्वाचित हुए, उन्हें 148 वोट मिले, जबकि उनके मुकाबले में खड़े रसपाल राणा को 129 वोट प्राप्त हुए। धनी राम मीडिया प्रभारी बने। प्रवक्ता पद पर गुरदेव अत्री विजय रहे। इसके अलावा सर्वसम्मति से सह-सचिव के पद पर सनी दन्याल और कानूनी सलाहकार के रूप में अरविंद ठाकुर को चुना गया। नवनिर्वाचित प्रदेश प्रधान मीना देवी व उपप्रधान आशीष गौड़ ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। सभी लोकमित्र संचालकों की समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### टक्कर मारने वाला कार चालक पंजाब से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** रण सिंह निवासी जिला शिमला ने पुलिस थाना धर्मपुर में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 4 मार्च, 2024 को जब वह अपनी स्कूटी पर शाम के समय सोलन से परवाणू की तरफ जा रहा था, तो जब वह कसौली चौक धर्मपुर पहुंचा, तो उसी समय एक गाड़ी, जिसका नंबर पीबी-46एसी- 9494 था, उसके चालक ने तेज रफ्तारी व गलत दिशा में आकर टक्कर मार दी, जिससे वह स्कूटी सहित गिर गया। कार चालक कार सहित मौके से भाग गया, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान हादसे में गाड़ी की रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी की गई व गाड़ी मालिक की जानकारी तरनतारन पंजाब से हासिल की गई, जो गाड़ी उपरोक्त अमरीक सिंह निवासी तरनतारन पंजाब के नाम दर्ज थी। आरोपी अमरीक सिंह अपने स्थायी पते पर हाजिर नहीं मिल रहा था व फरार चल रहा था। पुलिस थाना धर्मपुर की टीम द्वारा उक्त गाड़ी व आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। तलाश के दौरान पुलिस थाना धर्मपुर की टीम ने आरोपी अमरीक सिंह गाँव व डाखा शेरी तह. व जिला तरनतारन पंजाब उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को 5 दिन न्यायिक हिरासत रिमांड पर भेज दिया है।

### मानसिक स्वास्थ्य के सुधार में करें कार्य

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की बाल विकास परियोजना कंडाघाट के तहत खंड स्तरीय अनुश्रवण एवं समन्वय समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पोषण समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक एसडीओ सिद्धार्थ आचार्य की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ. आभा पवार ने विभाग की सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी और चालू वित्त वर्ष की उपलब्धियां बताईं। उन्होंने नशे एवं मानसिक स्वास्थ्य के सुधार के लिए सभी विभागों को कार्य करने के निर्देश दिए।

### महर्षि व्यास मंदिर में आंवला एकादशी मेला शुरू



**अनंत ज्ञान, सोलन।** कोटरी व्यास पंचायत के अंतर्गत महर्षि वेद व्यास मंदिर में आंवला एकादशी पर हर साल की तरह मेले का आयोजन किया गया। यह मंदिर महर्षि वेदव्यास का तपस्या स्थल माना जाता है। महर्षि व्यास ने अपने शिष्यों के साथ यहां तपस्या की तथा इस मंदिर की नींव रखी यहां पर एक पानी की बावड़ी है, जिसमें आंवला एकादशी के दिन स्नान कर इस जल को मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर चढ़ाया जाता है। साथ ही आंवला वृक्ष की विशेष पूजा की जाती है। महर्षि वेदव्यास मंदिर कमेटी ने मेले का आयोजन पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की निर्देशक नसीमा बेगम ने ज्योत प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। नसीमा बेगम ने लोगों से आग्रह किया कि बच्चों में बढ़ते नशे को रोकने के लिए सभी आगे आएं तथा अपने बच्चों को नशे से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करें साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम हमारे पुराने रीति-रिवाज को अगली पीढ़ी तक ले जाने में सहायक हैं।

### घनागुघाट में 250 लोगों की आंखें जांची

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** हंस फाउंडेशन की मेडिकल मोबाइल यूनिट-3 द्वारा पंचायत घनागुघाट में विशेष नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी उमा ठाकुर और उनकी मेडिकल टीम ने लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भाग सिंह ने मुख्य भूमिका निभाई। उनके अलावा हंस फाउंडेशन की ओर से जनरल ओपीडी के लिए डॉ. विक्रांत वर्मा और डॉ. श्वेता गुलेरिया भी उपस्थित रही। इस शिविर में लगभग 250 लोगों की आंखों का निशुल्क जांच कर 150 से 200 लोगों का रक्त परीक्षण भी किया गया। इसके अलावा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए आवश्यक चिकित्सा जांच और दवाएं उपलब्ध करवाई गईं। इस दौरान पंचायत घनागुघाट की टीम ने इस शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पंचायत प्रधान मधुबाला, उपप्रधान प्रवीण और उनकी पंचायत की टीम ने हंस फाउंडेशन की टीम का आभार जताया। इसके अलावा आशा वर्कर्स ने भी इस शिविर में हंस फाउंडेशन टीम की मदद की। इस मौके पर हंस फाउंडेशन की टीम में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी उमा ठाकुर, महेंद्र सिंह, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. भाग सिंह, नेत्र तकनीशियन शोभिक महाजन, चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रांत और डॉ. श्वेता गुलेरिया मौजूद रहे।

### पोषण रेसिपी से संबंधित जानकारियां दीं

**अनंत ज्ञान, अर्की।** बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा अंबेडकर भवन, अर्की में महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में एसडीएम यादवेंद्र पॉल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बूटा बेटी के नाम एवं हस्ताक्षर अभियान से की गई। इसके उपरांत सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदु शर्मा ने राष्ट्रीय महिला दिवस और विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान अन्नप्राशन व गोद भराई की रस्में करवाई गईं और पोषण रेसिपी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को गिफ्ट्स देकर सम्मानित किया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी ने विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर 19 बार गोल्ड मेडल जीत चुकी नवगांव की निधि को मोमेंटो व धनराशि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, कक्षा 10वीं की छात्रा कोमल और 12वीं की मेधावी छात्रा नेहा को भी सम्मानित किया गया। बेटी हैं अनमोल योजना के अंतर्गत 5 बेटियों को एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) वितरित की गई। इसके अलावा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रुप सांग प्रस्तुत किया गया और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर नुक्कड़ नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनुज गुप्ता, पार्षद रुचिका गुप्ता, मनोनीत पार्षद कुलदीप सूद, बीडीओ तनमय आदि मौजूद रहे।

# बैक्टीरियल इंफेक्शन की चपेट में आए लोग

## बदलते मौसम से क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में बढ़े वायरल, टायफाइड और डायरिया के मामले

**आर मोहन चौहान, सोलन**

बदलते मौसम से सोलन के लोग वायरल की चपेट में आ रहे हैं। इससे क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में अचानक रोगियों की संख्या बढ़ गई है।

पहले बारिश और उसके बाद तापमान में बढ़ोतरी से जलजनित बीमारियां पनपने लगी हैं। बदलते मौसम में घटते-बढ़ते तापमान बैक्टीरियल इंफेक्शन से लोग खासकर बच्चे और बुजुर्ग वायरल की चपेट में आने लगे हैं। कारण है कि सोलन अस्पताल में बैक्टीरियल इंफेक्शन होने वाली बीमारियां जैसे गला खराब, सर दर्द, जुखाम, खांसी सहित टायफाइड और डायरिया के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। इसमें बच्चों और बुजुर्गों की संख्या अधिक है। चिकित्सकों के मुताबिक टायफाइड और डायरिया का उपचार नहीं होने की स्थिति में यह जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसे में बुखार आने और डायरिया होने पर तुरंत चिकित्सा जांच और उपचार जरूरी है। अस्पताल में सर्दी-जुखाम, सिर दर्द और बुखार के रोज करीब 200 से 300 रोगी पहुंच रहे हैं। अस्पताल में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से डायरिया के करीब दो दर्जन रोगी उपचाराधीन हैं। इसका मुख्य कारण मौसम का बदलाव है। इन दिनों सुबह शाम ठंड और दिन को अधिक तापमान चल रहा है। सप्ताह में एकाध बार बारिश भी हो रही है। इससे पानी और पर्यावरण में बैक्टीरिया पनपने से जल जनित बीमारियां लोगों को जकड़ रही हैं। (अनंत ज्ञान)



### दूषित पानी का सेवन खतरनाक

**बारिश का पानी** जल स्रोत में मिलने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग टायफाइड और डायरिया की चपेट में आने लगे हैं। यही कारण है कि इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। जिले के सबसे बड़े अस्पताल सोलन में इनदिनों ओपीडी में इजाफा हुआ है। इसमें श्वास सहित जल जनित बीमारियों के रोगियों की संख्या अधिक है। आमतौर पर अस्पताल में करीब 1200 रोगियों की ओपीडी होती है, जबकि इनदिनों यह संख्या करीब 1500 तक पहुंच रही है। इसमें आंशिक डायरिया के रोगी भी काफी संख्या में सामने आ रहे हैं। राहत की बात है कि सोलन सहित आसपास के अलग-अलग क्षेत्रों से डायरिया के रोगी अस्पताल में एडमिट हैं पर पानी को शुद्ध किए और उबाले बगैर उपयोग करने पर आप पीलिया और डायरिया की चपेट में आ सकते हैं।

### जलजनित बीमारियों का खतरा

बारिश और गर्मी के मौसम में जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। यह मौसम अपने साथ कई प्रकार की बीमारियां लेकर आता है, जिससे लोगों को एहतियात बरतने की आवश्यकता होती है। ज्यादातर बीमारियां गंदा पानी पीने या फिर एक स्थान में जमा पानी पीने की वजह से होती है। शहर में इनदिनों दूषित पानी पीने और बाजार के खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं, जिसको लेकर लगातार स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों से अपील कर रहा है कि पानी को फिल्टर या फिर उबालकर ही पिएं।

### ये करें उपाय

**आपातकालीन** जल आपूर्ति के समय बोतलबंद पानी या छानने के बाद उबाल कर ही पानी पीना चाहिए। यदि आपके पास बोतलबंद पानी नहीं है, तो पानी उबालें। उबालना रोगजनक बैक्टीरिया, वायरस और प्रोटोजोआ को मारने के लिए पर्याप्त है। यदि पानी गंदला है, तो इसे जमने दें और इसे एक साफ कपड़े, कागज के उबलते पानी के तौलिये या कॉफी फिल्टर के माध्यम से छान लें। पानी को कम से कम एक मिनट तक उबालें। पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा होने दें और इसे ढक्कन वाले साफ कंटेनर में रखें। स्वास्थ्य केंद्रों और आशा वर्कर्स से क्लोरीन की गोलियां उचित मात्रा में पानी में घोलने से भी बीमारियों का खतरा टल जाता है।

### पानी को उबालकर पीएं

**सोलन** अस्पताल चिकित्सा अधीक्षक एमपी सिंह का कहना है कि बदलते मौसम में (डायरिया, टायफाइड, वायरल, हेपेटाइटिस) जैसी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि पानी को उबालकर पीएं, पानी को 3 दिन से ज्यादा एक जगह इकट्ठा न होने दें। इन सभी बातों का ध्यान रखकर ही बीमारी से बचा जा सकता है। जरूरत पड़ने पर मास्क का प्रयोग करें।

### स्वास्थ्य विभाग ने दी सतर्क रहने की सलाह

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के अस्पतालों में बदलते मौसम के चलते वायरल फीवर के रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है।

डॉ. वाइएस परमार मेडिकल कॉलेज अस्पताल नाहन समेत जिले के अन्य सिविल अस्पतालों में खांसी, जुखाम, बुखार के रोगियों की संख्या बढ़ी है। बदलते मौसम में छोटे बच्चों समेत बुजुर्ग वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए जिले के सीएमओ डॉ. अमिताभ जैन ने बताया कि इनदिनों मौसम बदल रहा है कभी ठंड हो जाती है, तो कभी धूप निकलने पर गर्मी लगती है। ऐसे में लोग वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। मौसम बदलने के चलते अस्पताल में पहले की अपेक्षा रोगियों की संख्या बढ़ी है। बदलते मौसम के चलते खांसी, जुखाम, बुखार वायरल के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि खांसी, जुखाम बुखार होने पर तुरंत नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं। बदलते मौसम में गर्म कपड़े पहने ठंड से बच कर रहें।

# खुद के लिए सुख की सरकार, जनता के लिए दुखों का पहाड़ : राजीव बिंदल

## कहा-प्रदेश में वन, खैर, चिट्टा और स्क्रैप माफिया सिर चढ़कर बोल रहा

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में वन, खैर, चिट्टा और स्क्रैप माफिया सर चढ़कर बोल रहा है।

यह सभी माफिया हिमाचल प्रदेश में सरकारी संरक्षण के अंतर्गत सक्रिय है। प्रदेश में खैर काटो जंगल काटो अभियान चल रहा है, सवाल यह है कि किसके संरक्षण में इस प्रकार के माफिया चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला चंबा की घटना सामने आई है, जिसने पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया है। वन माफिया के लोगों ने एक वन कर्मचारी को गाड़ी से बांधकर एक किलोमीटर तक घसीटा और कश्मीर से भरा वाहन दौड़ा कर ले गए, अगर हम खनन माफिया की बात करें, तो मीडिया कर्मियों के माध्यम से ड्रोन से खींची गई कुछ तस्वीरें सामने आई, जिसमें



एक-एक खड्ड में 100 टिप्पर, जेसीबी, पोकलेन खनन करते दिखाई दे रहे हैं।

मंडी में हुई घटना तो जग जाहिर है, जहां एसडीएम को दौड़ा कर पीटा गया और हड्डियां तक तोड़ दी गईं। सरकार से सवाल यह खड़ा होता है कि प्रदेश में ऐसी क्या मजबूरी एवं मिलीभगत है, जिसके कारण माफिया को संरक्षण दिया जा रहा है? हिमाचल प्रदेश में स्थितियां चिंताजनक हो गई है, जो व्यक्ति शिकायत करता है पुलिस उसी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर देती है, ईमानदार पुलिसकर्मी ट्रांसफर कर दिए जाते हैं या उनके ऊपर भी कार्रवाई कर दी जाती है। नालागढ़ में माफिया से लोग परेशान हैं। नालागढ़ में एक महिला उत्पीड़न का मामले सामने आया खुलेआम बंदूक के नोक पर गर्भवती महिला से बच्चा गिरवाया गया पर शिकायत करने के बाद भी जिस व्यक्ति पर शिकायत की गई वह सरकारी संरक्षण के अंतर्गत खुला घूम रहा है। बिंदल ने कहा कि सुक्खू सरकार अपने लिए सुख की सरकार पर दूसरों के लिए दुखों का पहाड़ है।

### 14 दिन बाद मिला लापता का शव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पंचकूला निवासी अक्षय साहनी पुत्र अनिल साहनी जो पिछली 26 फरवरी से जिला सिरमौर के चूड़धार जंगलों में खो गया था, उसकी लाश बर्फ में दबी नौहराधार की वॉलंटियर रेस्क्यू टीम को अंतिम पड़ाव के समय चोटी पर चढ़ने के दौरान खाई में दबे हुए मिली, जिसकी सूचना टीम ने स्थानीय प्रशासन को दी। इससे पूर्व शिमला से आई एसडीआरएफ टीम ने लापता अक्षय को खोजने की पूरी कोशिश की, मगर सफल नहीं हो सकी। इसके बाद मनाली की माउंट एवरेस्ट एक्सपर्ट टीम ने अक्षय को खोजने का प्रयास किया, मगर वह भी ढूंढने में असफल रही। एसडीएम संगड़ाह सुनील कायर ने बताया कि शव के मिलने के बाद अक्षय के परिवार के सदस्यों को सूचित कर दिया है, अब शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा और डीएनए के बाद पक्का किया जाएगा कि शव अक्षय साहनी का है या किसी अन्य का है।

# पटवारी और कानूनगो की हड़ताल, लोगों के रुके काम

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**



हिमाचल प्रदेश में पटवारी-कानूनगो का कर्मचारी कैडर जिला से स्टेट करने के विरोध में दस दिनों से चल रही हड़ताल जारी है।

इससे लोगों के राजस्व और दूसरे विभागों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सरकार और पटवारी कानूनगो संघ अपने-अपने पक्ष में अड़े हुए हैं और जनता बेहद परेशान है। हड़ताल के बाद प्रदेश में पटवारी और कानूनगो के कार्यालयों में ताले लटके हुए हैं। राजस्व विभाग से संबंधित हिमाचली, अनुसूचित जाति, आय, वंशावली, भूमि संबंधी प्रमाण पत्र नहीं बन रहे हैं। इनके न बनने से बच्चों को स्कूल, कॉलेज और नौकरी के लिए काम आने वाले प्रमाण पत्र को बनाने में समस्या आ रही है। राजस्व विभाग के भूमि, अंतर विभागीय कार्य, तहसील, उपमंडल, जिला मुख्यालयों और कोर्ट कचहरियों से संबंधित कार्य भी प्रभावित हैं। हड़ताल बारे तहसीलदार कंडाघाट राजेंद्र कुमार ने बताया कि कंडाघाट तहसील में लोगों ने ऑनलाइन 150 से अधिक प्रमाण पत्रों के आवेदन किए हैं, जो सभी लंबित हो गए हैं। भूमि और अन्य संबंधित कार्य भी प्रभावित हैं। कंडाघाट में दसवें दिन भी पटवारी-कानूनगों की हड़ताल जारी रही। कर्मचारी संगठन इकाई के प्रधान अंकुश शर्मा और अन्य पदाधिकारी व सदस्यों के साथ मिनी सचिवालय के सामने हड़ताल पर बैठे रहे। उन्होंने बताया कि महासंघ की राज्य इकाई के पदाधिकारियों की बैठक बुधवार को प्रदेश के राजस्व मंत्री के साथ होना निश्चित बताई जा रही है। इसके बाद हड़ताल की अगली रुपरेखा बनाई जाएगी।

# खुले में कूड़ा फेंकने वालों की अब खैर नहीं, नगर परिषद करेगी चालान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता की तरफ कदम बढ़ाते हुए नगर परिषद नाहन ने नई सफाई व्यवस्था को लागू किया है। शहर में कहीं भी खुले में कूड़ा फेंकने पर अब नगर परिषद द्वारा चालान किए जाएंगे। शहर में बिगड़ती सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर परिषद ने नई कार्य योजना तैयार की है।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजय गर्ग ने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं और इस बाबत सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ सफाई निरीक्षकों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शहर में यदि अब कोई भी व्यक्ति कूड़ा खुले में फेंकते पाया जाता है, तो

**▶ लोगों से सफाई व्यवस्था में सहयोग की अपील**

ऐसे लोगों के चालान की व्यवस्था की गई है, ताकि लोग खुले में कूड़ा ना फेंके। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि बाजार में कई स्थानों पर दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर रात के समय कूड़ा फेंका जाता है। ऐसे लोगों के खिलाफ भी अब नगर परिषद कार्रवाई करेगी क्योंकि इससे गंदगी फैलती है साथी ऐसे स्थान पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लग जाता है। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में नगर परिषद द्वारा कूड़े-कचरे को ठिकाने लगाने के लिए नए वाहनों की खरीद की जा रही है। सफाई व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के लिए नगर परिषद द्वारा लोगों से सहयोग की अपील की जा रही है।

### 4.53 ग्राम चिट्टे सहित धरा युवक

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ बस स्टैंड पर पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति से 4.53 ग्राम चिट्टा पकड़ा।

राजगढ़ पुलिस बस स्टैंड पर बीते 10 मार्च की रात्रि को रूटिन गश्त पर थी। करीब 11 बजे एक युवक बस स्टैंड से गुजर रहा था वह पुलिस को देखकर घबरा गया और पीछे मुड़कर भागने लगा। इस दौरान, उसने अपनी जेब से एक माचिस की डिब्बी निकालकर नीचे फेंक दी, जोकि सड़क पर लगे लेटर बॉक्स से टकराकर सड़क पर गिर गई।

पुलिस ने उसे पकड़ लिया और माचिस की डिब्बी को खोलकर जांच की, जिसमें पॉलिथीन लिफाफे में 4.53 ग्राम चिट्टा रखा हुआ था। इसमें विशाल कुमार गोलू को गिरफ्तार कर एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# कांग्रेस दोराहे पर अपने भीतर ढूंढ रही विभीषण : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भारत के लोकतंत्र में विपक्षी दल की भूमिका में कांग्रेस आजकल अपनी पार्टी के भीतर विभीषण ढूंढ रही है। कांग्रेस समर्थक बुद्धिजीवियों ने उन्हें नाम दिया है स्लीपर सेल। राहुल, प्रियंका के युग में कांग्रेस की राजनीति किसी रोमांच से कम नहीं है।



निजी स्वार्थ से लबालब सत्ता सुख भोगने वाली कांग्रेस को भूलना नहीं चाहिए कि जो लोग उन्हें छोड़ कर जा रहे हैं या चले गए हैं शायद वहीं कांग्रेस के असली वफादार थे, लेकिन उन पर बिकाऊ होने के इल्जाम लगाकर और अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों पर पाप धोने वाली वाशिंग मशीन का इल्जाम लगाकर, तो कभी ईवीएम को कटघरे में खड़ा कर कांग्रेस अपने पाप कब तक छुपाएगी, अगर कांग्रेस में कुछ बचा है, तो केवल आकाओं को खुश करने वाले, जो आज स्वयं स्लीपर सेल की परिभाषा के अंतर्गत आ गए हैं।

अपनी असफलताओं को छुपाने के लिए संगठन वीरों पर बिकाऊ होने का इल्जाम लगाकर, गांधी परिवार को प्रसन्न करने का प्रयास करने वाले आज स्वयं विभीषण की भूमिका में आकर बैठ गए हैं और अपने ही श्रेष्ठ नेतृत्व की नजरों में स्लीपर सेल हो गए हैं। आज कांग्रेस का बुद्धिजीवी वर्ग ही उन्हें स्लीपर सेल की परिभाषा से नवाज रहा है। हिमाचल कांग्रेस की वर्तमान सरकार जिस तरह हठ, अहंकार और मित्रों की चाटुकारिता की विलासिता में दिख रही है, वह विभीषण से भी ज्यादा खतरनाक है।

### राज्य स्तरीय इंटर डाइट खेलों के लिए टीमों का चयन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** इंटर डाइट संस्थानों की एथेलेटिक्स व अन्य खेलों की राज्य स्तर की प्रतियोगिता चंबा में 25 से 27 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इसी प्रतियोगिता में नाहन डाइट की टीमों के चयन के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एथेलेटिक्स, हाई जंप, लांग जंप, शॉट पुट जैसी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इसमें डाइट के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षा उपनिदेशक राजीव ठाकुर ने बताया कि 25 से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय इंटर डाइट संस्थाओं के खेलों के लिए टीम चयन किया जा रहा है और साथ ही इन खेलों का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना है व नशे से दूर रहने का संदेश भी देना है।

# प्रदेश में चिट्टा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए



**अनंत ज्ञान, नाहन**

**▶ चिट्टे के बढ़ते खतरे के खिलाफ क्षत्रिय संगठन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन**

**▶ भारतीय न्याय संहिता की धारा-103 के तहत मुकदमा दर्ज करने की रखी मांग**

देवभूमि क्षत्रिय संगठन सवर्ण मोर्चा ने हिमाचल प्रदेश में चिट्टे के बढ़ते खतरे के खिलाफ जागरूकता अभियान की शुरुआत की है।

इसी कवायद के तहत देवभूमि क्षत्रिय संगठन ने अध्यक्ष रोहित ठाकुर की अगुवाई में एसपी सिरमौर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि प्रदेश में चिट्टा तस्करों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि इस अपराध को हीनियस क्राइम की श्रेणी में रखते हुए इसे उग्रवाद की श्रेणी में लाते हुए अपराधियों पर बीएनएस की धारा 103 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए। चिट्टा तस्करों की तमाम संपत्ति को भी जब्त किया जाए। देव भूमि क्षत्रिय संगठन स्वर्ण मोर्चा ने न्यायपालिका से भी मांग करते हुए कहा कि केमिकल नशा तस्करी करने वालों को किसी भी सूरत में जमानत न दी जाए साथ ही कहा कि बैंक खातों की जांच करते हुए उनके खाते फ्रीज किए जाएं। वहीं, उन्होंने केमिकल नशा के चंगुल में फंसे युवाओं के लिए गोपनीय जानकारी में इलाज के साथ उनके लिए बेहतर नशा मुक्ति केंद्र खोलकर उनकी काउंसलिंग की जाए।

**निर्देश** अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

# 31 मार्च तक निर्धारित लक्ष्य पूरा करें विभाग

**अनंत ज्ञान, नाहन**

कार्यकारी उपायुक्त सिरमौर एलआर वर्मा ने अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को 31 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग विकास योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा करें, ताकि आमजन को इन विकास योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। एलआर वर्मा नाहन में जिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत 40.30 करोड़ रुपए की सबसे अधिक धनराशि लोक निर्माण विभाग को विभिन्न भवनों और सड़कों के निर्माण के लिए आवंटित की गई है और विभाग इस धनराशि को समय पर खर्च करना सुनिश्चित



बनाए। कृषि विभाग को 1 करोड़ 60 लाख रुपए, भू-संरक्षण विभाग को 26 लाख रुपए, उच्च शिक्षा विभाग को विभिन्न भवनों के निर्माण के लिए 66.66 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं।

इसी प्रकार जल शक्ति विभाग को विभिन्न पेयजल योजनाओं के लिए 3 करोड़ 42 लाख रुपए, वन विभाग को 1 करोड़ 84 लाख रुपए तथा स्वास्थ्य विभाग को 1 करोड़ 63 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। एडीएम ने कहा कि बाल विकास परियोजना को विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण के लिए 25 लाख रुपए दिए गए थे और विभाग ने शतप्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है।

एलआर वर्मा ने कहा कि कार्य में अनावश्यक विलंब होने से लागत खर्चे में बढ़ोतरी हो जाती है और साथ ही समय पर आम जन को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा ने बैठक का संचालन करते हुए अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी कि कल्याण विभाग को विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 2 करोड़ 20 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई, जिसमें से 2 करोड़ 17 लाख रुपए व्यय कर 99 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग अरविंद शर्मा, अधीक्षक जेल भानू प्रकाश शर्मा, पुलिस उपअधीक्षक रमाकांत ठाकुर, उपनिदेशक उच्च शिक्षा हिमेंद्र चंद बाली आदि मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचने वाले राशन के नियमित सैंपल लिए जाएं

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**▶ मनरेगा के अंतर्गत निर्मित होने वाले 51 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का जल्द किया जाए निर्माण**

कार्यकारी उपायुक्त सिरमौर एलआर वर्मा ने खाद्य एव आपूर्ति और बाल विकास विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत आवंटित किए जा रहे राशन की गुणवत्ता की जांच के लिए राशन की नियमित सैंपलिंग की जाए। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिले में 1486 आंगनवाड़ी केंद्रों में शिशुओं, गर्भधात्री माताओं और अन्य पात्र लोगों को पोषाहार वितरित किया जा रहा है। लाभार्थियों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत केंद्रों में पहुंच रहे राशन की गुणवत्ता की जांच जरूरी है।

एलआर वर्मा डीसी कार्यालय के सभागार में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा पोषण अभियान के तहत समन्वित बाल विकास योजना की जिला स्तरीय निगरानी एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला में पोषाहार कार्यक्रम अभियान के तहत कुल 39935 पात्र लाभार्थियों को पोषाहार उपलब्ध करवाया जा रहा है, जिसमें 6 माह से तीन वर्ष की आयु के 21076 बच्चे, 3 साल से 6 साल के 11396 बच्चे तथा 7463 गर्भवती तथा धात्री माताएं शामिल हैं। एलआर वर्मा ने ग्रामीण विकास विभाग को निर्देश दिए कि मनरेगा के अंतर्गत निर्मित होने वाले 51 आंगबाड़ी केंद्रों भवनों का निर्माण शीघ्र किया जाए, ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सके। इन भवनों के निर्माण की नियमित प्रगति रिपोर्ट उन्हें प्रस्तुत की जाए, ताकि निर्माण कार्य की समीक्षा की जा सके। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा महिला कल्याण से संबंधित सभी योजनाओं का सही प्रकार से जिले में ग्रास रूट लेवल तक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश विभाग को दिए। विभाग पंचायत स्तर पर जागरूकता शिविरों का आयोजन करे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना का लाभ लेने से न छूट जाए। पोषण अभियान के तहत जिले में जागरूकता शिविरों का अधिक से अधिक संख्या में आयोजन किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल सरकार और क्रैक अकादमी की साझेदारी से बदलेगी कोचिंग की तस्वीर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हिमाचल सरकार और क्रैक अकादमी ने मिलकर प्रदेश के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण कोचिंग देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत 'मेरे शहर के 100 रत्न' पहल शुरू की गई है, जिसके जरिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को मुफ्त कोचिंग दी जाएगी।



इस पहल के तहत क्रैक अकादमी हिमाचल के अलग-अलग जिलों में 90 से ज्यादा कोचिंग सेंटर खोलने जा रही है। इसका उद्देश्य दूर-दराज के छात्रों को दिल्ली स्तर की कोचिंग उपलब्ध कराना है, ताकि वे भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। क्रैक अकादमी केवल कोचिंग तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि तकनीक आधारित शिक्षण विधियों और अनुभवी शिक्षकों के माध्यम से छात्रों को रणनीतिक मार्गदर्शन भी देगी। यह साझेदारी दूसरे राज्यों के लिए भी एक मॉडल साबित हो सकती है।

### ब्रिटिश उप उच्चायुक्त ने मेयर बबला से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ब्रिटिश उप उच्चायुक्त कैरोलीन रोवेट ने शहर के विकास और स्थिरता के लिए प्रमुख पहलों पर चर्चा करने के लिए चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला से मुलाकात की। एमसी कमिश्नर अमित कुमार, आईएएस की मौजूदगी में हुई इस बैठक में शहरी विकास परियोजनाओं के लिए यूके और चंडीगढ़ के बीच सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कैरोलीन रोवेट ने रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल (आरआरआर) पहलों को लागू करने में नगर निगम के प्रयासों की सराहना की, स्थिरता और अपशिष्ट प्रबंधन पर उनके सकारात्मक प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने नगर निगम प्रशासन में पर्यावरण जिम्मेदारी और नवाचार के लिए शहर की प्रतिबद्धता की सराहना की। चर्चा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नगर निगम परियोजनाओं में संभावित यूके-आधारित निवेश के ईर्द-गिर्द घूमता रहा। बातचीत का उद्देश्य चंडीगढ़ में बुनियादी ढांचे के विकास, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता अभियानों के लिए फंडिंग समाधान और सहयोगी अवसरों की खोज करना था। मेयर ने वैश्विक भागीदारी के विचार का स्वागत किया, शहर की सेवाओं को बढ़ाने के लिए रणनीतिक निवेश की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।



### यूटी ने एमसीसी की 9 उप समितियां की अधिसूचित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सचिव स्थानीय सरकार एवं शहरी विकास ने चंडीगढ़ की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला द्वारा पंजाब नगर निगम अधिनियम, 1976 (यूटी चंडीगढ़ तक विस्तारित) अधिनियम, 1994 की धारा 41ई द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा निर्धारित शक्तियों के प्रयोग या कार्यों के निर्वहन के लिए गठित उप समितियों को मंजूरी प्रदान की। इस स्वच्छता समिति में मनोज सोनकर, हरजीत सिंह, लखबीर सिंह, दलीप शर्मा, बिमला दुबे, योगेश ढींगरा, पूनम, निर्मला देवी और गीता चौहान शामिल हैं।

### महेश चंद्र बने एनएफएल के निदेशक (विपणन)

**अनंत ज्ञान, नोएडा।** महेश चंद्र गुप्ता ने नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) के बोर्ड में निदेशक (विपणन) का पदभार ग्रहण किया है। इससे पहले वह इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में मुख्य महाप्रबंधक (बिजनेस डेवलपमेंट-गैस) के पद पर कार्यरत थे और कॉर्पोरेट कार्यालय में प्राकृतिक गैस सोर्सिंग और विपणन का कार्यभार संभाल रहे थे। 30 वर्षों से अधिक अनुभव वाले एक अनुभवी पेशेवर गुप्ता ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के प्राकृतिक गैस व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक बढ़ाने, घरेलू और वैश्विक बाजारों में पीटीए और पॉलिमर सहित पेट्रोकेमिकल्स के नवीन व्यापार अवसरों की स्थापना करने एवं अन्य व्यवसाय विकास गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### दिल्ली में आग लगने से तीन जिंदा जले

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आनंद विहार इलाके में झुग्गी में भीषण आग लगने से तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। यह हादसा देर रात सवा 2 बजे पेश आया। पलक झपकते ही आग ने झुग्गी को चपेट में ले लिया। इसकी सूचना मिलने पर तत्काल 3 दमकल गाड़ियों को रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे के अंदर आग पर काबू पा लिया। दमकल कर्मियों को आग बुझाने के बाद मलबे में 3 पुरुषों के जले हुए शव मिले हैं। तीनों यूपी के रहने वाले हैं।



### मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साव को मार गिराया

**रांची।** झारखंड के पलामू जिले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर अमन साव को मार गिराया। यह मुठभेड़ उस समय हुई जब गैंगस्टर अमन साव के गिरोह के सदस्य उसे पुलिस हिरासत से छुड़ाने की कोशिश कर रहे थे। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने एक दिन पहले कहा था कि झारखंड में अधिकतर अपराध की साजिशें जेलों के अंदर रची जाती हैं और आपराधिक गिरोहों की मदद से उसे अंजाम दिया जाता है। यह घटना तब सामने आई, जब 150 से अधिक मामलों में आरोपी और कुछ मामलों में दोषी ठहराए गए गैंगस्टर को छत्तीसगढ़ की रायपुर जेल से रांची लाया जा रहा था।

### तुलसी गबार्ड जल्द आएगी भारत दौरे पर

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने सोमवार को कहा कि वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र की 'बहु-राष्ट्रीय' यात्रा के तहत भारत की यात्रा करेंगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति एवं स्वतंत्रता के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत संबंध बनाने और संचार के मार्ग खुले रखने के मकसद से गबार्ड यह यात्रा कर रही हैं। गबार्ड ने 'एक्स' पर कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के शांति, स्वतंत्रता और समृद्धि के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत संबंध, समझ विकसित करना और खुले संचार का मार्ग खुला रखना महत्वपूर्ण है।

### शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्री बनाएगी प्रशिक्षक विमान

**नई दिल्ली।** विमानों के स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देने के लिए शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्री भारत में 150 प्रशिक्षक विमान बनाएगी। शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्री तमिलनाडु के शक्ति समूह और ऑस्ट्रिया के डायमंड एयरक्राफ्ट के बीच एक संयुक्त उद्यम है। शक्ति एयरक्राफ्ट के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वैभव डी ने कहा कि यह सौदा 200 प्रशिक्षक डीए40 एनजी विमानों के लिए है। इनमें से 150 विमानों को शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्री के नियोजित संयंत्र में तैयार किया जाएगा। इस संयंत्र की स्थापना हरियाणा में किए जाने की संभावना है।

# ज्ञान के प्रकाश से समाज व देश को रोशन करें विद्यार्थी : राष्ट्रपति

## कहा- रोजगार ढूंढने वालों की बजाय रोजगार देने वाले बनें स्टूडेंट्स

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पीएचडी डिग्री तथा अन्य मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में आधे से अधिक बेटियों की संख्या हरियाणा ही नहीं, बल्कि समूचे भारत के विकास का प्रमाण है।

आज हमारी बेटियां पूरे दक्ष के साथ शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपना नाम रोशन कर रही हैं। आज गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में विद्यार्थियों में भी 75 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं , यह संतोष और गर्व का विषय है कि हमारी बेटियां कृषि एवं संबद्ध विज्ञान सहित अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। छात्र अपने ज्ञान की रोशनी से समाज व देश को भी रोशन करें। यह बात भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के सभागार में आयोजित 6वें दीक्षांत समारोह हिसार में बतौर मुख्यातिथि के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहे। इससे पहले महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रदेशवासियों की ओर से द्रौपदी मुर्मू का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। विश्वविद्यालय में पहुंचने पर राष्ट्रपति ने सर्वप्रथम पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समारोह में राष्ट्रपति को शैक्षणिक शोभायात्रा के माध्यम से मंच तक लाया गया और राष्ट्रपति व अन्य अतिथियों ने मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पर्यावरण एवं सामाजिक एकता में अहम योगदान देने पर इंद्रेश कमार को मानद की उपाधि से सम्मानित किया। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा ही नहीं, बल्कि हमारे देश के विकास और समाज में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है।

गुरु जंभेश्वर एक महान संत और दार्शनिक थे। वे वैज्ञानिक सोच, बेहतरीन जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण के समर्थक थे। उनका मानना था कि प्रकृति की रक्षा करना, सभी जीवों के प्रति करुणा और दया का भाव रखना तथा उन्हें संरक्षण प्रदान करना, मानव का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की 30 वर्षों की यात्रा में यहां के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने विभिन्न शोध और अनुसंधान परियोजनाओं में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

### प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के आशीर्वाद की शक्ति विद्यमान

**चंडीगढ़।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिसार में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में 'समग्र कल्याण के लिए आध्यात्मिक शिक्षा प्रोजेक्ट' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने आध्यात्मिकता के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास में इसकी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस आयोजन करने के लिए सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि 50 वर्षों की यात्रा की सफलता के मूल में प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के आशीर्वाद की शक्ति विद्यमान है। राष्ट्रपति ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की पावन आध्यात्मिक ऊर्जा को सादर नमन करते हुए कहा कि आप सबने त्याग और तपस्या के बल पर केंद्र के माध्यम से संस्थान और समाज को अमूल्य योगदान दिया है। आप सबके प्रयासों से लोगों के लिए भौतिक, मनोवैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक उन्नति के रास्ते खुले हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हरियाणा में आकर श्रीमद् भगवद्-गीता का संदेश सहज ही याद आता है। योगेश्वर श्रीकृष्ण ने स्थितप्रज्ञ के लक्षण बताए थे, हर परिस्थिति में समत्व बनाए रखने की शिक्षा दी थी, कर्म के फल पर तनिक भी ध्यान न देते हुए पूरी निष्ठा के साथ कर्म करने की प्रेरणा दी थी।

# खेल केवल चैंपियन नहीं बनाते कल्याण को देते हैं बढ़ावा : सैनी



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल मात्र पदक जीतने का ही नहीं है, बल्कि लोगों का दिल जीतने का माध्यम भी है। खेल केवल चैंपियन ही नहीं बनाते, बल्कि यह शांति, प्रगति और कल्याण को भी बढ़ावा देते हैं। ये दुनिया को जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

सीएम ने पुलिस कर्मचारियों से अपील की कि वे खेल भावना को मैदान तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन में भी अपनाएं। अनुशासन, समर्पण और टीम वर्क को कर्तव्य में समाहित करें। मुख्यमंत्री जिला करनाल में मधुबन पुलिस अकादमी में 73वीं अखिल भारतीय पुलिस वालीबॉल समूह 2024-25 के समापन अवसर पर आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। सीएम ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल कौशल का प्रदर्शन है, बल्कि पुलिस बल के अनुशासन, एकता और समर्पण का भी प्रतीक है।

खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क, धैर्य और आत्मबल को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। ये न केवल शारीरिक दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन भावना और मानसिक शक्ति को भी मजबूत करते हैं। साथ ही विपरीत परिस्थितियों में खड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल पुलिस बलों को कर्तव्यों का पालन करने में सहायक होते हैं। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की 35 टीमों के 1088 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें से 791 पुरुष, 297 महिला और 65 तकनीकि अधिकारी भी शामिल हैं।

# हर साल 2 .2 लाख मरीज क्रॉनिक किडनी फेलियर से होते हैं पीड़ित : डॉ . सुनील

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

विश्व किडनी दिवस के अवसर पर, क्रोनिक किडनी रोग और किडनी ट्रांसप्लांट के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पार्क अस्पताल मोहाली के डॉक्टरों की एक टीम ने मंगलवार को मीडिया कर्मियों को संबोधित किया। इस अवसर पर डायरेक्टर रीनल ट्रांसप्लांट सर्जरी डॉ. सुनील कुमार, कंसल्टेंट यूरोलॉजी डॉ. मानव गोयल, कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजी डॉ. मुकेश गोयल आदि मौजूद थे।

इस अवसर पर डॉ. सुनील ने कहा कि हमारे देश में हर साल 2.2 लाख नए मरीज क्रॉनिक किडनी फेलियर से पीड़ित होते हैं और यह मृत्यु का छठा सबसे तेजी से बढ़ने वाला कारण भी है, जो 2040 तक 5वां प्रमुख कारण बन सकता है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह,



ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस, अंट्रीटिड किडनी स्टोन और जन्मजात बीमारियां भारत में किडनी फेलियर के मुख्य कारण हैं।

ग्रुप सीईओ नॉर्थ-पार्क हॉस्पिटल्स आशीष चड्ढा ने कहा कि पार्क हॉस्पिटल्स अब उत्तर भारत का सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी नेटवर्क है। डॉ. सुनील ने बताया कि पार्क अस्पताल में हम सभी प्रकार के लिविंग डोनर ट्रांसप्लांट कर रहे हैं। डॉ. सुनील ने यह भी बताया कि बहुत जल्द पार्क अस्पताल कैडेवरिक किडनी, पैंक्रियाज ट्रांसप्लांट के साथ-साथ रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट भी शुरू करेगा।

# संजय टंडन ने इंट्रा-कॉलेज यूथ 'जनसंदेश' संसद में लिया भाग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित डीएवी कॉलेज के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब द्वारा महात्मा आनंद स्वामी ऑडिटोरियम में आयोजित इंट्रा-कॉलेज यूथ 'जनसंदेश' संसद का आयोजन किया गया जिसमे भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय टंडन ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उनके साथ डीएवी कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. केएस आर्य, प्रधानचार्य डॉ. जे खत्री और नोडल अधिकारी डॉ: कंवलप्रीत कौर भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कॉलेज के मेधावी छात्रों-छात्राओं ने देश की संसद की कार्यवाही और अन्य पहलुओं को दर्शाते हुए मंच पर वर्तमान में ज्वलनशील मुद्दों को लेकर सांसदों के रूप में उन पर संसद कार्यवाही की तरह प्रश्न उत्तर आदि को बखूबी ढंग से दर्शाया जिसको देख कर सभी दर्शकगण मंत्रमुग्ध हुए। कार्यक्रम में संजय टंडन ने कहा कि इस प्रकार के राजनीतिक और वर्तमान के मुद्दों को उठाना और उनका व्याख्यान करना एक प्रेरणा स्त्रोत है।

# फ्लो साइटोमेट्री पर एसडी कॉलेज में ऑन-साइट वर्कशॉप संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में डीबीटी बिल्डर स्कीम के समर्थन से फ्लो साइटोमेट्री सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और ट्रस्ट फॉर एजुकेशन एंड ट्रेनिंग इन साइटोमेट्री इंडिया के सहयोग से फ्लो साइटोमेट्री पर आयोजित तीन दिवसीय ऑन-साइट वर्कशॉप वीरवार को संपन्न हो गई।

यह कार्यक्रम जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ शर्मा की अध्यक्षता में कॉलेज के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की डॉ. आशिमा पाठक और फ्लोसाइटोमेट्री सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के डॉ. हेमंत अग्रवाल के सहयोग से आयोजित किया गया था। कॉलेज में फ्लो साइटोमेट्री की अत्याधुनिक तकनीक पर केंद्रित वर्कशॉप के पहले दिन दिन पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ और बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी, लखनऊ के पूर्व वाइस-चांसलर डॉ. आरसी सोबती सम्मानित अतिथि थे। उन्होंने फ्लो साइटोमेट्री और इसके अनुप्रयोगों के क्षेत्र में विभिन्न तकनीकी प्रगति पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि आईआईएसईआर, मोहाली के बायोलॉजिकल साइंस विभाग की प्रोफेसर डॉ. अरुणिका मुखोपाध्याय थीं।

## देश-विदेश

### उड़द के शुल्क मुक्त आयात को मार्च 2026 तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को एक और साल के लिए 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च के अंत तक था। म्यांमां भारत को उड़द का मुख्य निर्यातक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि उड़द की मुक्त आयात नीति को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया गया है। इस कदम से घरेलू बाजारों में दलहन कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में उड़द का आयात अप्रैल-नवंबर के दौरान 60.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा।

# यूक्रेन का मॉस्को पर सबसे बड़ा ड्रोन अटैक

## रूस का दावा- हवाई रक्षा प्रणाली ने 10 क्षेत्रों में 337 ड्रोन मार गिराए

**एजेंसी, मॉस्को**

**यूक्रेन** ने मंगलवार को रूसी राजधानी पर अपना सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रूस में कुल 337 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए। 91 ड्रोन मॉस्को क्षेत्र में गिराए गए, जबकि और 126 कुर्स्क क्षेत्र में गिराए गए, जहां से यूक्रेनी सेनाएं पीछे हट रही हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रोन अटैक में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई, एयरपोर्ट बंद हो गए और दर्जनों उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। यह बड़ा ड्रोन हमला ऐसे समय में हुआ है, जब यूक्रेनी अधिकारियों का एक दल तीन वर्ष पुराने युद्ध में संभावित शांति वार्ता



के लिए आधार तलाशने के लिए सऊदी अरब में अमेरिकी दल से मिलने की तैयारी कर रहा है।, वहीं रूसी सेना पश्चिमी रूसी क्षेत्र कुर्स्क में हजारों यूक्रेनी सैनिकों को घेरने की कोशिश कर रही है। बता दें पिछले साल अगस्त में हजारों यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र के लगभग 1,300 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। रूस को हाल के दिनों में क्षेत्र में कुछ कामयाबी मिली है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि हवाई सुरक्षा अभी भी शहर पर हमलों को रोक रही है। उन्होंने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि मॉस्को पर दुश्मन के यूएवी के सबसे बड़े हमले को नाकाम कर दिया गया है।

# अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो बोले यूक्रेन को जमीन छोड़नी होगी

**एजेंसी, जेद्दाह**

**अमेरिकी** विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अगर यूक्रेन जंग का समाधान चाहता है, तो उसे अपनी जमीन छोड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। 2014 से रूस के कब्जे वाले इलाके पर यूक्रेन को रियायत यानी छोड़ना होगा।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि दोनों पक्षों को यह समझने की जरूरत है कि इस संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है। रूस पूरे यूक्रेन पर कब्जा नहीं कर सकता है और यूक्रेन के लिए भी यह बेहद कठिन होगा कि वह रूस को 2014 से पहले की स्थिति में वापस धकेल सके। मार्को के मुताबिक, रूस और

**कहा- जंग का समाधान के लिए यह कदम उठाना होगा**

यूक्रेन को कड़े फैसले लेने के लिए तैयार रहना चाहिए। रुबियो सोमवार सऊदी अरब पहुंचे हैं। वे यहां यूक्रेन के सीनियर अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी सऊदी अरब पहुंचे। हालांकि, जेलेंस्की अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो के साथ बैठक में शामिल नहीं होंगे। उनकी टीम इस बैठक में मौजूद रहेगी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इस बैठक का मकसद 27 फरवरी को ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच हुई तीखी बहस की भरपाई करना है।

# देश में सैटेलाइट से इंटरनेट मिलेगा स्पेसएक्स और एयरटेल में करार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**टेलिकॉम** कंपनी भारती एयरटेल ने भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक लाने के लिए इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ एक एग्रीमेंट साइन किया है। एयरटेल ने मंगलवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। समझौते के तहत, स्पेसएक्स और एयरटेल बिजनेसेस, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों और दूरदराज के क्षेत्रों में स्टारलिंक सर्विसेस देने के लिए मिलकर काम करेंगे। एयरटेल के मौजूदा नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर में स्टारलिंक टेक्नोलॉजी इंटीग्रेट करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

### रियासी में सड़क हादसे में 4 की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के माहौर में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सुबह जम्मू से एक टेंपो चसाना की ओर जा रहा था, जो माहौर के गंजोत क्षेत्र में गहरी खाई में गिर गया। हादसे में टेंपो में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अभी हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# उपभोक्ता संगठन के सदस्यों को बिना देरी के वेतन और अन्य सुविधाएं दी जाएं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे राज्य और जिला उपभोक्ता निवारण निकायों के अध्यक्षों और सदस्यों को मौजूदा नियमों के अनुसार, वेतन एवं भत्ते का तुरंत भुगतान करें।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका एवं न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र को उपभोक्ता संरक्षण (राज्य आयोग और जिला आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के वेतन, भत्ते और सेवा की शर्तें) मॉडल नियम, 2020 में संशोधन करने पर विचार करने का भी निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि हम सभी राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देते हैं कि इस मामले में उठाए गए विभिन्न विवादों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना मौजूदा राज्य नियमों के अनुसार वेतन और भत्ते का तुरंत भुगतान अध्यक्षों/सदस्यों को किया जाए। भारत सरकार की ओर से संभावित संशोधन पर कोई निर्णय नहीं लिया जाता है तो वह 'संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने अधिकार का प्रयोग करने पर विचार करेगी।

## वैश्विक प्रदूषण सूची में शीर्ष पर असम का बर्नीहाट शहर

# दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी दिल्ली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**स्विट्जरलैंड** की वायु गुणवत्ता तकनीक कंपनी आईक्यूएयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2024 के अनुसार, दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में हैं।



इस सूची में असम का बर्नीहाट सबसे ऊपर है, जबकि दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बनी हुई है। दिल्ली में पीएम 2.5 का वार्षिक औसत स्तर 91.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जो 2023 के 92.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से एक प्रतिशत से भी कम है। इसके साथ ही दिल्ली लगातार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बनी हुई है। भारत अब दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश बन गया है, जबकि 2023 में यह तीसरे स्थान पर था। 2024 में भारत में पीएम 2.5 का औसत स्तर 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जो 2023 के 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से 7 फीसदी कम है। 35 फीसदी भारतीय शहरों में पीएम 2.5 का स्तर डब्ल्यूएचओ की सीमा से 10 गुना अधिक पाया गया।

### भारत के 13 प्रदूषित शहर

1. बर्नीहाट (असम)
2. दिल्ली
3. मुल्लांपुर (पंजाब)
4. फरीदाबाद (हरियाणा)
5. लोनी (उत्तर प्रदेश)
6. नई दिल्ली
7. गुरुग्राम (हरियाणा)
8. गंगानगर (राजस्थान)
9. ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश)
10. भिवाड़ी (राजस्थान)
11. मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश)
12. हनुमानगढ़ (राजस्थान)
13. नोएडा (उत्तर प्रदेश)

# तेलंगाना टनल हादसा : सर्च ऑपरेशन तेज, अब रोबोट की भी ली मदद



**एजेंसी, तेलंगाना**

**एसएलओसी** टनल के अंदर फंसे सात लोगों का पता लगाने के लिए अभियान मंगलवार को भी जारी रहेगा। इस सर्च ऑपरेशन में रोबोट को भी शामिल किया गया है।

हैदराबाद की एक रोबोटिक्स कंपनी की टीम एक रोबोट और 110 बचावकर्मियों के साथ आज सुबह टनल के अंदर गई। इस अभियान में एनडीआरएफ सरकारी खनन कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज, रैट माइनर्स और अन्य टीमें विशिष्ट स्थानों पर काम कर रही हैं। वहीं, रविवार को बरामद गुरप्रीत सिंह के शव को पंजाब में उनके पैतृक स्थान भेज दिया है। सरकार इस ऑपरेशन के लिए चार करोड़ रुपए खर्च करेगी।

### अमेरिका ने किया पाक के राजदूत को डिपोर्ट

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के राजदूत केके अहसान वगान को अमेरिका ने डिपोर्ट कर दिया है। वे छुट्टियां मनाने के लिए लॉस एंजिल्स पहुंचे थे। अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर ही रोक लिया था। अहसान के पास वीजा और सभी कानूनी दस्तावेज थे, फिर भी उन्हें एंट्री नहीं मिली।

पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार को मामले की जानकारी दी गई है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने लॉस एंजिल्स में अपने वाणिज्य दूतावास से मामले की जांच करने के लिए कहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अहसान को इस्लामाबाद बुलाया जा सकता है। उनसे मामले पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा जाएगा।

# सेंसेक्स 12 अंक गिरा 74,102 के स्तर पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

**अमेरिकी** बाजारों में 4 फीसदी तक की गिरावट का असर आज यानी, मंगलवार को भारतीय बाजारों पर नहीं दिखा। सेंसेक्स 12 अंक की मामूली गिरावट के साथ ये 74,102 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 37 अंकों की तेजी रही। ये 22,497 पर बंद हुआ। सुबह सेंसेक्स करीब 400 अंक गिरकर 73,663 के दिन के निचले स्तर पर आ गया था।

निफ्टी भी 100 अंकों से ज्यादा फिसल गया। निफ्टी ने 22,314 का डे-लो बनाया। सबसे ज्यादा तेजी रियल्टी शेयरों में रही। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 3.63 फीसदी चढ़कर बंद हुआ। ऑयल एंड गैस इंडेक्स में 1.21 फीसदी की तेजी




रही। मेटल इंडेक्स 0.53 फीसदी चढ़कर बंद हुआ। प्राइवेट बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट है। प्राइवेट बैंक इंडेक्स 1.38 फीसदी गिरा है। इंडसइंड बैंक के शेयरों में 27.06 फीसदी की गिरावट रही। ये 243 रुपए गिरकर 656 रुपए पर बंद हुआ। बैंक ने 10 मार्च को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया था कि इंटरनल रिव्यू में डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग डिस्क्रिपेंसी यानी गड़बड़ी का पता चला है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### आईपीएल को ध्यान में रखते हुए न्यूजीलैंड ने नियमित खिलाड़ियों को दिया विश्राम

**एजेंसी, वेलिंगटन।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के करीब होने के कारण न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए इस सबसे छोटे प्रारूप में नियमित रूप से खेलने वाले खिलाड़ियों को विश्राम दिया है। न्यूजीलैंड 16 मार्च से शुरू होने वाली इस सीरीज की मेजबानी करेगा। आईपीएल 22 मार्च से शुरू होगा। चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने माइकल ब्रेसवेल को नियमित कप्तान मिशेल सेंटनर को विश्राम दिए जाने के कारण टीम की कमान सौंपी गई है। ब्रेसवेल के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने वाले छह अन्य खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी गई है। डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र और सीमित ओवरों की टीम के कप्तान सेंटनर आईपीएल में अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।काइल जैमीसन और विल ओरूर्के को केवल सीरीज के पहले तीन मैचों के लिए शामिल किया गया है, क्योंकि चयनकर्ता चैंपियंस ट्रॉफी से लौटने वाले तेज गेंदबाजों के कार्यभार का प्रबंधन करना चाहते हैं। चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ फाइनल में नहीं खेल पाने वाले तेज गेंदबाज मैट हेनरी को चौथे और पांचवें मैच के लिए टीम में चुना गया है, जबकि केन विलियमसन के खुद को अनुपलब्ध बताने के बाद चयन के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया गया।

### दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में पांचवें स्थान पर

**एजेंसी, दुबई।** भारत की दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय की



नवीनतम महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पछाड़कर एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में पहुंच गई। भारत की 27 वर्षीय ऑलराउंडर दीप्ति 344 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर शीर्ष पर काबिज हैं। दीप्ति टी20 ऑलराउंडर की रैंकिंग में तीसरे जबकि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। श्रीलंका की शीर्ष ऑलराउंडर चामरी अटापट्टू न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल में संपन्न सीरीज के बाद दो स्थान के फायदे से ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज 2-0 से जीती थी जिसमें अटापट्टू ने 25 रन बनाने के अलावा तीन विकेट चटकाए थे। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति मंधाना शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। वह दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नैट स्किवर ब्रंट तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने अटापट्टू को पछाड़ा।

# टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर एमसीजी में मैच खेलेंगे ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड

## मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में दोनों टीमों ने खेला था पहला मैच

**एजेंसी, मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ पर 11 से 15 मार्च 2027 तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में दिन रात्रि टेस्ट मैच खेलेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को घोषणा की कि यह ऐतिहासिक मैच एमसीजी में पुरुष टीमों के बीच होने वाला पहला दिन रात्रि मैच होगा।

इस ऐतिहासिक स्टेडियम में ही 1877 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला गया था। इन दोनों टीमों के बीच 1977 में शताब्दी टेस्ट मैच भी एमसीजी पर आयोजित किया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों



मैच में 45 रन के समान अंतर से जीत हासिल की थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, ''एमसीजी में टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक बड़े मैच का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन दूधिया रोशनी में होगा, जो खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास दोनों का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा।''

उन्होंने कहा, ''इससे अधिक से अधिक दर्शकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी और इस मैच का आनंद लेना शानदार अनुभव होगा।'' ऑस्ट्रेलिया नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली 2025-26 एशेज सीरीज की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक 13 दिन-रात्रि टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें से 12 मैच में उसने जीत हासिल की है। इनमें से आठ मैच का आयोजन एडिलेड में किया गया।

## भारतीय क्रिकेटर चुपचाप लौटे स्वदेश आईपीएल से पहले मिलेगा आराम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद बिना किसी शोर शराबे के चुपचाप स्वदेश लौट गई। कप्तान रोहित भारत को नौ महीने में दूसरी आईसीसी ट्रॉफी दिलाने के बाद सोमवार की रात को मुंबई पहुंचे। भारतीय टीम के खिलाड़ियों को 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपनी टीमों से जुड़ने से पहले एक सप्ताह के विश्राम का मौका मिलेगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने पीटीआई से कहा, ''अधिकतर खिलाड़ी और उनके परिवार सोमवार को दुबई से रवाना हो गए थे। कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं जो कुछ दिनों के लिए वहां रुक गए हैं।'' दो महीने तक चलने वाले आईपीएल के कारण खिलाड़ियों ने विश्राम करने को प्राथमिकता दी है। बीसीसीआई की भी किसी तरह का सम्मान समारोह आयोजित करने की योजना नहीं है जैसा कि उसने टी20 विश्व कप जीतने के बाद टीम के स्वदेश लौटने पर किया था।

भारतीय टीम तब वेस्टइंडीज से विशेष विमान से स्वदेश लौटी थी और उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की थी। मुख्य कोच गौतम गंभीर और तेज गेंदबाज हर्षित राणा सोमवार रात दिल्ली पहुंचे। रविवार देर रात टीम के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम से लौटने के ठीक बाद स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ टीम होटल छोड़ दिया था। भारतीय मध्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्रेयस अय्यर आईपीएल में पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगे और 16 मार्च को टीम से जुड़ेंगे।

भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती। आठ टीमों के टूर्नामेंट में भारत एकमात्र ऐसी टीम थी जो अजेय रही। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का मेजबान था, लेकिन भारत ने हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई में खेले।

## हॉकी में अलग पहचान बना रही महिमा पुंडीर

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर के गिरिपार की एक होनहार और बहु प्रतिभाशाली बेटी का जिक्र करना चाहेंगे जो वर्षों से हॉकी के क्षेत्र में कड़ी मेहनत और लगन से अपनी अलग पहचान स्थापित करती जा रही है। गिरिपार के गांव दुगाना की बेटी महिमा पुंडीर जिन्हें हिमाचल की पहली हॉकी खिलाड़ी होने का गौरव भी प्राप्त हुआ हैं। जिनका चयन हॉकी कोचिंग कैंप के लिए हुआ था। हॉकी खिलाड़ी महिमा पुंडीर राष्ट्रीय स्तर पर सीनियर, जूनियर और सब जूनियर प्रतियोगिताएं खेल चुकी हैं। फरवरी 2019 में हिसार में सीनियर नेशनल हॉकी स्पर्धा में बतौर गोलकीपर महिमा का प्रदर्शन शानदार माना जाता है।



महिमा ने कन्या हॉकी छात्रावास माजरा से खेल की बारीकियां सीखीं। माजरा से 12वीं कक्षा के बाद पांवटा कॉलेज से उच्च शिक्षा प्राप्त की। माजरा हॉस्टल के कोच चंद्रशेखर ने महिमा की प्रतिभा को तराशने का प्रयास किया, इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में महिमा का प्रदर्शन बेहतरीन माना जाता है। इसके बाद हिसार में सीनियर नेशनल वुमन प्रतियोगिता से सब जूनियर और जूनियर वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महिमा ने लगातार कड़ी मेहनत और संघर्ष को जारी रखा जिसकी बदौलत हाल ही में संपन्न हुए हॉकी के राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल जितने में कामयाबी हासिल की। प्रदेश सरकार से निवेदन है कि विभिन्न खेलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाए, ताकि भविष्य में प्रदेश के हर प्रतिभाशाली (बेटी या बेटे) को उचित अवसर मिले।

## लोगों का ध्यान आईपीएल में खेलने पर लेकिन देश के लिए खेलना महत्वपूर्ण : पंत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रति आकर्षण स्वाभाविक है, लेकिन युवा क्रिकेटरों को देश का प्रतिनिधित्व करने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि उसके बाद चीजें स्वयं ही अनुकूल होती जाएंगी। पंत चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे हालांकि उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला। उन्होंने 2017 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।



पंत ने कहा, ''बचपन से मेरा एक ही सपना था, भारत की तरफ से खेलना। मैंने कभी आईपीएल में खेलने के बारे में नहीं सोचा। मुझे लगता है कि लोग आज आईपीएल पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। निश्चित तौर पर यह बहुत बड़ा मंच है लेकिन मेरा मानना है कि अगर आपका लक्ष्य देश की तरफ से खेलना है तो चीजें अनुकूल होती जाएंगी और इनमें आईपीएल भी शामिल है।'' इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ''यदि आप इस तरह की बड़ी सोच रखते हैं तो सफलता आपका अनुसरण करेगी। मैं हमेशा सोचता था कि मुझे एक दिन भारत की तरफ से खेलना है और ईश्वर के आशीर्वाद से मुझे 18 साल की उम्र में यह मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं।''

पंत को अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है और उनका ट्रेडमार्क शॉट एक हाथ से छक्का लगाना है। ऐसा करने में अक्सर बल्ला उनके हाथ से छूट जाता है।

## डॉ. राजीव निरयाल बने मर्दानी स्पोर्ट्स फेडरेशन के महासचिव

**अनंत ज्ञान, शिमला**



'मर्दानी स्पोर्ट्स फेडरेशन इंडिया' जो कि 'एशियाई मर्दानी स्पोर्ट्स फेडरेशन' एवं वर्ल्ड मर्दानी स्पोर्ट्स फेडरेशन से मान्यता प्राप्त है। मर्दानी स्पोर्ट्स फेडरेशन इंडिया की ओर से सुभाष चंद ने मर्दानी स्पोर्ट्स फेडरेशन मान्यता प्राप्त पत्र डॉ. राजीव सिंह निरयाल को प्रदान किया और साथ ही उन्हें शुभकामनाएं दीं।

मर्दानी स्पोर्ट्स फेडरेशन इंडिया के अध्यक्ष दिलीप सिंह तथा संतोष खंडारे जो की इंडिया के महासचिव हैं, की अध्यक्षता में हिमाचल प्रदेश मर्दानी स्पोर्ट्स एसोसिएशन का गठन किया गया, जिसमें घनश्याम शर्मा को अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह निरयाल को महासचिव तथा सुनीता देवी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह खेल भारत के दूसरे राज्य में तो खेला जाता है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में पहली बार इसका आगाज किया।

इस खेल को शीघ्र ही 'खेलो इंडिया' गेम्स में शामिल करने के प्रयास किया जा रहा है। इस खेल को हिमाचल में बढ़ावा देने के लिए इसका गठन किया गया। स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ज्वाली के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल ने बताया कि स्कूल में इस मार्शल आर्ट का कैंप आयोजित किया जा रहा है तथा प्रसिद्ध कोचों के द्वारा खिलाड़ियों को स्पेशल ट्रेनिंग दी जाएगी तथा जो बच्चे इस स्टेट इंडिया कैंप में चयनित होंगे वह बच्चे ट्रायल के लिए इंडिया कैंप में भाग लेंगे तथा उसके बाद साउथ एशियन खेल प्रतियोगिता भूटान में अपनी प्रतियोगिता दिखाएंगे।







